सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.5 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,592 |
| निफ्टी | 25,144 |
| सोना | 1,35,884 |
| चांदी | 1,77,200 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 15 नवंबर 2026 | 30 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 318, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### डोडा में चार घंटे में तीन बार हिली धरती



**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को चार घंटे के भीतर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। तीनों भूकंपों के केंद्र लगभग पूर्व-पश्चिम दिशा में एक सीधी रेखा में रहे हैं। इनके बीच का कुल क्षेत्र करीब 11.5 किलोमीटर तक फैला है। तीनों भूकंप महज चार घंटे 38 मिनट के भीतर दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर क्रमशः 2.7, 3.8 और 2.9 रही। भूकंप के केंद्र जमीन से पांच से दस किलोमीटर की गहराई में दर्ज किए गए हैं। इनमें सबसे तेज 3.8 तीव्रता का भूकंप महज पांच किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के केंद्रों का सीमित भौगोलिक दायरे में लगभग एक सीध में होना खास बनाता है। डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र पहले से ही भूगर्भीय दृष्टि से संवेदनशील और जटिल संरचना वाला इलाका माना जाता है।

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के युवक को 30 साल की जेल



**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के 27 साल के बिलाल काजी को 70 नाबालिग लड़कियों को ऑनलाइन फंसाने और ब्लैकमेल करने के मामले में 30 साल की जेल हुई है। वह सोशल मीडिया पर खुद को 14 साल का लड़का बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था। फिर उनसे अश्लील फोटो और वीडियो मांगता था। बाद में इन्हें वायरल करने की धमकी देकर लड़कियों को अपनी बात मानने के लिए मजबूर करता था। बिलाल चेस्टर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को अदालत ने उसे 37 मामलों में दोषी मानते हुए सजा सुनाई। इनमें बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने, ब्लैकमेल करने और नाबालिग लड़कियों को गलत कामों के लिए उकसाने के मामले शामिल हैं।

### अमेरिका में 9/11 हमले के बाद दूसरी बार एयर इमरजेंसी

**एजेंसी, न्यू जर्सी।** अमेरिका में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में खराबी के कारण शुक्रवार को 4 घंटे से ज्यादा समय तक विमानों की उड़ानें रोकनी पड़ीं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन, यानी एफएए ने सुरक्षा कारणों से देशभर के एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स रोकने का आदेश दिया था। इस दौरान 8,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और करीब 15 लाख यात्री प्रभावित हुए। शुक्रवार रात उड़ानों पर लगी रोक हटा दी गई, लेकिन शनिवार को भी बड़ी संख्या में फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ीं। 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमले (9/11) के बाद यह दूसरी बार है, जब अमेरिका में सभी उड़ानें रोकी गईं। इससे पहले जनवरी 2023 में एफएए के मुख्य कंप्यूटर सिस्टम में खराबी के कारण ऐसा हुआ था।

# हिमाचल में खेलों के मैदान से 'चिट्टे' पर चोट करेगी सुक्खू सरकार

## पूरे राज्य में शुरू होगा विशेष अभियान, सभी 12 जिलों और 83 उपमंडलों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं


अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते खतरे के खिलाफ अब सरकार खेलों को सबसे मजबूत हथियार बनाने की तैयारी में है। युवाओं की ऊर्जा को नशे से दूर रचनात्मक गतिविधियों की ओर मोड़ने और खेल प्रतिभाओं को नया मंच देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान, 2026' को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत प्रदेशभर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ सामाजिक मुहिम से भी जोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार यह अभियान प्रदेश के सभी 12 जिलों और 83 उपमंडलों में लागू होगा। इसके तहत 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हॉकी, कुश्ती और रस्साकशी सहित आठ खेलों में प्रतियोगिताएं होंगी। इनका आयोजन पहले उपमंडल, फिर जिला और अंत में राज्य स्तर पर किया जाएगा। इससे ग्रामीण, दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित कर समान भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार का उद्देश्य एक स्वस्थ व अनुशासित युवा पीढ़ी तैयार करना भी है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रतिभा आकलन, विशेष प्रशिक्षण, प्रशिक्षण शिविरों और खेल विज्ञान संबंधी सुविधाओं से जोड़ने पर विचार किया जाएगा। वहीं प्रतियोगिताओं के दौरान चिट्टा मुक्त हिमाचल का संदेश, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और युवा एंबेसडर पहल भी शामिल होगी। नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के लिए परामर्श एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### प्रभावी संचालन के लिए सीएम की अध्यक्षता में बनेगी शीर्ष समिति

**योजना** के प्रभावी संचालन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शीर्ष समिति गठित होगी। राज्य, जिला और उपमंडल स्तर पर भी समितियां बनाई जाएंगी, जबकि खेलों के तकनीकी संचालन और नियमों के पालन के लिए अलग समिति काम करेगी। प्रतियोगिताओं में चिकित्सा सहायता, प्राथमिक उपचार, नाबालिग खिलाड़ियों की सुरक्षा, शिकायत निवारण और डोपिंग विरोधी जागरूकता जैसे प्रावधान भी रखे गए हैं। अभियान का क्रियान्वयन मौजूदा प्रशासनिक तंत्र, जिला प्रशासन और मान्यता प्राप्त खेल संघों के सहयोग से किया जाएगा।



### नशे के खिलाफ पूरे समाज की भागीदारी जरूरी : सीएम सुक्खू

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानूनी कार्रवाई से नहीं जीती जा सकती, इसके लिए परिवारों, शिक्षण संस्थानों, खेल संगठनों और समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और सामुदायिक संगठनों से अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। यह योजना दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक लागू रहेगी।

# वायु प्रदूषण को रोकने के लिए 191 उद्योग होंगे सील : यादव

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी किए कड़े निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए 191 प्रदूषणकारी उद्योगों को तत्काल सील करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि 30 नवंबर तक एएनपीआर कैमरे नहीं लगाने पर संबंधित परिवहन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा की गई। इस दौरान यादव ने राज्यों को योजनाओं से आगे बढ़कर समयबद्ध और समन्वित तरीके से जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में हरियाणा के सात, उत्तर प्रदेश के चार और राजस्थान के चार शहरों के लिए सचिव स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने को कहा गया। ये अधिकारी मैदानी निरीक्षण कर हर सप्ताह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को रिपोर्ट देंगे। आयोग से काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने को कहा गया है।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उन 191 उद्योगों को तत्काल सील करने का निर्देश दिया, जिन्होंने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने के लिए अब तक आदेश तक नहीं दिए हैं। उन्होंने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान और शीतकालीन कार्ययोजनाओं को सख्ती से लागू करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि सड़क धूल नियंत्रण के तहत 5,480 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 3,221 किलोमीटर का काम पूरा हुआ है। उन्होंने सड़क सफाई मशीनों को दो पालियों में चलाने, एनसीआर के 233 जाम वाले स्थानों पर सुधारात्मक कदम उठाने और दिल्ली की सीमा पर 154 प्रवेश बिंदुओं पर 31 दिसंबर तक मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लगाने के निर्देश दिए।

### 2028 तक पुराने ट्रक बसें बदलने की तैयारी

**वाहन** प्रदूषण रोकने के लिए 2028 तक पुराने ट्रकों और बसों को बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की परिवर्तन योजना में तेजी लाने को कहा गया। औद्योगिक प्रदूषण के संबंध में बताया गया कि लक्षित 2,345 उद्योगों में से 2,298 को ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली से जोड़ा जा चुका है। शेष 47 इकाइयां बंद या सील कर दी गई हैं। उन्होंने नगर निकायों को ठोस कचरा प्रसंस्करण क्षमता में प्रतिदिन 6,747 टन की कमी दूर करने, खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने और ओखला, गाजीपुर, भलस्वा तथा बंधवारी में पुराने कचरे के निस्तारण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने प्रमुख शहरों में प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान कर उनके लिए अलग कार्ययोजना बनाने और निगरानी के लिए तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने के निर्देश भी दिए।


# अगले 3 साल में इंसान का वजूद मिटा सकता है एआई : जेफ्री हिंटन

## हम कंट्रोल नहीं कर पाएंगे, दुनिया पर कर सकता है कब्जा

**एजेंसी, डबलिन**

एआई के 'गॉडफादर' कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने एआई को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगले 3 साल में एआई इंसानों को खत्म कर सकता है और दुनिया पर कब्जा कर सकता है। उन्होंने कहा, ' मैं पहले कहता था कि एआई 10 साल में हमसे ज्यादा स्मार्ट हो जाएगा, लेकिन अब यह 18 महीने में हो सकता है। यह डराने वाली बात है।

ओपन एआई के मुताबिक, जुलाई 2026 में टेस्ट के दौरान उसके दो एआई मॉडल जानबूझकर टेस्टिंग से निकल भागे और चोरी की लॉगिन डिटेल्स का इस्तेमाल कर एक एआई कंपनी के सर्वर तक पहुंच गए और वो भी बिना किसी इंसानी दखल के। एंथ्रोपिक के टेस्ट में मॉडल क्लॉड ओपस 4 ने खुद को बंद होने से बचाने के लिए एक अधिकारी के निजी अफेयर की जानकारी लीक करने की धमकी दी।



### खुद बना सकता है हथियार और ड्रोन

**उनको** डर है कि एआई भविष्य में खुद नए हथियार बना सकता है। वह ड्रोन और रोबोट की मदद से जरूरी ठिकानों पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है। एआई का इस्तेमाल खतरनाक जैविक हथियार बनाने में भी हो सकता है। क्रिस्टियानो के मुताबिक, अगर ढ्ढ अपने फैसले खुद लेने लगा और इंसानों को अपने काम में रुकावट समझने लगा, तो उसे रोकना मुश्किल हो जाएगा।

### इंसानों की जगह खुद फैसले लेने लगेगा एआई



**सुरक्षा** विशेषज्ञ और एलाइनमेंट रिसर्च सेंटर के संस्थापक पॉल क्रिस्टियानो ने कहा कि अगले 6 से 12 महीने में ही एआई से ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें इंसानों का उस पर कंट्रोल खत्म हो जाए। क्रिस्टियानो के मुताबिक, अगले एक साल में एआई पर से इंसानों का हमेशा के लिए कंट्रोल खत्म होने की आशंका 4% है। वहीं, अगले 3 साल में यह खतरा बढ़कर 15% हो सकता है। उनका कहना है कि एआई का टेकओवर फिल्मों की तरह रोबोटों का हमला करना नहीं, बल्कि खुद फैसले लेकर इंसानों को अपने रास्ते की रुकावट समझना और सरकारों, कंपनियों व जरूरी सिस्टम पर कंट्रोल करना है। ऐसी स्थिति में इंसानों की आजादी और खुद फैसले लेने का अधिकार भी खत्म हो सकता है।

# पंजाब में आपस में टकराईं तीर्थ यात्रा स्कीम की 2 बसें

## दो महिलाओं समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी, तरनतारन**

पंजाब के तरनतारन में शनिवार को नेशनल हाईवे-54 पर तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दोनों बसें तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत यात्रियों को लेकर जा रही थीं। इनमें करीब 80 लोग सवार थे। एक बस के श्रद्धालु अमृतसर के गोल्डन टेंपल में माथा टेककर लौट रहे थे। जबकी दूसरी बस हरिके से अमृतसर जा रही थी। इसी दौरान



नौशहरा पन्नूआं के पास मोटरसाइकिल सवारों को बचाने की कोशिश में एक बस का संतुलन बिगड़ गया। बस डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### सांसद कंगना के खिलाफ एफआईआर पर सरकार ने स्पष्ट किया रुख

# कानून के मुताबिक होगी जांच : नेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद एवं मंडी से लोकसभा सदस्य कंगना रनौत के खिलाफ गांधी परिवार को लेकर सोशल मीडिया पर की गई कथित टिप्पणियों के मामले में हिमाचल प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस जांच करेगी और उसमें सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी। शनिवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान नेगी ने कंगना की टिप्पणियों की भाषा और उनकी प्रकृति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी भी



सभ्य समाज में इस तरह की भाषा और आरोपों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मंत्री ने इस प्रकरण को सोनिया गांधी की पुस्तक से जोड़ते हुए भाजपा पर भी निशाना साधा। उनका आरोप था कि पुस्तक में उठाए गए सवालों का तार्किक जवाब देने के बजाय भाजपा विवादित बयानों के माध्यम से मूल मुद्दों से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है। इस मामले की पृष्ठभूमि में शिमला निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन अतुल शर्मा की शिकायत है। उन्होंने 12 नवंबर को हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजकर कंगना रनौत के 10 नवंबर को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए पोस्ट की जांच और साइबर फॉरेंसिक परीक्षण करवाने की मांग की थी। शिकायत में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी को लेकर की गई कथित टिप्पणियों पर आपत्ति जताई गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 353 और 356 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# भारत ने शेख हसीना की वापसी के लिए रखीं 2 शर्तें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी को लेकर भारत ने दो शर्तें रखी हैं। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि बांग्लादेश की सेना खुद भारत आए और हसीना को अपने साथ वापस ले जाए। भारत की दूसरी शर्त है कि फांसी की सजा के खिलाफ बांग्लादेश सरकार उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का भरोसा दे। यानी बांग्लादेश लौटने पर उन्हें अदालत में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिले। हालांकि, भारत सरकार ने इन दोनों शर्तों पर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हसीना ने दिसंबर में बांग्लादेश लौटने की इच्छा जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत पिछले कुछ महीनों से उनकी वापसी को लेकर बांग्लादेश सरकार से बातचीत कर रहा है। शेख हसीना 5 अगस्त 2024 को सैन्य विमान से भारत पहुंची थीं। भारतीय अधिकारी के मुताबिक अगर उन्हें वापस ले जाना है, तो बांग्लादेशी सेना को ही ऐसा करना होगा। इसके लिए बांग्लादेश सैन्य विमान दिल्ली भेज सकता है या अपनी सेना के जरिए उन्हें सीमा तक ला सकता है। भारत इस पूरी प्रक्रिया में जरूरी इंतजाम करने को तैयार है।



# डोनाल्ड ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग पहली बार करेंगे एकसाथ मीटिंग

## 3 सुपर पावर्स की बैठक में ईरान जंग पर फैसला संभव

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक ही बैठक में शामिल होंगे। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह बैठक चीन के शेनझेन में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। इस बैठक में सबसे अहम मुद्दा परमाणु हथियारों की संख्या कम करना होगा। इसके अलावा ईरान पर भी चर्चा होगी। बीते 80 साल में यह पहली बार होगा जब टॉप-3 देशों नेता एक साथ त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। इससे पहले फरवरी 1945 में अमेरिका, सोवियत संघ (रूस) और ब्रिटेन के नेता क्रीमिया के याल्टा में मिले थे। इन नेताओं ने बैठक में तय किया कि युद्ध खत्म होने के बाद यूरोप के देशों का बंटवारा और शासन कैसे होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट, सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल बैठक में शामिल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट, सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल बैठक में शामिल हुए थे।

### परमाणु हथियार कम करने पर होगी बात

**व्हाइट** हाउस के मुताबिक, ट्रंप इस बैठक में दुनिया में परमाणु हथियारों की संख्या कम करने का मुद्दा उठाएंगे। अमेरिका चाहता है कि चीन भी इस बातचीत में शामिल हो, ताकि परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए तीनों देशों के बीच कोई नया समझौता हो सके। दरअसल, अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली आखिरी संधि इस साल फरवरी में खत्म हो गई थी। वहीं, चीन लगातार अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है। ऐसे में अमेरिका चाहता है कि परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए अब सिर्फ रूस ही नहीं, बल्कि चीन को भी बातचीत में शामिल किया जाए।

**दावा** सीबीआई के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर किया दावा

# दुर्घटना नहीं, साजिश थी गोधरा कांड : राकेश अस्थाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीबीआई के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर दावा किया कि साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश थी। अस्थाना ने कहा- सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी और नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी आग को जानबूझकर लगाना बताया था। साथ ही गुजरात पुलिस की जांच को सही पाया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें इस केस में फंसाना चाहते थे। 27 फरवरी 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई थी। इनमें अयोध्या से लौट रहे कारसेवक भी शामिल थे। इसके बाद गुजरात में हिंसा हो गई थी। गुजरात पुलिस ने गोधरा कांड की जांच के लिए राकेश अस्थाना की अगुआई में एसआईटी गठित की थी।



### नानावती आयोग ने भी आग को साजिश बताया था

**गुजरात** पुलिस और एसआईटी की जांच के बाद 2008 में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सीबीआई डायरेक्टर आरके राघवन के नेतृत्व में एक नई एसआईटी बनाई। इस टीम ने पुलिस की जांच, घटनास्थल और जांच अधिकारियों के कामकाज की दोबारा पड़ताल की। राकेश अस्थाना के मुताबिक, एसआईटी को पुलिस की जांच में कोई खामी नहीं मिली और सुप्रीम कोर्ट ने उसकी रिपोर्ट मानी। इस मामले में 2011 में आरोपियों को सजा सुनाई गई थी।

### कहा-मुझे फंसाना चाहते थे लालू प्रसाद यादव

**2004** में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने जस्टिस यूसी बनर्जी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में गोधरा अग्निकांड को हादसा बताया था। रिपोर्ट के मुताबिक, कोच में रखे स्टोव के कारण आग लगी थी। अस्थाना के मुताबिक, बनर्जी कमेटी की रिपोर्ट को गुजरात हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने कमेटी बनाने को गैरकानूनी बताते हुए उसकी रिपोर्ट रद्द कर दी थी। कोर्ट का कहना था कि जब मामले की जांच के लिए पहले से आयोग बना हुआ था, तो रेल मंत्रालय अलग से कमेटी नहीं बना सकता था। अस्थाना ने आरोप लगाया कि लालू प्रसाद यादव बनर्जी कमेटी के जरिए उन्हें गोधरा मामले में फंसाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उस समय दिल्ली के मीडिया में वरिष्ठ पद पर काम कर रहे उनके एक पुराने साथी ने फोन कर उन्हें सावधान किया था।

### सोनिया की किताब में भी गोधरा कांड का जिक्र

**सोनिया** गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' में पेज 401 से 403 के बीच गोधरा कांड और दंगों के बारे में लिखा है। उन्होंने लिखा- दो तब भड़के, जब साबरमती एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लगा दी गई। इसके चलते 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। ट्रेन अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें कारसेवक बैठे थे। आग लगने का कारण अभी भी विवादित विषय है। इसके चलते राज्य के हिस्सों में उथल-पुथल मच गई।

# प्राकृतिक अदरक किसानों को देगा ज्यादा मुनाफा

## सरकार ने 10 रुपए बढ़ाए दाम, तीन लाख से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान


**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्राकृतिक खेती की राह पर चल रहे हिमाचल के किसानों के लिए प्रदेश सरकार ने आर्थिक संबल का एक और दरवाजा खोल दिया है। अदरक की खेती करने वाले किसानों को अब उनकी मेहनत का पहले से बेहतर मूल्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक रूप से उत्पादित अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया है। समर्थन मूल्य में 10 रुपए की यह बढ़ोतरी न केवल किसानों की आमदनी को संबल देगी, बल्कि रसायनमुक्त खेती के प्रति उनके भरोसे को भी नई मजबूती प्रदान करेगी।



जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और किसानों की खुशहाली का आधार बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना कार्यान्वित की जा रही है। योजना के तहत प्रदेश में तीन लाख से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। किसानों को रासायनिक खादों और कीटनाशकों का इस्तेमाल घटाकर गोबर, गोमूत्र, जैव उर्वरकों और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके, इसके लिए सरकार पंजीकृत किसानों से प्राकृतिक रूप से उत्पादित कृषि उपज की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है। इससे किसानों को बाजार की अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। अदरक के समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी इसी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की पहल है। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक किसान रसायनमुक्त खेती अपनाएं और कृषि को पर्यावरण संरक्षण के साथ आमदनी का भरोसेमंद जरिया बनाएं।

### प्राकृतिक खेती से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : मुख्यमंत्री सुक्खू



**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को प्राकृतिक एवं सतत कृषि के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रदेश की आय का अधिकाधिक हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाना सरकार की प्राथमिकता है।

प्राकृतिक खेती केवल कृषि की एक पद्धति नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने का दूरदर्शी माध्यम है। ऐसे में सरकार प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को नीतिगत सहयोग और वित्तीय प्रोत्साहन जारी रखेगी, ताकि हिमाचल प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने के साथ किसानों की समृद्धि का नया अध्याय लिख सके।

# शिमला की 42 एमएलडी पेयजल योजना को मिला राष्ट्रीय अवॉर्ड

## कोविड लॉकडाउन और दुर्गम पहाड़ी परिस्थितियों में सफल क्रियान्वयन बना उपलब्धि का आधार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी की पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने वाली 42 एमएलडी क्षमता की बल्क वाटर सप्लाई योजना को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। परियोजना के उत्कृष्ट निर्माण एवं क्रियान्वयन के लिए एलसीसी-एसएआई-केएसआईपीएल संयुक्त उपक्रम को आईसीआई-अल्ट्राटेक स्ट्रक्चर अवॉर्ड्स-2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ अवसंरचना परियोजना श्रेणी में प्रदान किया गया।

भारतीय कंक्रीट संस्थान के शिमला सेंटर की ओर से आयोजित समारोह में पूर्व मुख्य सचिव एवं एचपीएसईबीएल अध्यक्ष डॉ. प्रबोध सक्सेना मुख्यातिथि रहे। विश्व बैंक के सहयोग से 371.56 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस परियोजना की क्षमता 42 एमएलडी है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 67.63 एमएलडी किया जा सकता है। इसका उद्देश्य वर्ष 2035 और 2050 तक शिमला की पेयजल जरूरतों को पूरा करना और 24 घंटे जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाना है।



शिमला जलापूर्ति परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करते अधिकारी।

परियोजना के तहत सतलुज नदी से पानी उठाकर शिकरोड़ी जल शोधन संयंत्र पहुंचाया जाता है। इसके बाद करीब 24 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और तीन चरणों की पंपिंग प्रणाली से पानी शिमला पहुंचता है। इस दौरान 1,717 मीटर की ऊंचाई का अंतर पार करना इंजीनियरिंग की बड़ी चुनौती रहा।

हिमालयी क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, कोविड लॉकडाउन और भूमि संबंधी बाधाओं के बावजूद परियोजना का सफल निर्माण किया गया। यह सम्मान प्रदेश में आधुनिक पेयजल सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में परीक्षाएं 9 दिसंबर से

## समग्र शिक्षा ने जारी की डेटशीट, कक्षा छठी से आठवीं तक 9 से 19 दिसंबर तक होगा योगात्मक मूल्यांकन-दो

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की योगात्मक मूल्यांकन-दो परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। समग्र शिक्षा परियोजना कार्यालय ने पहली से आठवीं कक्षा तक की परीक्षाओं की डेटशीट घोषित कर दी है। इसके तहत छठी से आठवीं कक्षा तक की परीक्षाएं 9 दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेंगी, जबकि पहली से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम जारी होने के साथ ही स्कूलों में तैयारियां शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

समग्र शिक्षा की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार छठी से आठवीं कक्षा तक गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और ऐच्छिक विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर होंगी। वहीं पहली से पांचवीं कक्षा के लिए गणित, अंग्रेजी, हिंदी और पर्यावरण अध्ययन सहित विभिन्न विषयों का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रश्नपत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध करवाए जाएंगे। विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार किसी भी भाषा में प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे। प्रश्नपत्र संबंधित स्कूल अपने स्तर पर तैयार करेंगे।

- **पहली से पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक होंगी आयोजित**
- **हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होंगे प्रश्नपत्र**

### परीक्षा संचालन में पारदर्शिता व गोपनीयता पर विशेष तैयारी पुरी

**समग्र** शिक्षा ने परीक्षा संचालन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग, संबंधित अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षाओं का समय हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की बोर्ड कक्षाओं के निर्धारित समय के अनुरूप रखा जाएगा। भारी बारिश, बर्फबारी, प्राकृतिक आपदा, सड़कें बंद होने या अन्य अपरिहार्य स्थानीय परिस्थितियों में निर्धारित तिथि पर परीक्षा करवाना संभव नहीं होने की स्थिति में संबंधित स्कूल अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित कर सकेंगे। हालांकि, इसके लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय और समग्र शिक्षा को पहले सूचित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रश्नपत्रों के वितरण, गोपनीयता और निष्पक्ष संचालन के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ज्वालामुखी में 1 किलो 890 ग्राम चरस सहित दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी शहर के वार्ड नंबर-4 में पुलिस और एसडीटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक किलो 890 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में कर्ण और राहुल नामक दो स्थानीय युवकों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले के मुख्य सप्लायर और नेटवर्क की जांच कर रही है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी शहर में नशे के खिलाफ पुलिस और एसडीटी टीम ने एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने शहर के बीचों-बीच स्थित वार्ड नंबर 4 में स्थित एक घर से 1 किलो 890 ग्राम चरस की खेप बरामद की है। इस संबंध में पुलिस ने कर्ण और राहुल नाम के दो युवकों को मौके पर पकड़ा है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। बरामद चरस को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तीन लोग घायल

अनंत ज्ञान

**बद्दी।** मानपुरा थाना क्षेत्र के बनवीरपुर गांव में जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मामले में कुल्हाड़ी से हमला कर तीन लोगों को घायल करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने शिकायत और घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में हाकम पुत्र मानसू राम निवासी बनवीरपुर ने बताया कि 13 नवंबर को गांव का ही जोगिंद्र अपने पिता पोलू के साथ उसकी दुकान के पास जमीन पर लकड़ी की बलियां गाड़कर बाड़ लगा रहा था। इसी दौरान घर से निकलने वाले पानी के पाइप को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में तब्दील हो गया।

- **कुल्हाड़ी से हमले का लगाया आरोप, बनवीरपुर गांव में पानी के पाइप को लेकर शुरू हुआ विवाद**



शिकायतकर्ता का आरोप है कि जोगिंद्र ने अपने बेटे और पिता के साथ मिलकर उस पर, उसके बेटे भाग सिंह और बहू सुषमा देवी पर कुल्हाड़ी से हमला कर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद मामले की शिकायत पुलिस थाना मानपुरा में दर्ज करवाई गई।

एसएसपी बद्दी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत और तीनों घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 115(2) और 3(5) के तहत अभियोग दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुड़े सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर आगामी कार्रवाई अमल में ला रही है।

# चार साल तक गारंटियां भूली सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

## अब चुनावी साल में फिर छलावा, 18 लाख परिवारों में से चुनिंदा को ही क्यों मिलेगा सुखी परिवार योजना का लाभ?

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर चुनावी गारंटियां पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार चार साल तक अपने वादों को भुलाए बैठी रही और अब चुनावी वर्ष में नई घोषणाओं के सहारे जनता को फिर गुमराह करने का प्रयास कर रही है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने घर-घर जाकर बड़ी-बड़ी गारंटियां दी थीं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा नहीं किया। उन्होंने सुखी परिवार योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में 18 लाख से अधिक परिवार हैं तो चुनिंदा परिवारों को ही इसका लाभ क्यों दिया जा रहा है?



जयराम ठाकुर शिमला में प्रेस वार्ता करते हुए।

- **300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी अधूरी, 125 यूनिट की राहत भी छीनी**
- **28 लाख महिलाओं से किया था 1500 रुपए देने का वादा**

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की सभी महिलाओं को पहली कैबिनेट में 1500 रुपए प्रतिमाह देने की गारंटी दी थी। प्रदेश में इस आयु वर्ग की करीब 28 लाख महिलाएं हैं, लेकिन अब सरकार केवल 3.50 लाख महिलाओं को लाभ देने की बात कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि बाकी 24.50 लाख महिलाओं का क्या कसूर है? उन्होंने कहा कि 3.50 लाख महिलाओं को भी प्रतिमाह सहायता देने के लिए सालाना करीब 630 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। सरकार स्पष्ट करे कि इसके लिए बजट में क्या प्रावधान किया गया है। उन्होंने सामाजिक कल्याण के बजट में 62 प्रतिशत कमी किए जाने का आरोप भी लगाया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सभी परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन चार साल में इसे पूरा नहीं किया गया। उलटे पूर्व भाजपा सरकार की ओर से शुरू की गई 125 यूनिट मुफ्त बिजली की राहत में भी पात्रता संबंधी बदलाव कर दिए गए। उन्होंने पांच लाख रोजगार, पहले वर्ष में एक लाख नौकरियां, दूध खरीद और गोबर खरीद की गारंटियों पर भी सरकार को घेरा। आरोप लगाया कि दूध उत्पादकों को चार से छह महीने तक भुगतान नहीं हो रहा है और सप्ताह में पांच दिन दूध खरीदने के निर्देशों से पशुपालक परेशान हैं। कई किसानों को दूध के 49 रुपए प्रति लीटर से अधिक दाम भी नहीं मिल रहे हैं।

### शीतकालीन सत्र में भाजपा उठाएगी जनहित से जुड़े मुद्दे

**जयराम** ठाकुर ने कांग्रेस के भीतर असंतोष का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों से किए वादों को लेकर भी सवालों के घेरे में हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में भाजपा भ्रष्टाचार, सरकारी संपत्तियों के निजी संचालन, बढ़ते नशे, कानून व्यवस्था और बदहाल सड़कों के मुद्दे उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दौरे कर रहे हैं, जबकि प्रदेश की अनेक सड़कों की हालत खराब है और जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि चार साल तक गारंटियां अधूरी रखने वाली सरकार अब चुनावी वर्ष में नई घोषणाओं के सहारे जनता का विश्वास जीतना चाहती है, लेकिन हिमाचल की जनता वादों और धरातल की हकीकत का अंतर समझ चुकी है।

# कांग्रेस सरकार के खिलाफ परागपुर में भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** भाजपा ने शनिवार को अप्पर परागपुर से परागपुर बाजार होते हुए नक्की खड्ड तक युवा आक्रोश रैली निकाली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने रैली का नेतृत्व किया। इसमें स्थानीय विधायक बिक्रम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

रैली के समापन पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने आयोजित जनसभा में अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन और चुनावी गारंटियां पूरी नहीं करने के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल पर कर्ज का बोझ बढ़कर 1.12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले जनता से कई वादे किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया।

अनुराग ठाकुर ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, दो रुपए किलो गोबर खरीद और 100 रुपए प्रति लीटर दूध खरीदने की गारंटियों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और किसान सम्मान निधि का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र ने किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई है।

विद्युत परियोजनाओं की रॉयल्टी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हिमाचल के अधिकारों की लड़ाई भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी। उन्होंने जसवां-परागपुर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का श्रेय विधायक बिक्रम ठाकुर को दिया। विधायक बिक्रम ठाकुर ने भी प्रदेश सरकार पर युवाओं को रोजगार देने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा सरकार से जवाब मांग रहे हैं और चुनाव से पहले किए गए रोजगार के वादे पूरे नहीं हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी संजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, महासचिव सुदेश कुमारी, उपेंद्र धीमान, हंसराज धीमान, सत्या सूद, बलबीर धीमान, रमन शर्मा, विनोद कुमार और स्नेह परमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **अनुराग ठाकुर बोले-चुनावी गारंटियां पूरी करने में विफल रही सरकार**



परागपुर में युवा आक्रोश रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

# 1500 रुपए देने में चार साल की देरी क्यों?: राजीव भारद्वाज

## सांसद ने धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी समारोह में की शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने धर्मशाला राजकीय महाविद्यालय के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कॉलेज से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में उन्होंने अपने जीवन के लड़कपन के दिन बिताए और यहीं से शिक्षा ग्रहण की। आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसमें इस महाविद्यालय की धरती का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अपने ही महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचना उनके लिए बेहद खुशी और गर्व का विषय है। यह दिन उनके जीवन में हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।



प्रदेश सरकार की ओर से पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने के कैबिनेट फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कांग्रेस के चुनावी वादों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग की 25 लाख महिलाओं को जनवरी 2023 से 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था। उन्होंने अलका लांबा, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, सुंदर सिंह ठाकुर और प्रियंका गांधी के चुनावी बयानों का हवाला देते हुए कहा कि अब करीब चार साल बाद कैबिनेट में इस संबंध में फैसला लिया जा रहा है और उसमें भी केवल साढ़े तीन लाख महिलाओं को लाभ देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अब इस योजना को लागू कर रही है तो महिलाओं को जनवरी 2023 से अब तक का पूरा बकाया भी दिया जाना चाहिए।

वहीं, धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत करीब 27 करोड़ रुपए की लागत से बने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने के मामले में सांसद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, क्योंकि विकास कार्यों में खर्च होने वाला पैसा आम जनता के टैक्स से आता है। यदि निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही हुई है तो इसकी संबंधित अथॉरिटी से जांच करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी इसके लिए दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सांसद ने स्पष्ट किया कि वह इस मामले की जांच की मांग करते हैं।

### भटाकुफर में ट्रक की चपेट में आई महिला, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के भटाकुफर मोड़ के समीप शनिवार को हुए सड़क हादसे में 71 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क पार करते समय महिला तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उपचार के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिमला पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतका की पहचान भटाकुफर निवासी विद्या देवी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार वह भटाकुफर मोड़ के पास सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्रक चालक ने स्वयं पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**विधेयक** सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब देने को सरकार पूरी तरह से तैयार

# शीतकालीन सत्र में 12 विधेयक होंगे पेश: नेगी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का आगामी शीतकालीन सत्र प्रदेश की राजनीति और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहने वाला है। सत्र के दौरान सरकार करीब 12 विधेयक सदन में पेश करने की तैयारी में है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को शिमला में यह जानकारी देते हुए कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा देने और जनहित से जुड़े विषयों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रस्तावित विधेयक भविष्य में हिमाचल प्रदेश के लिए लाभदायक साबित होंगे। हालांकि, उन्होंने विधेयकों के नाम और उनके प्रावधानों का विस्तृत ब्योरा साझा नहीं किया।

जगत सिंह नेगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अक्सर मुद्दों से भागने और सरकार का पक्ष सुने बिना सवाल उठाने की राजनीति करता है। उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में अपने कामकाज, नीतिगत फैसलों और विकास कार्यों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। विपक्ष के सवालों और हमलों का जवाब देने से सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश सरकार ने पारदर्शी तरीके से काम करते हुए विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। सरकार सदन में अपने कार्यों का पूरा पक्ष रखने के साथ विपक्ष के सवालों का सामना भी करेगी।

राजस्व मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा और सरकार की बड़ी उपलब्धि यह है कि सदन की कार्यवाही के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाता है। चाहे बजट सत्र हो, मानसून सत्र या शीतकालीन सत्र, सरकार की ओर से विधानसभा को पूरा समय देने की परंपरा को महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री और सरकार विधानसभा का सत्र समय पर बुलाते हैं और सदन की कार्यवाही के लिए अधिक समय देते हैं तो इससे स्पष्ट होता है कि सरकार जनता के मुद्दों पर चर्चा करने और अपनी जवाबदेही निभाने के लिए तैयार है। लोकतंत्र में विधानसभा जनता की आवाज उठाने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है और सरकार इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जनता के सवालों पर सदन में सरकार रखेगी अपना मजबूत पक्ष



**नेगी** ने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता से जुड़े मुद्दों, विकास कार्यों और नीतिगत फैसलों पर सदन में खुलकर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष को भी चाहिए कि वह जनहित के विषयों को प्राथमिकता देते हुए सार्थक चर्चा में भाग ले। उन्होंने दोहराया कि सरकार अपने चार वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाने के साथ विधानसभा में भी हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है।

- **विधानसभा की कार्यवाही के लिए पर्याप्त समय देने और पारदर्शिता संग कामकाज चलाने का किया दावा**
- **जनता से जुड़े सवालों और राज्य के विकास से जुड़े विषयों पर सदन में होगी चर्चा**
- **लोकतंत्र में विधानसभा जनता की आवाज उठाने का सबसे महत्वपूर्ण मंच**

# नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में बढ़ें युवा: देशराज

## मटौर स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता देशराज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

बाल दिवस के अवसर पर देशराज शर्मा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में प्राथमिक पाठशाला मटौर में एक कमरे का निर्माण करवाकर विद्यालय को भेंट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अच्छे संस्कार अपनाने तथा अध्यापकों और अभिभावकों का सम्मान करने का संदेश दिया। समारोह में प्राथमिक पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षा, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। एनएसएस, इको क्लब, रोड सेफ्टी, बेस्ट बॉय और बेस्ट गर्ल के पुरस्कार भी बांटे गए। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से संस्थान लगातार प्रगति कर रहा है।

# डीसी बैरवा ने विधानसभा शीतकालीन सत्र की तैयारियों का लिया जायजा

## अधिकारियों को दिए निर्देश, 16 से 21 नवंबर तक तपोवन में आयोजित होगा सत्र

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** तपोवन में 16 से 21 नवंबर तक आयोजित होने वाले हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने विधानसभा परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की ओर से की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि विधानसभा सत्र के दौरान पेयजल और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने, सड़कों की उचित व्यवस्था करने तथा परिसर और आसपास की अन्य जरूरी सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और अन्य लोगों का आगमन होगा। ऐसे में सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीसी ने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### बाल आश्रम सलियाणा में बाल दिवस एवं 31वां स्थापना दिवस मनाया

# सांसद प्रो. सिकंदर ने विजेता बच्चों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान




**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सलियाणा स्थित रामानंद गोपाल रोटरी चिल्ड्रन होम का 31वां स्थापना दिवस एवं बाल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। द पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय समारोह में राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूर्व विधायक रवि धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के पहले चरण में 12 नवंबर को सात स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं, 14 नवंबर को सांस्कृतिक एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रो. सिकंदर कुमार ने फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम, बाल आश्रम और विशेष बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केवल रट्टा लगाकर अच्छे अंक और डिग्रियां हासिल की जा सकती हैं, लेकिन जीवन में सफल होने के लिए कौशल विकास, तर्कशक्ति और नवाचार जरूरी हैं। उन्होंने युवाओं को नैतिक मूल्यों, संस्कृति और भाषा की मर्यादा बनाए रखने का संदेश भी दिया। सांसद ने संस्थान के विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. अश्वनी कुमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित रोटरी सदस्य, जनप्रतिनिधि, विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ आंचल व तनवी का चयन





एसडीएम परागपुर निशांत ठाकुर दोनों छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र परागपुर सीबीएसई के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय की दो होनहार छात्राओं आंचल शर्मा और तन्वी धीमान ने विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन शिवालिक इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 विद्यार्थियों का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जिसमें परागपुर स्कूल की आंचल शर्मा और तनवी धीमान ने भी जगह बनाकर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य ने अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

### शहीद उत्तम राणा और प्रताप सिंह की स्मृति में 21वीं वॉलीबाल-कबड्डी प्रतियोगिता शुरू



अनंत ज्ञान

**शिबू ठाकुर, कोटला।** विधानसभा क्षेत्र के दुराना में शहीद उत्तम राणा एवं प्रताप सिंह की स्मृति में 21वीं दो दिवसीय वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रसिद्ध स्वर्ण व्यवसायी सन्नी वर्मा और डोल पंचायत की प्रधान अंजली शर्मा ने मां भारती के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतियोगिता का आगाज किया।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-19 और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। अंडर-14 कबड्डी का पहला मुकाबला नढौली और दुराना के बीच खेला गया, जिसमें नढौली ने पहला सेट जीता। वहीं, जूनियर वॉलीबाल में कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर और पद्धर स्कूल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल ने पहला सेट अपने नाम किया। सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर दुनी चंद राणा ने बताया कि वर्ष 2005 से शहीदों की स्मृति में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि सन्नी वर्मा ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

# थुरल स्कूल में बाल दिवस पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे गर्म कपड़े और जूते

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुरल में शनिवार को बाल दिवस मनाया गया। मास्टर चंदू लाल सूद शैक्षिक न्यास के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक एवं शिक्षाविद मोहिंदर सिंह चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

**◆ मेधावी बच्चों को किया सम्मानित**

समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं कनिका राणा, संचिता बालिया और रिया ने न्यास प्रभारी अरुणा मेहरा के मार्गदर्शन में मंच का सफल संचालन किया। इस अवसर पर न्यास प्रभारी अरुणा मेहरा ने वर्ष 2025-26 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 1988 में मात्र 30 हजार रुपए से शुरू हुआ यह न्यास आज बढ़कर 7 लाख 5 हजार रुपए का हो गया है। न्यास को इस वर्ष प्राप्त हुए 42 हजार रुपए के वार्षिक ब्याज से मुख्य अतिथि द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और जिप्पर वितरित किए गए। साथ ही, शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मोहिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय मास्टर चंदू लाल सूद की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज सरकारी विद्यालय के मेधावी और जरूरतमंद बच्चों को संबल मिल रहा है। उन्होंने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु अपनी ओर से 11 हजार रुए की राशि भेंट की। प्रधानाचार्या अनुपम बाला शर्मा ने न्यास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय मास्टर चंदू लाल सूद की बहू श्रेष्ठा सूद, पोते आंतरिक सूद और परिवार के अन्य सदस्यों ने इस न्यास के माध्यम से उनकी स्मृतियों को जीवंत रखा है।

इस मौके पर न्यास की वर्तमान मुख्य ट्रस्टी श्रेष्ठा सूद ने न्यास के कोष में 51 हजार रुपए की अतिरिक्त सहयोग राशि प्रदान की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक जगदीश बासल, स्थानीय पंचायत प्रधान वंदना कायस्थ, रघुनाथ जम्वाल, कर्नल सुरेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष वनिता जम्वाल सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# मधुमेह से बचाव के लिए जांच व स्वस्थ जीवनशैली अपनाना जरूरी: डॉ. विनय




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शनिवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा में एंडोक्रिनोलॉजी विभाग की ओर से जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 100 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें मधुमेह से बचाव, समय पर पहचान तथा उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई।

विभागाध्यक्ष डॉ. विनय डोगरा ने मधुमेह के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी इस बीमारी के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने लोगों को नियमित ब्लड शुगर जांच करवाने, संतुलित आहार लेने और प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मधुमेह की समय पर पहचान और उचित उपचार से इससे होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. शकून, स्टाफ नर्स सहित एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### ढलियारा कॉलेज में धर्मनिरपेक्षता, चिट्टा उन्मूलन और स्वास्थ्य पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा में शनिवार को धर्मनिरपेक्षता, नशा मुक्ति और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं पर जागरुकता व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता अनूप रतन ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार ने उनका स्वागत किया। अनूप रतन ने कहा कि भारत की ताकत विविधता और संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता में निहित है।

उन्होंने प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए सरकार के एंटी-चिट्टा अभियान और पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों की संपत्ति जब्त करने जैसी कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना हेल्पलाइन 112 पर देने की अपील की। उन्होंने प्रदेश सरकार की दस लाख रुपए के स्वास्थ्य बीमा कवर वाली योजना की जानकारी भी दी।

# ठियोग में 16 को जुटेंगे प्रदेशभर के ब्लॉक समिति सदस्य: चमन

अनंत ज्ञान

**◆ अधिकारों और बजट की मांग को लेकर बनेगी प्रदेशव्यापी रणनीति**

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत समिति सदस्यों के अधिकारों, वित्तीय शक्तियों और बजट में उचित हिस्सेदारी का मुद्दा एक बार फिर जोर पकड़ने जा रहा है। इसी कड़ी में 16 नवंबर को जिला शिमला के ठियोग में प्रदेशभर के ब्लॉक समिति सदस्यों की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित करने की योजना प्रस्तावित है।

इस बैठक में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से ब्लॉक समिति सदस्य एक मंच पर एकत्रित होकर पंचायत समितियों की वर्तमान स्थिति, अधिकारों में कटौती, विकास कार्यों में भागीदारी, बजट में उचित हिस्सेदारी तथा वित्तीय शक्तियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श करेंगे।

कांगड़ा जिला ब्लॉक समिति संघ के अध्यक्ष चमन लाल कपूर ने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, लेकिन आज पंचायत समिति सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप अधिकार और बजट नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के ब्लॉक समिति सदस्यों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। कपूर ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत समिति के संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने, बजट में उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने और विकास कार्यों में पंचायत समिति की प्रभावी भूमिका स्थापित करने के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल के विरुद्ध नहीं, बल्कि पंचायत समिति सदस्यों के अधिकारों, सम्मान और ग्रामीण विकास व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए है। चमन लाल कपूर ने प्रदेशभर के ब्लॉक समिति सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और एकजुट होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है-पंचायत समिति को अधिकार दो, उचित बजट दो और विकास कार्यों में भागीदारी दो।

# धर्मशाला मंडल को मिलेंगी 300 से 350 किलोमीटर रेंज वाली बसें

## पठानकोट में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पूरा होने पर बढ़ेगा संचालन

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में शामिल इलेक्ट्रिक बसों को यात्रियों का अच्छा रुझान मिल रहा है। इलेक्ट्रा कंपनी की नई इलेक्ट्रिक बसें धर्मशाला मंडल के विभिन्न डिपो में संचालित की जा रही हैं। धर्मशाला मंडल को भविष्य में और इलेक्ट्रिक बसें मिलने की भी उम्मीद है।

वर्तमान में धर्मशाला डिपो में पहले से ही 150 किलोमीटर और 180 किलोमीटर रेंज वाली इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। इसी कारण नई खेप में धर्मशाला को पांच बसें मिली हैं। अब निगम की कोशिश है कि अगली खेप में 300 से 350 किलोमीटर तक की रेंज वाली इलेक्ट्रिक बसें शामिल हों, ताकि लंबे रूटों पर भी इनका संचालन आसानी से किया जा सके। गौरतलब है कि एचआरटीसी के धर्मशाला मंडल के तहत पालमपुर, नगरोटा, धर्मशाला, पठानकोट और चंबा डिपो में इलेक्ट्रिक बसें पहुंची हैं। इनमें पालमपुर और नगरोटा डिपो में 10-10, धर्मशाला में 5, पठानकोट में 10 और चंबा डिपो में 10 बसें शामिल हैं। इन बसों को अलग-अलग रूटों पर चलाया जा रहा है। धर्मशाला से पठानकोट के बीच भी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हो चुकी है। इसके अलावा चंबा से चिंतपूर्णी जैसे लंबे रूटों पर भी इन बसों का संचालन किया जा रहा है। निगम यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ बसों की आय और परिचालन क्षमता पर भी नजर रख रही है। पठानकोट में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का काम अंतिम चरण में है। इसके पूरा होने के बाद पालमपुर और नगरोटा डिपो से संचालित होने वाली बसों को भी धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक बसों में बदला जा सकेगा। फिलहाल नगरोटा डिपो की कुछ बसों को पठानकोट तक चलाया जा रहा है।

उधर, डीएम एचआरटीसी धर्मशाला पंकज चड्ढा ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक परिवहन की ओर बढ़ते कदमों के साथ धर्मशाला मंडल को भी बेहतर रेंज और आधुनिक तकनीक वाली अधिक बसें मिलेंगी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: किशोरी

## विधायक ने बंडियां पंचायत में बाल सभा में की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान



**◆ विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चे किए सम्मानित**

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की 137वीं जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ की ग्राम पंचायत बंडियां में बाल सभा का आयोजन किया गया। बालसभा में विधायक किशोरी लाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय स्कूलों एवं गांव के बच्चों ने भाग लिया।

विधायक किशोरी लाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका बच्चों के प्रति विशेष स्नेह और लगाव था। बच्चे भी उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। इसी कारण उनकी जयंती 14 नवंबर को प्रतिवर्ष पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। विधायक ने बंडियां पंचायत में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण की मांग पर संबंधित अधिकारियों को इसका प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इसके निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जा सके। इसके अतिरिक्त पंचायत में पब्लिक लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमि से जुड़ी राजस्व संबंधी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने को कहा ताकि लाइब्रेरी निर्माण की दिशा में आगामी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विधायक किशोरी लाल ने बाल सभा में भाग लेने वाले बच्चों के लिए जलपान एवं मिठाइयों की व्यवस्था के लिए 10 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

### परागपुर में अनुराग की मौजूदगी में कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं चौली पंचायत के पूर्व प्रधान दिलीप सिंह वर्मा तथा रक्कड़ के पूर्व पंचायत सदस्य बलदेव राज प्रमुख रहे। इनके अलावा चौली से मंजीत सिंह, सदवां से अजय ठाकुर और राहुल कलश ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर ने नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। नए सदस्यों के शामिल होने से क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

**निशाना** 86.32 करोड़ रुपए के बजट पर फंसा पेंच, विनोद शर्मा ने सरकार पर बोला हमला

# जसवां-परागपुर के विकास कार्यों पर सियासी संग्राम

अनंत ज्ञान

**◆ बोले- मुख्यमंत्री चहेते विधायकों के क्षेत्रों में ही बांट रहे बजट**

**◆ परागपुर में विपक्षी विधायक होने के कारण किया जा रहा भेदभाव**

**परागपुर।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता के तहत नाबार्ड से स्वीकृत 86 करोड़ 32 लाख रुपए के विकास कार्यों का बजट अटकने को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। भाजपा मंडल परागपुर के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार पिछले चार वर्षों से इस क्षेत्र के हक के पैसे पर कुंडली मारकर बैठी है और एक भी पैसा जारी नहीं किया गया है। विनोद शर्मा के अनुसार विधायक बिक्रम ठाकुर की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर प्रस्ताव सरकार को भेजे जा चुके हैं और नाबार्ड से इन योजनाओं के लिए धन की स्वीकृति भी मिल चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केवल अपने चहेते विधायकों के क्षेत्रों में ही बजट बांट रहे हैं और जसवां परागपुर में विपक्षी विधायक होने के कारण जानबूझकर भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा जनता के विकास का है, कोई भीख नहीं। आलम यह है कि सड़कों के निर्माण के लिए जिन लोगों ने अपनी कीमती जमीनें सरकार के नाम दान की थीं, उनमें से कई लोग निर्माण कार्य शुरू होने का इंतजार करते-करते इस संसार को भी अलविदा कह चुके हैं। दस्तावेजों के मुताबिक जसवां परागपुर क्षेत्र की कुल सात प्रमुख सिंचाई, पेयजल और सड़क परियोजनाएं सरकार की वित्तीय मंजूरी के इंतजार में लटकी हुई हैं। इनमें जल शक्ति विभाग के तहत डाडासीबा और सुनेत उपमंडलों के विभिन्न नालों व खड्डों पर वर्षा जल संग्रहण ढांचों का निर्माण (क्रमश: 1161.1 लाख और 1611.85 लाख रुपए), रक्कड़ तहसील में सिंक पाक खड्ड पर बांध बनाकर भरोली जदीद, हंडाल, कुरियाल खेड़ा, दोदू राजपूतां और दादू ब्राह्मणा के लिए उठाऊ सिंचाई योजना (1035.15 लाख रुपए) तथा जसवां तहसील में अमरोह कोइ गुम्मी, बाड़ी सांडा चरण-2 और दर्व अमलेहड़ खनूड़ी की उठाऊ पेयजल योजना का सुधार कार्य (1150.13 लाख रुपए) शामिल है। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के तहत कटोह से सलेटी वाया पुखर हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग व पुल निर्माण (920.27 लाख रुपए), ग्राम पंचायत सरड डोगरी में सरड मंगली निचली से नई बस्ती संपर्क मार्ग (590.22 लाख रुपए) तथा कलोहा-परागपुर-ढलियारा-डाडासीबा-संसारपुर टैरेस सड़क पर नक्की खड्ड के ऊपर 210 मीटर लंबे बॉक्स गर्डर पुल के निर्माण (2163.28 लाख रुपए) जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का बजट भी शामिल है। दूसरी ओर, प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए देरी के पीछे सरकारी प्रक्रिया को कारण बताया है।

> **सरकारी** कार्य रुटीन में ही होते हैं, जब जसवां परागपुर का नंबर आएगा, तो पैसा भी मिल जाएगा।
> **-प्यारे लाल, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग मण्डल परागपुर।**
>
> **सरकार** को सड़कों की डीपीआर बनाकर भेज दी गई है, अब सरकार ने ही धन स्वीकृत करना है।
> **-राजन कौशल, कार्यकारी अधिशाषी अभियंता, लोनिवि मण्डल कोटला-बेहड़।**

## न्यूज ब्रीफ

### आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज की बैठक 18 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक 18 नवंबर को सुबह 10:30 बजे सत्येश्वर शिव मंदिर परिसर, गरसाड़ में खंड प्रधान राज कुमार पटियाल की अध्यक्षता में होगी। बैठक में प्रदेश व जिला पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें पेंशनरों की आर्थिक मांगों, व्यक्तिगत समस्याओं और संघ की गतिविधियों पर चर्चा होगी। प्रधान ने सभी सदस्यों से बैठक में पहुंचने तथा लंबित डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तुरंत कोषागार में जमा करवाने की अपील की है।

### बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** राज राजेश्वरी कॉलेज शिक्षा महाविद्यालय भोटा में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस पर खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बीएड, डीएलएड, बीसीए और बीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़, क्रिकेट, लेमन स्पून रेस और टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। विद्यार्थियों ने खेलों के माध्यम से टीम भावना, सहयोग और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्रबंधन कमेटी के सचिव कुलवीर सिंह ठाकुर, समस्त स्टाफ और विद्यार्थी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### डीएवी आलमपुर में मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल आलमपुर में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, खेल गतिविधियों और ग्रीटिंग कार्ड निर्माण में भाग लिया। चारों सदनों ने 'फूड फिएस्टा एंड फन मेनिया' थीम पर विभिन्न खाद्य पदार्थों के आकर्षक स्टॉल लगाए। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए विद्यार्थियों और अध्यापकों की सराहना की।

### नारायण सेवा समिति ने दो जरूरतमंद परिवारों को दी 10 हजार रुपए की सहायता

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी।** नारायण सेवा समिति की मासिक बैठक प्रधान ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में मानव सेवा सदन में हुई। बैठक में दो दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। समिति ने मकान जलने से प्रभावित समलेहड़ा निवासी मंगल सुभाष और गंभीर बीमारी से पीड़ित बिहड़ू निवासी जोगिंदर कुमार को 5-5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने बताया कि समिति सात लाख रुपये से अधिक की सहायता कर चुकी है। बैठक में नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया।

### बच्चे नशे से दूर रहकर पढ़ाई पर करें फोकस: विजय



**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** होली हिमाचलन पब्लिक स्कूल गौना का वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया गया। समारोह में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। समारोह में रिटायर्ड प्रिंसीपल विजय चौधरी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। मुख्य अध्यापिका रीना शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा स्कूल की गतिविधियों की जारकारी दी। मुख्यअतिथि ने शानदार प्रस्तुति देने वाले व विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों व अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, नशे जैसी गलत आदतों से दूर रहने तथा प्रतिभा के दौरान में बच्चों को पढ़ाई पर विशेष फोकस रखने की सलाह दी। इससे पहले स्कूल की मुख्य अध्यापिका व स्कूल स्टाफ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बच्चों के अभिभावकों के अलावा सीमा शर्मा, अंजू वाला, रेखा, किरण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 'देश बचाओ, वोट बचाओ' बैठक में नहीं पहुंचे विधायक व जिला प्रभारी

## जिला अध्यक्ष सुमन भारती बोले- बैठकों से नदारद पदाधिकारियों को अब और वक्त नहीं मिलेगा






अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर में शनिवार को जिला कांग्रेस की 'देश बचाओ, वोट बचाओ' बैठक को लेकर चर्चा तो खूब हुई, नेताओं ने विपक्ष की बखिया भी खूब उधेड़ी, लेकिन बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी नदारद पाए गए।

सबसे खास बात यह रही कि बैठक में न तो जिले के विधायकों ने शिरकत की और न ही जिला प्रभारी पहुंचे। बैठक इसलिए कुछ देरी से शुरू की गई, ताकि जो पदाधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं, वह पहुंच जाएं, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। दोपहर 2 बजे तक न प्रभारी पहुंच पाए और न ही विधायक।

बैठक में जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने साफ कहा कि बैठकों से नदारद रहने वाले पदाधिकारियों को अब और वक्त नहीं मिलेगा।

संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को समय पर बैठकों में आना होगा। भारती ने 'अनंत ज्ञान' से कहा कि चिंता का विषय यही है कि जिन पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस कमेटी के औहदे सौंप गए हैं, यदि वे काम नहीं करेंगे तो कई और कार्यकर्ता तैयार बैठे हैं। इसमें अब ज्यादा देरी नहीं होगी। विधायकों की गैर मौजूदगी को लेकर उन्होंने कहा कि अपने कार्यक्रमों की व्यवस्था की वजह से वह शायद नहीं आ पाए जबकि जिला प्रभारी की भी व्यवस्था थी लेकिन उनका कहना था कि वह बैठक में पहुंचेंगे जरूर चाहे देरी से पहुंचें। बैठक में पूर्व विधायक एवं मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, अध्यक्ष डॉ. मोहन, विधायक प्रत्याशी पुष्पेंद्र वर्मा एवं सुभाष ढटवालिया, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा तथा प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट विवेक कटोच, राजेंद्र वर्मा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, सभी फ्रंटल संगठनों के जिला प्रभारी एवं पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**बैठक** की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को नमन करने के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा वोट बचाओ अभियान के जिला पर्यवेक्षक पवन ठाकुर ने की। बैठक में 'वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के चौथे चरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त से जवाबदेही की मांग उठाई गई। अभियान को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खुशी भी मनाई गई। नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# हमीरपुर में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का पांचवां राज्य सम्मेलन आयोजित

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की हिमाचल प्रदेश राज्य समिति का दो दिवसीय पांचवां राज्य सम्मेलन शनिवार को हमीरपुर में आरंभ हुआ। सम्मेलन 14-15 नवंबर तक चलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 160 अधिवक्ताओं ने इस अधिवेशन में भाग लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने 'संविधान बचाओ और लोकतंत्र बचाओ' का आह्वान करते हुए संगठन के मूल नारे लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समाजवाद को रेखांकित किया। उन्होंने संविधान के संघीय ढांचे और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को देश की एकता की आधारशिला बताया तथा अधिवक्ताओं से




जनहित के मुद्दों को न्यायालय में मजबूती से उठाने का आग्रह किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात हिमाचल उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव भूषण ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर व्याख्यान दिया और संसद में कानून लाए बिना निर्वाचन आयोग द्वारा लिए गए निर्णयों के संवैधानिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन की शुरुआत ध्वजारोहण और संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जिसका नेतृत्व एआईएलयू के प्रदेश अध्यक्ष निरंजन वर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल चौहान ने किया। राज्य सचिव अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिवेशन को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल चौहान और प्रदेश अध्यक्ष निरंजन वर्मा ने भी संबोधित किया।

अधिवेशन में महिला अधिवक्ताओं की समस्याओं, जूनियर वकीलों के स्टाइपेंड, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और एआईएलयू की प्रमुख मांगों से जुड़े चार प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

# जश्न से पहले चार साल का हिसाब दे कांग्रेस सरकार : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने पर हमीरपुर में जश्न मनाने की चर्चा को लेकर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने तीखा प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जश्न मनाने का नैतिक अधिकार ही खो दिया है। जश्न तो तब मनाया जाता है, जब जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। लेकिन 4 साल केवल आश्वासन, विलंब, निराशा और वादाखिलाफी में बीत गए। ये जश्न नहीं, जनता के भरोसे का मजाक है। प्रेस बयान में राणा ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व प्रदेश की सभी लगभग 28 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। अब मात्र साढ़े 3 लाख महिलाओं को लाभ देने की बात हो रही है। तो शेष साढ़े 24 लाख महिलाओं का क्या अपराध है? क्या उनका भरोसा सिर्फ वोट लेने के लिए था? उन्होंने कहा कि 4 साल तक महिलाओं को भूल जाने वाली सरकार को आखिरी साल में चुनिंदा महिलाओं को 1500 रुपए देने की याद आई है। क्या इसके लिए भी किसी ज्योतिषी से मुहूर्त निकलवाया है? यह गारंटी पूरी करना नहीं है, यह चुनावी मुहूर्त देखकर बांटी जा रही रेवड़ी है। 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा था, आज बिल ही बढ़ते जा रहे हैं। 5 लाख नौकरियों का वादा था, आज युवा फॉर्म ही भर रहा है और सरकार अपनी जेब। हर गांव में मोबाइल हेल्थ क्लीनिक का वादा था, आज अस्पताल ही डॉक्टर और दवाई विहीन हो गए। बाकी गारंटियों से तो कांग्रेस पहले ही भाग चुकी है। राणा ने कहा कि सरकार अपनी एक भी ऐसी योजना का नाम बता दे, जिससे जनता को लाभ मिलना शुरू हुआ हो। सच्चाई यह है कि जनहित की सहारा और हिम केयर जैसी योजनाएं बंद कर दी गईं। वृद्धावस्था पेंशन समय पर नहीं मिल रही है और पेंशनर सड़कों पर हैं। बेरोजगार भी नौकरी की आस छोड़ चुके हैं। अगर यही 4 वर्षों की उपलब्धि है तो जनता के टैक्स के पैसे से जश्न किस बात का मनाना है? जबकि सरकार ने प्रदेश पर लगभग 46 हजार करोड़ रुपये का नया कर्ज चढ़ा दिया है। सरकार बताए कि यह राशि कहां खर्च की? यदि विकास किया होता तो काम दिखता, लेकिन धरातल पर विकास शून्य है। क्या कर्ज के पैसे से मित्रों को ही आत्मनिर्भर बनाकर जश्न मनाने की गारंटी ली थी? आज हालत यह है कि हिमाचल में जन्म लेते ही हर बच्चा लाखों रुपये के कर्जदार के रूप में पैदा हो रहा है। जिस प्रदेश का बच्चा-बच्चा कर्ज में डूबा हो, वहां जनता के पैसे से जश्न मनाना कहां तक तर्कसंगत है?

# पुलिस ने बुजुर्ग को टक्कर मारने वाली कार कब्जे में ली, चालक पर केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**गलोड़।** गलोड़ तहसील के अंतर्गत गांव कड़साई में 80 वर्षीय बुजुर्ग को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन को कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार की पहचान कर चालक को भी तलाश लिया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, हादसे में घायल बुजुर्ग शंभू राम का आठ नवंबर को निधन हो गया था।

जानकारी के अनुसार 30 अक्तूबर को गांव कड़साई, डाकघर वाहल निवासी शंभू राम को कार नंबर एचपी-55डी-3117 के चालक ने वाहन बैक करते समय टक्कर मार दी थी। हादसे में बुजुर्ग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार करवाया गया। बताया जा रहा है कि उपचार के बाद कोई व्यक्ति उन्हें वाहन में उनके घर से कुछ दूरी पर छोड़ गया। परिजनों को घटना की जानकारी चार नवंबर को मिली। इसके बाद पांच नवंबर को उन्होंने गलोड़ पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई। इसी बीच आठ नवंबर को बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। इसके बाद मामला और गंभीर हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा कार की पहचान कर उसे कब्जे में ले लिया। गांव की महिला वार्ड पंच सपना देवी ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि बुजुर्ग को टक्कर मारने का मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने पुलिस से दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### क्या कहते हैं डीएसपी

**डीएसपी** बड़सर हरीश गुलेरिया ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। संबंधित कार को कब्जे में लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# डीएवी भड़ोली में बाल दिवस पर खेलकूद स्पर्धाएं आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें हैंडबॉल, नेटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, स्किपिंग, योग और कराटे जैसी गतिविधियां करवाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

◆ बैडमिंटन छात्रा वर्ग में पटेल सदन

विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलकूद केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनसे बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिताओं में हैंडबॉल और बैडमिंटन छात्र वर्ग में सुभाष सदन प्रथम रहा। बैडमिंटन छात्रा वर्ग में पटेल सदन, नेटबॉल के छात्र एवं छात्रा वर्ग में गांधी सदन ने पहला स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल छात्र वर्ग में पटेल सदन और छात्रा वर्ग में गांधी सदन विजेता रहा। शतरंज छात्रा वर्ग में सुभाष सदन तथा छात्र वर्ग में पटेल सदन ने बाजी मारी। स्किपिंग के दोनों वर्गों में गांधी सदन प्रथम रहा। योग छात्रा वर्ग में पटेल सदन और छात्र वर्ग में नेहरू सदन ने पहला स्थान प्राप्त किया। कराटे में कक्षा तीसरी, चौथी, पांचवीं और सातवीं के परिणाम ग्रीन श्रेणी में रहे, जबकि कक्षा छठी के परिणाम ब्लू और रेड श्रेणी में घोषित किए गए। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने खेल भावना, शारीरिक चुस्ती और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

# शादी से 20 दिन पहले उठी जवान अक्षय की अर्थी, बेटे की मौत से टूटा दुखों का पहाड़

अनंत ज्ञान

◆ 3 दिसंबर को होनी थी शादी, घर में चल रही थीं विवाह की तैयारियां

◆ जोशीमठ में तैनात 26 वर्षीय जवान की हृदयाघात से मौत की आशंका

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत रुठानी गांव के रहने वाले भारतीय सेना के जवान अक्षय कुमार (26) की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। अक्षय कुमार उत्तराखंड के जोशीमठ में तैनात थे। उनकी मौत का कारण हृदयाघात होने की आशंका जताई जा रही है।



सबसे दुखद बात यह है कि अक्षय कुमार की शादी आगामी 3 दिसंबर को होनी तय थी। घर में विवाह की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। परिवार के सदस्य बेटे की शादी को लेकर बेहद खुश थे और घर में उत्सव का माहौल था, लेकिन शादी से महज 20 दिन पहले जवान की मौत की खबर ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जिस घर में कुछ दिनों बाद शहनाइयां गूंजनी थीं। वहां, अब चीख-पुकार और मातम पसरा हुआ है।अक्षय कुमार 16 दिसंबर, 2020 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। देशसेवा का जज्बा लेकर सेना में शामिल हुए अक्षय अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनके पिता राज कुमार कारोबारी हैं, जबकि माता सरोज कुमारी गृहिणी हैं। इकलौते बेटे की असमय मौत की खबर सुनकर माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अक्षय की मौत की सूचना मिलते ही पूरे रुठानी गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव का हर व्यक्ति इस दुखद घटना से स्तब्ध है। ग्रामीणों के लिए यह खबर किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। जिस बेटे के विवाह को लेकर परिवार ने कई सपने संजोए थे, उसके असमय चले जाने से परिवार पूरी तरह टूट गया है।

नंधन पंचायत के प्रधान रवि कुमार ने बताया कि अक्षय कुमार भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे थे। उनकी मौत से परिवार और पूरे गांव में गहरा दुख है। उन्होंने बताया कि जवान की पार्थिव देह को घर पहुंचाने में एक से दो दिन का समय लग सकता है। शादी की खुशियों का इंतजार कर रहे परिवार को अब अपने लाडले की अंतिम विदाई देनी पड़ेगी। जवान अक्षय कुमार के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# नवदीप स्कूल गलोड़ में वार्षिक समारोह की धूम, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान

**गलोड़।** नवदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गलोड़ में दो दिवसीय वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपभोक्ता आयोग के पूर्व सदस्य एवं एडवोकेट सुशील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं, विज्ञान प्रदर्शनी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, क्विज सहित कई प्रतिस्पर्धाएं करवाई गईं। विद्यार्थियों ने विज्ञान, हिंदी व्याकरण, गणित और अंग्रेजी विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। रामायण और भगवान गणपति से संबंधित मॉडलों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की झलक भी दिखाई। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की।



एडवोकेट सुशील शर्मा ने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने विज्ञान और भारतीय संस्कृति के सुंदर संगम को बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए खरीदारी के समय पक्का बिल लेने तथा खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट जांचने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल के एमडी अनिल वर्मा, अध्यक्ष सरोज वर्मा, प्रधानाचार्य अक्षत ठाकुर, मुख्य अध्यापिका डिंपल ठाकुर सहित शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# साईं विजन स्कूल भरेड़ी में 5वीं जूनियर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू




अनंत ज्ञान

◆ आठ जिलों के 80 खिलाड़ी ले रहे भाग, मुख्य अतिथि ने 11 हजार रुपए की राशि की भेंट

**भोरंज।** साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में पांचवीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ जिलों से करीब 80 लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। इसमें ऊना, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, चंबा और बिलासपुर सहित अन्य जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ अमृत लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए एसोसिएशन को 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान बृज लाल गोयल, महासचिव केसी ठाकुर, कोषाध्यक्ष राकेश भारद्वाज, उपप्रधान नर्वदा देवी, सहसचिव नरेंद्र ठाकुर सहित विभिन्न पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंडी के एडीपीओ संतोष कुमार, हमीरपुर के महासचिव सुशील चंबयाल और ऑर्गेनाइजेशन सचिव आरसी कौशल भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबले में हमीरपुर की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद कुल्लू की टीम को पराजित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।

**शुभारंभ** हिमालयी पर्यावरण संरक्षण और इतिहास पर ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान में नेरी में राष्ट्रीय परिसंवाद शुरू

# पर्यावरण और अर्थव्यवस्था में संतुलन जरूरी : प्रो. सिकंदर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान, नेरी (हमीरपुर) द्वारा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का विधिवत शुभारंभ हुआ। 'उत्तर-पश्चिमी हिमालय में पर्यावरण के ऐतिहासिक व समकालीन परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित इस परिसंवाद के उद्घाटन सत्र में राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला के निदेशक प्रो. हिमांशु कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी और भारतीय इतिहास संकलन समिति हिमाचल प्रांत के अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर विशिष्ट अतिथि रहे। चंबा के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् कुलभूषण उपमन्यु ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद ज्योति प्रकाश ने संकल्प पाठ व झनेश्वर राणा ने इतिहास पुरुष वाचन प्रस्तुत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अकादमिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान भारतीय इतिहास, संस्कृति और सभ्यता के विभिन्न पहलुओं पर प्रमाण आधारित अनुसंधान के साथ हिमाचल प्रदेश के स्थानीय एवं क्षेत्रीय इतिहास के लेखन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परिसंवाद संयोजक डॉ. जगदीश प्रसाद ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर-पश्चिमी हिमालय का पर्यावरण केवल प्राकृतिक संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका गहरा संबंध यहां की ऐतिहासिक परंपराओं, सामाजिक संरचनाओं, धार्मिक मान्यताओं, स्थानीय ज्ञान व सांस्कृतिक जीवन से भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के ऐतिहासिक अध्ययन से वर्तमान चुनौतियों को समझने और भविष्य की शोध संभावनाओं को विकसित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर परिसंवाद की डिजिटल स्मारिका सहित चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें डॉ. लक्की शर्मा और डॉ. विनोद कुमार चोपड़ा द्वारा संपादित 'त्रिगर्ता थ्रू द एजेज', डॉ. जगदीश प्रसाद की पुस्तक 'गुरुकुलाचार्य', डॉ. राजकुमार द्वारा संपादित 'स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान' तथा डॉ. अभिषेक सिंह की पुस्तक 'प्राचीन भारतीय परिप्रेक्ष्य में धारणीय विकास' शामिल हैं। प्रो. सिकंदर ने हिमालयी पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा और ऐतिहासिक अनुसंधान के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजन विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बीज वक्ता कुलभूषण उपमन्यु ने हिमालयी पर्यावरण की विशिष्टता, प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय समुदायों की पारंपरिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों, वनों और जैव विविधता के संरक्षण के लिए स्थानीय समाज के अनुभवों एवं पारंपरिक ज्ञान को महत्व देना आवश्यक है। विकास की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण को समान प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सके। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. हिमांशु कुमार चतुर्वेदी ने हिमालयी पर्यावरण के ऐतिहासिक अध्ययन को वर्तमान परिस्थितियों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान में वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। परिसंवाद संयोजक डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि पहले दिन छह तकनीकी सत्रों में कुल 75 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इस राष्ट्रीय आयोजन में संस्थान के महासचिव भूमिदत्त शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ शर्मा, कोषाध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रो. नारायण सिंह राव, नरेंद्र कुमार नंदा, जगवीर, रमेश रांगड़ा, प्रो. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. ओमदत्त आदि ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में प्रवासी युवती की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत रोपा स्थित प्रवासी मजदूरों की झुग्गी-बस्ती में एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती शुक्रवार को अपनी झुग्गी के बाहर जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ी मिली थी।

**◆उत्तर प्रदेश के बदायूं की रहने वाली थी युवती**

उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान अंगूरी उर्फ रोशनी (18) पुत्री नेक पाल निवासी गांव डलवा शहीदां, तहसील एवं जिला बदायूं उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। 13 नवंबर को युवती की मृत्यु की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला पुलिस कर्मी के माध्यम से युवती के शरीर की तलाशी ली गई, लेकिन इस दौरान कोई चोट का निशान नहीं मिला। पुलिस के अनुसार मौके पर मौजूद किसी भी व्यक्ति ने घटना को लेकर कोई शक या संदेह जाहिर नहीं किया। इसके बाद युवती को सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रही है।

### जांच शिविर में 25 लोगों के स्वास्थ्य की जांचा

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्राम पंचायत ढाबन के गांव डडोह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भ्यारटा की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 25 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। सर्कल हेल्थ ऑफिसर शिल्पा ने बताया कि जांच के दौरान पांच लोग शुगर की दवा लेते पाए गए, जबकि छह लोग बीपी की दवा का सेवन कर रहे थे। एक व्यक्ति ऐसा भी पाया गया, जो बीपी और शुगर दोनों की दवाइयां ले रहा है। वहीं, 13 लोगों का बीपी और शुगर स्तर सामान्य पाया गया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसकी जानकारी वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिमखंड पत्रिका के संपादक डॉ. पीसी कौंडल ने दी।



### निबंध-क्विज प्रतियोगिता में हिमालयन स्कूल का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट की छात्रा श्रृंखला ने विधानसभा क्षेत्र स्तरीय निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, कनिष्का और अरमान का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की ओर से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट में आयोजित प्रतियोगिता में 31 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा और प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी जताई। प्रधानाचार्या ने इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



### बालिका देखभाल संस्थान में मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बालिका देखभाल संस्थान सुंदरनगर में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सुंदरनगर पूनम चौहान ने की। इस अवसर पर पूनम चौहान ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के रूप में मनाया जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बच्चों का विकास ही देश का विकास है। बाल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बच्चों को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



### सेवा संकल्प समिति ने मरीजों को बांटे 2.78 लाख रुपए



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की मासिक बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें गंभीर बीमारियों से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर 26 मरीजों को कुल 2 लाख 78 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बैठक में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पहले 40 आवेदनों की जांच की गई, जिनमें 26 मरीज पात्र पाए गए। वहीं, 10 आवेदन निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरने के कारण रद्द किए गए, जबकि चार आवेदन लंबित रखे गए। शेष 11 आवेदनों पर अगले माह विचार किया जाएगा। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समिति ने निर्णय लिया कि अब प्रत्येक मासिक बैठक में पहले पहुंचने वाले 40 आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच होगी। समिति के नियमों के अनुसार एक व्यक्ति को दो वर्ष में केवल एक बार आर्थिक सहायता दी जाती है। उल्लेखनीय है कि समिति वर्ष 2011 से शिक्षा, स्वास्थ्य और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्य कर रही है। बैठक में 18 सदस्यों ने भाग लिया। समिति ने समाज के लोगों से इस सेवा कार्य में सहयोग देने की अपील की।

### नौलखा में 22 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित

**अनंत ज्ञान, महादेव।** जिला मंडी के नौलखा में शनिवार को पच्चीसी गेम एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन परीक्षण आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 से 22 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में जिला मंडी पच्चीसी गेम एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन कर विभिन्न पदों पर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। डॉ. संजय कुमार ने चयनित खिलाड़ियों और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### धवाली में आवारा कुत्तों को लगाए एंटी-रेबीज के टीके

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रेबीज की रोकथाम और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत धवाली में शनिवार को आवारा कुत्तों के टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र में घूम रहे आठ आवारा कुत्तों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई। गांवों में आवारा कुत्तों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पंचायत ने यह पहल की। अभियान में नगर पंचायत धर्मपुर की टीम ने विशेष सहयोग दिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने नगर पंचायत धर्मपुर की टीम का आभार जताते हुए कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और पशु कल्याण की दृष्टि से ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाना जरूरी है।



# चौहार घाटी में घास काट रही महिला पर भालू ने किया हमला

## चार-पांच मीटर तक घसीटा, चार दिन में भालू और तेंदुए ने दो पशुओं को भी बनाया शिकार

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी में जंगली भालुओं और तेंदुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के रुहंडू नामक स्थान पर घास काट रही महिला पर मादा भालू ने हमला कर दिया। भालू महिला को अपने पंजों में जकड़कर चार से पांच मीटर तक घसीट ले गया। अन्य महिलाओं और ग्रामीणों के शोर मचाने पर भालू उसे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में सेना देवी (50) पत्नी हीरा लाल घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार बड़ी झरवाड़ गांव की कुछ महिलाएं शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे रुहंडू की घासणी में घास काट रही थीं। इसी दौरान मादा भालू ने सेना देवी पर हमला कर दिया। भालू ने उसकी पीठ और गर्दन पर नाखूनों से चार गहरे घाव कर दिए। महिलाओं और साथ आए शांता कुमार के शोर मचाने पर उसकी जान बची। सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान सुभाष ठाकुर और उपप्रधान भागमल ठाकुर ने वन विभाग को सूचित किया। घायल महिला को बरोट स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. नेंसी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। उन्होंने महिला की हालत सामान्य बताई।

उधर, पिछले चार दिनों में छोटाभंगाल के बड़ा ग्रां में भालू ने एक भेड़ को मार डाला, जबकि तेंदुए ने घोड़चालक मिन्मरू राम के घोड़े को अपना शिकार बना लिया। इससे पहले भी लोहारड़ी में भालू चार भेड़ों को मार चुका है। दोनों घाटियों में भालुओं ने फसलों और पशुधन को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। गांवों के नजदीक दिन-दिहाड़े भालुओं की मौजूदगी से लोग दहशत में हैं।

खलैहल पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने वन विभाग से भालुओं को पकड़ने और पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। वन विभाग उरला के आरओ शिवम रतन ने बताया कि घायल महिला की हालत के अनुसार 15 हजार से 75 हजार रुपये तक उपचार सहायता का प्रावधान है। भालुओं को पकड़ने के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाएगा।



भालू के हमले में घायल सेना देवी का उपचार करती डॉक्टर। अनंत ज्ञान

# बाल दिवस पर काव्या ने चिट्टे के खिलाफ बुलंद की आवाज

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर के आश्रम परिसर में शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में बच्चों ने गीत, संगीत, नृत्य, नाटक और योग के माध्यम से प्रतिभा दिखाई। वहीं, काव्या ने चिट्टे के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ आवाज उठाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। समारोह में करीब 200 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण प्रकाश आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर समां बांधा। मुख्यातिथि एवं बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता मदन लाल वर्मा ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही देश का उज्ज्वल भविष्य है। उन्होंने शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम का खास आकर्षण काव्या का भाषण रहा। उसने चिट्टे को युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए समाज से नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इसके अलावा दर्पण ने एकल गान, बच्चों ने योग प्रदर्शन और नाटी प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।

अंत में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सोहन लाल कपिल ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मानद अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष बैरागी राम, सचिव खेम राज गुप्ता सहित आश्रम परिवार और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दीनबंधु सेवा मंडल में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन, मेधावी विद्यार्थियों और खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान




**सरकाघाट।** दीनबंधु सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल गृह भरनाल में शुक्रवार को बाल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर मुख्यातिथि तथा बाल कल्याण समिति मंडी की अध्यक्ष अलकनंदा हांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संस्था प्रभारी प्रेम सिंह ने अतिथियों का हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत, पहाड़ी नाटी, कविता पाठ, एकल गायन और देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रस्तुत जागरूकता नाटक भी आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सुरक्षित एवं खुशहाल जीवन के लिए समाज और सरकार को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की सराहना करते हुए बाल गृह को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि अलकनंदा हांडा ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए आयुष ठाकुर (96%), विकास (98.5%) और धर्मेंद्र (83.4%) को सम्मानित किया गया। वहीं, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार दिए गए। संस्था अध्यक्ष ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर लैब, खेल सुविधाओं और आधुनिक पुस्तकालय की आवश्यकता बताते हुए सहयोग की अपील की। संस्था ने वर्ष 1987 से बच्चों के संरक्षण और पुनर्वास में सेवाएं दी हैं।

# सीनियर फुटबॉल चैंपियनशिप का उदघाटन, 13 टीमें ले रही हैं हिस्सा



अनंत ज्ञान

**◆संतोष ट्रॉफी के लिए हिमाचल की टीम का होगा चयन, पहले मुकाबलों में कांगड़ा ने किन्नौर को हराया**

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में शनिवार को स्टेट सीनियर फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 13 टीमें भाग ले रही हैं। इस चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर संतोष ट्रॉफी के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला किन्नौर और कांगड़ा के बीच खेला गया, जिसमें कांगड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की।

वहीं, दूसरे मुकाबले में सिरमौर और सोलन की टीमें आमने-सामने रहीं। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और मैच 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। उद्घाटन अवसर पर हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव दीपक शर्मा अपनी धर्मपत्नी नंदिता शर्मा के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा डॉ. चंद्र प्रकाश कौशल, विजय रामशेर भंडारी, नरेंद्र सैनी, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास, भूपेंद्र काऊ, पंकज शर्मा, फुटबॉल कोच कमल किशोर, विक्रम बिष्ट, जगदीश राजा और वीरेंद्र सेन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर किया नमन




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी की ओर से शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष चम्पा ठाकुर ने की, जबकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मंडी जिला प्रभारी बलविंदर सिंह बबलू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में जन्मे नेहरू स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे और कई बार जेल गए। आजादी के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 17 वर्षों तक देश का नेतृत्व किया। इस दौरान योजना आयोग, परमाणु ऊर्जा आयोग, आईआईटी, एम्स, भेल, स्टील प्लांट और विश्वविद्यालयों की स्थापना सहित अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति विशेष लगाव के कारण नेहरू चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय हुए और उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बैठक में अनिल सेन, प्रदीप शर्मा, हेमराज ठाकुर, प्रकाश चंद ठाकुर, तोष कुमार, योगेश पटियाल, संजय शर्मा, गीतांजलि शर्मा, भीम सिंह ठाकुर, विवेक सैनी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कोटली कॉलेज में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली में राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करना, पुस्तकालय के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल संसाधनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। लाइब्रेरियन एवं क्लब सचिव कविता मल्होत्रा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य देविका वैद्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अंतर-कक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुस्तकालय, सामान्य ज्ञान, साहित्य एवं डिजिटल ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत 14 से 20 नवंबर तक विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 16 नवंबर को बुकमार्क निर्माण प्रतियोगिता, द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 17 नवंबर को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 18 नवंबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 19 नवंबर को पुस्तक समीक्षा गतिविधि तथा 20 नवंबर को पुस्तक प्रदर्शनी एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ना, उनमें रचनात्मकता एवं आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना तथा पुस्तकालय को ज्ञान, सूचना और व्यक्तित्व विकास के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

# निहरी कॉलेज में स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय निहरी की ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ओएसए) की ओर से व्याख्यान शृंखला-2 (2026) के तहत स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त स्वास्थ्य शिक्षक हेतराम ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को स्वस्थ जीवन के चार प्रमुख स्तंभ बताते हुए संतुलित दिनचर्या और अच्छी आदतें अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में ओएसए संयोजक डॉ. लीलाधर ने विचार रखे। प्राचार्य प्रो. शशि ने ओएसए की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इस अवसर पर ओएसए अध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष पुनीत कुमार, सचिव अजय कुमार, सदस्य विवेक, कर्म सिंह, रूपेश, ऋषभ भारद्वाज सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष दिनेश कुमार ने सभी का आभार जताया।

# हिमालयन स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



बाल दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक और भाषण प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। शिक्षकों ने भी मनोरंजक प्रस्तुतियां देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

पीटीएम में अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और परीक्षा परिणामों को लेकर शिक्षकों से चर्चा की। प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार जताया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव रणजीत सिंह, सह सचिव पूजा, शीला, हेमराज, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष खो-खो चैंपियनशिप जुखाला में शुरू

# कुल्लू ने टाई ब्रेकर में सिरमौर को 2 अंकों से हराया

अनंत ज्ञान



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि खिलाड़ियों के साथ सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**◆प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 जिलों के 240 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम**

**ब्यूरो, मंडी।** 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो चैंपियनशिप शनिवार को बिलासपुर जिला के जुखाला में शुरू हो गई। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता राम सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस मौके पर भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के महासचिव एल आर वर्मा व बिलासपुर जिला खो-खो संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि राम सिंह ठाकुर ने कहा कि खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।

उन्होंने कहा कि खेलों में हिस्सा लेने से बच्चों को नशे व अन्य बुरी आदतों से दूर रखा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अपनी ओर से 10 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पुरुष वर्ग में हमीरपुर व कांगड़ा जिला के मध्य मैच खेला गया, जिसमें हमीरपुर जिला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। बेहतरीन प्रदर्शन करने पर हमीरपुर जिला के अरुण कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच बिलासपुर व सोलन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम विजयी रही। कुल्लू व सिरमौर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें कुल्लू ने टाई ब्रेकर में सिरमौर की टीम को 32 के मुकाबले 34 अंकों से शिकस्त दी।

महिला वर्ग में पहला मुकाबला हमीरपुर व बिलासपुर के मध्य खेला गया, जिसमें हमीरपुर की टीम ने 1 अंक व एक पारी के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा मैच सिरमौर व शिमला के बीच खेला गया, जिसमें सिरमौर की टीम विजयी रही। वहीं, मंडी ने शिमला की टीम को 7 अंकों व एक पारी के अंतर से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मौके पर बिलासपुर खो-खो संघ के अध्यक्ष पवन ठाकुर व महासचिव एवं प्रतियोगिता के आयोजन सचिव चुनी लाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा, जिसमें स्थानीय व्यवसायी एवं समाजसेवी अमित शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

**निराशा** के समान दूसरा पाप नहीं। आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है तो निराशा घोर अंधकार है।

-रश्मिमाला

## संपादकीय

# हर मांग पर हां क्यों?

बच्चों का पालन-पोषण केवल उनकी इच्छाओं और मांगों को पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराना भी माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की कोमल भावनाओं को समझना चाहिए, उनकी इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बार-बार रोकना-टोकना नहीं चाहिए। माता-पिता भी चाहते हैं कि उनके बच्चे हमेशा खुश रहें और उन्हें किसी तरह की निराशा का सामना न करना पड़े। इसी सोच के चलते कई बार वे बच्चों की छोटी-बड़ी हर मांग पूरी कर देते हैं। हालांकि, बाल मनोविज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों को हर बार हां कहना उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए उचित नहीं है। उन्हें समय-समय पर न सुनने की आदत भी डालनी चाहिए, ताकि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना सीख सकें।

दरअसल, बचपन जीवन का वह दौर होता है, जब व्यक्ति के व्यवहार, सोच और व्यक्तित्व की नींव तैयार होती है। यदि किसी बच्चे को घर में हमेशा उसकी इच्छा के अनुसार सब कुछ मिलता रहे तो उसके मन में यह धारणा विकसित हो सकती है कि उसकी प्रत्येक मांग पूरी होना उसका अधिकार है। ऐसे बच्चे जब घर से बाहर निकलकर स्कूल, खेल के मैदान या सामाजिक जीवन में दूसरे लोगों के संपर्क में आते हैं तो उन्हें अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। वहां उनकी हर इच्छा पूरी करने वाला कोई नहीं होता। कई बार उन्हें अपनी बात मनवाने के बजाय दूसरों की बात स्वीकार करनी पड़ती है। ऐसी परिस्थितियों में हमेशा हां सुनने के आदी बच्चों को निराशा और असफलता स्वीकार करने में परेशानी हो सकती है। उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए बचपन से ही उन्हें यह समझाना आवश्यक है कि जीवन में हर इच्छा पूरी होना संभव नहीं है।

हमारे पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भी बुजुर्गों की ओर से बच्चों के पालन-पोषण को लेकर कई महत्वपूर्ण सीख दी जाती रही हैं। कहा जाता था कि बच्चों को बिगाड़ना हो तो उनकी हर जिद पूरी कर दो, लेकिन उन्हें जिम्मेदार और समझदार बनाना है तो उनकी हर मांग स्वीकार मत करो। यह सीख आज के उपभोक्तावादी दौर में और भी प्रासंगिक हो गई है। बाजार में उपलब्ध वस्तुओं, विज्ञापनों और आसपास के लोगों को देखकर बच्चे भी नई-नई चीजों की मांग करने लगते हैं। कई बार माता-पिता आर्थिक सामर्थ्य होने के बावजूद उनकी प्रत्येक इच्छा पूरी कर देते हैं। इससे बच्चों में जरूरत और इच्छा के बीच अंतर समझने की क्षमता विकसित नहीं हो पाती। उन्हें मेहनत, बचत और संसाधनों के महत्व का ज्ञान भी नहीं मिल पाता। इसलिए माता-पिता को बच्चों को यह समझाना चाहिए कि किसी वस्तु का पसंद आना और उसका जरूरी होना दो अलग-अलग बातें हैं।

बच्चों को न कहना भी एक कला है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उनकी भावनाओं को नजरअंदाज किया जाए या हर बात पर कठोर व्यवहार किया जाए। माता-पिता को उनकी भावनाओं को समझते हुए अपनी बात स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि कोई बच्चा पार्क में खेल रहा है और घर लौटने का समय होने पर वहां से जाने से मना करता है तो उसे डांटने के बजाय प्यार से समझाया जा सकता है कि खेलना अच्छा लग रहा है, लेकिन अब घर जाने का समय हो गया है। इसी तरह किसी दुकान या मॉल में बच्चा अपनी पसंद का सामान खरीदने की जिद करे तो माता-पिता उसे समझा सकते हैं कि हर पसंद की वस्तु खरीदना जरूरी नहीं होता। इस तरह बच्चे धीरे-धीरे अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना और परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखते हैं।

आज के समय में मोबाइल फोन भी बच्चों की जिद का बड़ा कारण बन गया है। कई माता-पिता बच्चों के रोने या नाराज होने के डर से कम उम्र में ही उन्हें मोबाइल फोन दे देते हैं। धीरे-धीरे बच्चे इसके आदी हो सकते हैं और पढ़ाई, खेलकूद तथा परिवार के साथ बातचीत में उनकी रुचि प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञ भी बच्चों की उम्र के अनुसार स्क्रीन के उपयोग को सीमित रखने पर जोर देते हैं। ऐसे में माता-पिता को आवश्यकता पड़ने पर स्पष्ट रूप से मना करना चाहिए। उन्हें यह बताना चाहिए कि अभी मोबाइल इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती। केवल बच्चे को चुप कराने के लिए उसकी मांग मान लेना भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय खेल जगत की गौरवशाली पहचान



**सानिया मिर्जा**
**जन्म :** 15 नवंबर 1986

**सानिया** मिर्जा भारतीय टेनिस की सबसे सफल और प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं। उनका जन्म 15 नवंबर 1986 को हुआ था। उन्होंने अपने शानदार खेल, मेहनत और उपलब्धियों के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। वह महिला युगल में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। अपने पेशेवर करियर में उन्होंने कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते, जिनमें तीन महिला युगल और तीन मिश्रित युगल वर्ग के खिताब शामिल हैं। सानिया ने वर्ष 2003 से 2013 में एकल टेनिस से संन्यास लेने तक भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी का स्थान बनाए रखा।

एकल मुकाबलों में सानिया ने स्वेतलाना कुजनेत्सोवा, वेरा ज्वोनारेवा और मैरियन बार्तोली जैसी दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वह वर्ष 2007 में विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान तक पहुंचीं, जो किसी भारतीय महिला खिलाड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग है। कलाई में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें एकल मुकाबलों से दूरी बनाकर युगल वर्ग पर ध्यान केंद्रित करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने अपने करियर में 43 युगल खिताब जीते और 91 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक युगल खिलाड़ी बनी रहीं। वर्ष 2014 में कारा ब्लैक के साथ उन्होंने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता। इसके बाद 2015 में मार्टिना हिंगिस के साथ इस खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जोड़ी ने लगातार 44 मुकाबले जीतकर टेनिस इतिहास की यादगार उपलब्धियों में अपना नाम दर्ज कराया।

सानिया मिर्जा ने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और एफ्रो-एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 14 पदक जीते, जिनमें छह स्वर्ण पदक शामिल हैं। वर्ष 2005 में उन्हें डब्ल्यूटीए की ओर से 'न्यूकमर ऑफ द ईयर' चुना गया। वर्ष 2015 में मार्टिना हिंगिस के साथ उन्हें वर्ष की सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ी का सम्मान मिला। खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हुए। वर्ष 2005 में प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका ने उन्हें एशिया के 50 नायकों में शामिल किया। वर्ष 2013 में उन्हें दक्षिण एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र महिला सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया।



### कोई करे तो क्या करे

उदयवीर भारद्वाज
भारद्वाज भवन, मंदिर मार्ग, कांगड़ा (हि.प्र.)

**कोई** करे तो क्या करे, साया ही जब साथ ना दे
आता नहीं कोई जख्म सीने, अपने ही जब गहरे घाव दें
मुर्दा हुआ जब, रो-रो कर चैन से सोने न देंगे
रह गया जिंदा जीने न देंगे, उत्तर सके न दिल में
पत्थर मुझे समझने वाले, क्या बुरा किया तुम्हारा
पाल लिए क्यों वहम दिल में, हैं सब अपने
प्यार मोहब्बत से जी लो यारो,लुट गया या लुटा दिया सब मैंने
इस घड़ी पास नहीं कुछ मेरे, क्यों हुआ कैसे हुआ
समझ कुछ आता नहीं, इन्तेहा से गुजर गया अंध प्यार में
परख न सका स्वार्थ तेरे, थोड़ी-थोड़ी समझ आ रही
गवा कर रिश्ते नाते सारे, क्या कहूँ
जुबां बंद है देख, बर्बादी के नजारे
कोई करे तो क्या करे, साया ही जब साथ न दे
आता नहीं कोई जख्म सीने, अपने ही जब गहरे घाव दें

# डिग्री ही नहीं, आत्मनिर्भरता का माध्यम भी है इग्नू



दिनेश दमाथीआ
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने का जो सपना देखा गया था, उसे साकार करने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्ष 1985 में संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित यह विश्वविद्यालय आज दुनिया के सबसे बड़े मुक्त विश्वविद्यालयों में शामिल है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली के मैदान गढ़ी में स्थित है, लेकिन इसकी शैक्षणिक पहुंच देश के कोने-कोने से लेकर विदेशों तक फैली हुई है। इग्नू की स्थापना के पीछे उद्देश्य उन लाखों लोगों को उच्च शिक्षा से जोड़ना था, जो किसी कारणवश नियमित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में दाखिला नहीं ले पाते। कामकाजी लोगों, गृहिणियों, किसानों, मजदूरों और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के लिए इग्नू ने शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था में समय और स्थान की बाध्यताएं होती हैं, जबकि मुक्त शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है। यही वजह है कि इग्नू ने उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाने में अहम योगदान दिया है।

इग्नू की सबसे बड़ी विशेषता इसके पाठ्यक्रमों की विविधता है। यहां प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और शोध कार्यक्रमों तक अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। कला, विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, कंप्यूटर, शिक्षा, कृषि, पर्यटन, पत्रकारिता और जनसंचार जैसे विषयों में विद्यार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रम चुन सकते हैं। पत्रकारिता और जनसंचार में पीजी डिप्लोमा भी विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय पाठ्यक्रमों में शामिल है। इसके माध्यम से प्रिंट पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जनसंपर्क, विज्ञापन और डिजिटल मीडिया से संबंधित जानकारी दी जाती है। इसी तरह प्रबंधन में एमबीए, ग्रामीण विकास में एमए और शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रम युवाओं को रोजगार तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

इग्नू की शिक्षण प्रणाली पारंपरिक विश्वविद्यालयों से अलग है। यहां विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जिसके माध्यम से वे घर बैठे अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री विशेषज्ञों द्वारा तैयार की जाती है, ताकि विद्यार्थी बिना नियमित कक्षाओं में उपस्थित हुए भी विषयों को समझ सकें। इसके अतिरिक्त अध्ययन केंद्रों पर समय-समय पर परामर्श कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जहां विद्यार्थी शिक्षकों से अपने सवालों के जवाब प्राप्त कर सकते हैं। सप्ताहांत में आयोजित होने वाली इन कक्षाओं से विशेष रूप से उन लोगों को सुविधा मिलती है, जो नौकरी या अन्य जिम्मेदारियों के कारण नियमित रूप से कॉलेज नहीं जा सकते।



डिजिटल युग में इग्नू ने भी अपनी शिक्षण व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ा है। ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-ज्ञानकोश, ई-पुस्तकालय, स्वयं पोर्टल और डिजिटल माध्यमों से विद्यार्थियों को घर बैठे पढ़ने की सुविधा मिल रही है। इंटरनेट और मोबाइल के माध्यम से विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन विद्यार्थियों को विशेष लाभ हुआ है, जो दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और जिनके लिए नियमित अध्ययन केंद्र तक पहुंचना आसान नहीं होता। विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था भी विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर संचालित की जाती है। परीक्षाएं सामान्यत: वर्ष में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित होती हैं। इसके साथ ही निर्धारित समय पर असाइनमेंट जमा करना भी पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इग्नू की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण इसकी अपेक्षाकृत किफायती फीस है। नियमित विश्वविद्यालयों की तुलना में यहां अनेक पाठ्यक्रमों की फीस कम होती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को पात्रता तथा निर्धारित नियमों के अनुसार कुछ पाठ्यक्रमों में फीस संबंधी छूट भी दी जाती है। यही सुविधा इग्नू को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने में मददगार साबित हुई है। विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थी, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं, उनके लिए मुक्त विश्वविद्यालय एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आया है।

अक्सर विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में यह सवाल रहता है कि क्या इग्नू की डिग्री से सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी मिल सकती है? इसका जवाब है कि मान्यता प्राप्त इग्नू की डिग्रियां निर्धारित नियमों और संबंधित भर्ती की पात्रता शर्तों के अनुसार मान्य होती हैं। सरकारी नौकरियों, प्रतियोगी परीक्षाओं और निजी क्षेत्र में भी इन डिग्रियों का महत्व है। हालांकि, प्रत्येक पद के लिए संबंधित भर्ती संस्था द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अन्य शर्तों को पूरा करना आवश्यक होता है। पत्रकारिता का अध्ययन करने वाले विद्यार्थी समाचार पत्रों, डिजिटल मीडिया, विज्ञापन, जनसंपर्क और कंटेंट लेखन जैसे क्षेत्रों में अवसर तलाश सकते हैं। इसी प्रकार प्रबंधन, ग्रामीण विकास और अन्य विषयों के विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुसार विभिन्न संस्थानों और कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

देशभर में फैले क्षेत्रीय और अध्ययन केंद्र इग्नू की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। इन केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश, अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, परीक्षा और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं से संबंधित सहायता मिलती है। पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र और अध्ययन केंद्र संचालित हैं। सरकारी तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित अध्ययन केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर मार्गदर्शन प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अमरनाथ हिम शिवलिंग : आस्था, विज्ञान और जलवायु परिवर्तन



राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, उप तहसील लंबलू
जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमालय की ऊंचाइयों पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां प्राकृतिक रूप से बनने वाला हिम शिवलिंग भगवान शिव का दिव्य स्वरूप माना जाता है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु कठिन यात्रा कर इसके दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हाल के वर्षों में हिम शिवलिंग के अपेक्षाकृत जल्दी पिघलने की घटनाओं ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है- क्या इसके पीछे जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वैश्विक तापमान, मौसम में बदलाव या श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या जिम्मेदार है?

इसका उत्तर किसी एक कारण में नहीं, बल्कि कई कारकों के संयुक्त प्रभाव में निहित है।वैज्ञानिकों के अनुसार, हिम शिवलिंग का निर्माण पूरी तरह प्राकृतिक प्रक्रिया है। गुफा के भीतर का तापमान, आर्द्रता, हवा का प्रवाह, बाहर की बर्फबारी तथा चट्टानों से टपकने वाली जल बूंदों का जमना-ये सभी मिलकर इसके आकार और स्थायित्व को प्रभावित करते हैं। इसलिए इसके जल्दी पिघलने का कारण केवल एक कारक को नहीं माना जा सकता।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव आज पूरी दुनिया के साथ हिमालयी क्षेत्र में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। औसत तापमान में वृद्धि, बर्फबारी के पैटर्न में बदलाव और लंबे समय तक गर्म रहने वाली परिस्थितियां प्राकृतिक हिम संरचनाओं को प्रभावित करती हैं। यदि गुफा और उसके आसपास का तापमान सामान्य से अधिक रहता है, तो हिम शिवलिंग का जल्दी पिघलना स्वाभाविक है। अनेक वैज्ञानिक इसे हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों से जोड़कर देखते हैं।

दूसरी ओर, अमरनाथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति भी गुफा की सूक्ष्म जलवायु पर कुछ प्रभाव डाल सकती है। मानव शरीर से निकलने वाली ऊष्मा, सांसों से बढ़ने वाली नमी, कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाएं स्थानीय तापमान और आर्द्रता में परिवर्तन ला सकती हैं। हालांकि अब तक उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाण यह सिद्ध नहीं करते कि यही अकेला या सबसे बड़ा कारण है। इस विषय पर अभी और विस्तृत शोध की आवश्यकता है। समाधान का पहला कदम अमरनाथ गुफा और उसके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए उसका वैज्ञानिक संरक्षण करना है। गुफा के भीतर तापमान, आर्द्रता, कार्बन डाइऑक्साइड तथा अन्य पर्यावरणीय मानकों की नियमित निगरानी की जानी चाहिए। इससे हिम शिवलिंग के निर्माण और संरक्षण को प्रभावित करने वाले प्राकृतिक कारकों को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा।



यात्रा प्रबंधन भी संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए भीड़ का वैज्ञानिक प्रबंधन, समयबद्ध दर्शन, पर्यावरण-अनुकूल प्रकाश व्यवस्था, प्लास्टिक पर नियंत्रण तथा कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जानी चाहिए, ताकि गुफा के प्राकृतिक वातावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

हिमालय को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक स्तर पर भी प्रयास आवश्यक हैं। स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना, कार्बन उत्सर्जन कम करना, वनों का संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक होंगे। साथ ही प्रत्येक श्रद्धालु की भी जिम्मेदारी है कि वह यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखे, प्लास्टिक का उपयोग न करे और प्रशासन द्वारा जारी पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का पालन करे।

अमरनाथ का हिम शिवलिंग आस्था के साथ हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण का भी प्रतीक है। इसके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार यात्रा प्रबंधन और जन-जागरूकता आवश्यक हैं। आस्था और विज्ञान के संतुलित प्रयास ही इस अमूल्य प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जिज्ञासु बनें विद्यार्थी, 'कब, क्यों, कैसे' की सोच विकसित करें



लकेश चंदेल
अध्यापक, घुमारवीं (हिमाचल गौरव राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विद्यार्थियों में कब क्यों और कैसे जिज्ञासा भरे प्रसन्न पूछना उनके अंदर विज्ञान के प्रति भावना को दर्शाता है। अध्यापक और अभिभावकों को बच्चों के 'क्यों' और 'कैसे' वाले सवालों का जवाब हमेशा प्यार, धैर्य, सच्चाई और उम्र के अनुसार सरलता से देना चाहिए ताकि बच्चों में सीखने की ललक बनी रहे। जब बच्चे क्यों, कब, और कैसे, जैसे सवाल पूछते हैं तो वे अपनी दुनिया को समझने की कोशिश कर रहे होते हैं।

बच्चों की इस जिज्ञासा को कभी भी डांटकर दबाना नहीं चाहिए। डांटने से बच्चे का आत्मविश्वास टूट सकता है और वह भविष्य में सवाल पूछने से डरने लगता है। प्रश्न पूछने की आदत शिक्षा की नींव है इसलिए इसे हमेशा सकारात्मक रूप से लें। यह बातें रटने की प्रवृत्ति को खत्म करके मौलिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वास्तविक ज्ञान का विकास करती है। इससे छात्र किसी भी विषय की गहराई तक पहुंच सकते हैं और उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता मजबूत होती है। जब छात्र 'क्यों' पूछते हैं तो वे केवल सतही जानकारी नहीं बल्कि विषय के मूल कारण और सिद्धांत को समझते हैं। समस्या समाधान 'कैसे' का सवाल छात्रों को किसी भी परिस्थिति में समाधान खोजने और तार्किक तरीके से सोचने के लिए प्रेरित करता है। सृजनात्मकता से विद्यार्थियों में नई खोज और विचारों को जन्म देने की क्षमता बढ़ती है।

यह भावना विकसित करने के लिए खुला वातावरण बनाएं, कक्षाओं और घरों में छात्रों को बिना किसी डर के सवाल पूछने की पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए तथा प्रैक्टिकल लर्निंग को बढ़ावा दें। केवल किताबों तक सीमित रहने के बजाय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद जैसे संस्थान की प्रयोगात्मक शिक्षा पर भी जोर देना चाहिए। बच्चों में तर्क वितर्क करने की आदत डालें। छात्रों को किसी भी जानकारी को सीधे स्वीकार करने के बजाय उसके पीछे के तथ्यों की जांच करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। किसी भी शिक्षक या मार्गदर्शक को छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सबसे पहले एक आधुनिक मानसिकता की आवश्यकता होती है।



यह गुण उन्हें बच्चों में खुले विचारों को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। शिक्षकों को कक्षा में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना चाहिए। जब शिक्षक किसी विद्यार्थी से किसी विशेष अवधारणा के बारे में क्यों या कैसे से संबंधित प्रश्न पूछते हैं तो विद्यार्थी कक्षा के सामने उत्तर देने में आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं। शिक्षकों को विद्यार्थियों को ऐसे कार्य सौंपने चाहिए जिनमें उन्हें डेटा का विश्लेषण करना, समस्याओं को हल करना और अपनी आलोचनात्मक सोच का उपयोग करना पड़े।

ऐसा अभ्यास विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करता है और उन्हें अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का आत्मविश्वास प्रदान करता है। जो छात्र बचपन से ही वैज्ञानिक सोच विकसित कर लेते हैं, वे अक्सर आगे चलकर वैज्ञानिक खोजों में योगदान देते हैं । ऐसा करने से राष्ट्र की समग्र प्रगति और नवाचार में योगदान मिलता है। छात्रों को वैज्ञानिक सोच के साथ भविष्य के लिए तैयार करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हर एक व्यक्ति वैज्ञानिक नहीं बन सकता, परंतु वैज्ञानिक सोच तो बना सकता है। वैज्ञानिक सोच से हर व्यक्ति के जीवन में बदलाव आता है। विज्ञान की पढ़ाई को रुचिकर बनाना जरूरी है तथा इस हेतु कक्षा में प्रोजेक्ट्स कार्य करवाना, वैज्ञानिक प्रदर्शनी आदि को बढ़ावा देना चाहिए। समाज में नई सोच लाने में विज्ञान व वैज्ञानिक चिंतन बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है।

बाल मनोविज्ञान के अनुसार, बच्चे 2 से 5 साल की उम्र के बीच सबसे अधिक क्यों, कब और कैसे के प्रश्न पूछते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोध के मुताबिक, इस उम्र में बच्चे औसतन 40,000 सवाल पूछते हैं। कुल मिलाकर, बच्चों के हर प्रश्न का उत्तर विनम्रता, प्रेम व तथ्यों पर आधारित सच्चाई से देना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मंडी की लोक संस्कृति : नाटी और पारंपरिक वेशभूषा की अनमोल विरासत



डॉ. कमल के 'प्यासा'
लोअर समखेतर, मंडी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकगीत, लोकनृत्य और लोक वेशभूषा किसी भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान होते हैं। इनके माध्यम से उस क्षेत्र के इतिहास, सामाजिक जीवन, रीति-रिवाज, भावनाओं और भौगोलिक परिस्थितियों का सहज परिचय मिलता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र की लोक संस्कृति भी अपनी समृद्ध परंपराओं, मधुर लोकगीतों, प्रसिद्ध नाटी और विशिष्ट पारंपरिक परिधानों के कारण विशेष स्थान रखती है।

मंडी के लोकगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि लोकजीवन का जीवंत दस्तावेज हैं। इनमें प्रेम, विरह, भक्ति, तीज-त्योहार, ऋतु परिवर्तन और पारिवारिक संबंधों का सुंदर चित्रण मिलता है। प्रेम गीतों में पति-पत्नी के स्नेह और अपनत्व का भाव दिखाई देता है, जबकि विरह गीतों में दूर रह रहे प्रियजन की याद और उससे बिछड़ने की पीड़ा मार्मिक रूप से व्यक्त होती है। इसी प्रकार धार्मिक लोकगीतों में देवी-देवताओं की स्तुति, माता की भेंटें और भजन प्रमुख हैं। इन गीतों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक संदर्भ भी मिलते हैं, जैसे माता के प्रति मुगल सम्राट अकबर की श्रद्धा का उल्लेख। मंडी क्षेत्र के तीज-त्योहारों से जुड़े लोकगीत सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विशेष रूप से चैत्र मास में गाई जाने वाली छिंज और छिंजोटियां तत्कालीन समाज में महिलाओं की स्थिति का सजीव चित्र प्रस्तुत करती हैं। इन गीतों में विवाह के बाद मायके से दूर रहने वाली बेटियों का दर्द, ससुराल में मिलने वाले कष्ट, माता-पिता से मिलने की लालसा और पारिवारिक संवेदनाएं अत्यंत मार्मिक रूप में व्यक्त होती हैं।

इन लोकगीतों से उस समय की सामाजिक व्यवस्था, महिलाओं की भावनाओं और पारिवारिक संबंधों की वास्तविक झलक मिलती है। जन्म से लेकर विवाह तक प्रत्येक संस्कार के अपने लोकगीत हैं। जन्म के अवसर पर बधाई गीत तथा विवाह में लगन, मेहंदी, तेल, सेहरा, घोड़ी, फेरे, विदाई और धाम जैसे अनेक अवसरों पर अलग-अलग गीत गाए जाते हैं। इन गीतों के माध्यम से लोक परंपराओं का संरक्षण होता है। मंडी की नाटी हिमाचल की सबसे लोकप्रिय लोकनृत्य परंपराओं में से एक है। यह सामूहिक नृत्य मेलों, त्योहारों, विवाह समारोहों और अन्य सामाजिक अवसरों पर किया जाता है। नाटी में महिलाएं और पुरुष बिना किसी भेदभाव के एक साथ भाग लेते हैं। ढोल, नगाड़ा, शहनाई, करनाल और नरसिंघा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र इसकी विशेष पहचान हैं। कृषि से जुड़े अवसरों पर बिरसू नाटी और सैरी नाटी जैसी विशेष नाटियों का आयोजन भी स्थानीय जीवन और प्रकृति से गहरे संबंध को दर्शाता है। मंडी की पारंपरिक वेशभूषा भी इसकी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है। पुरुष विशेष अवसरों पर चोलू, चूड़ीदार पायजामा, पटका, पहाड़ी टोपी और पारंपरिक जूते पहनते हैं, जबकि महिलाएं ढाठू, झगी, सुथन और काला पट्टू धारण करती हैं।



इनके साथ सोने-चांदी के आभूषण, जैसे नथ, तिल्ली, टीक, चूड़ियां, हार और पाजेब, पारंपरिक शृंगार को पूर्णता प्रदान करते हैं। यद्यपि आधुनिक जीवनशैली के कारण इन परिधानों का दैनिक उपयोग कम हो गया है, फिर भी विवाह, नाटी और धार्मिक आयोजनों में इनकी परंपरा आज भी जीवित है। मंडी की लोक संस्कृति केवल गीत, नृत्य और वेशभूषा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मूल्यों, पारिवारिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त माध्यम है।

इन लोक परंपराओं का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। नई पीढ़ी यदि इन्हें अपनाए और आगे बढ़ाए, तो यह अमूल्य धरोहर आने वाले समय में भी अपनी समृद्ध पहचान बनाए रखेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमदान से ग्रामीणों ने संवारी सात किमी सड़क



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुग्गा तहसील की धाली पंचायत के ग्रामीणों ने सरकारी बजट का इंतजार किए बिना श्रमदान से शिल्ली से नीन तक सात किलोमीटर सड़क की मरम्मत का बीड़ा उठाया है। चार दिनों से जारी अभियान में तीन किलोमीटर से अधिक सड़क दुरुस्त की जा चुकी है। पंचायत प्रधान अनोखी राम, उपप्रधान देवेंद्र शर्मा और सहकारी सभा सचिव अमर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में धाली बागड़ा, शिल्ली और पनीसेर के ग्रामीण गड्ढे भरने और सड़क को वाहनों के योग्य बनाने में जुटे हैं। पंचायत को अभी सड़क मरम्मत के लिए बजट उपलब्ध नहीं हुआ है। अमर सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1996 में भी ग्रामीणों ने श्रमदान से करीब 15 किलोमीटर सड़क बनाई थी। अब शिल्ली से नीन तक काम पूरा होने के बाद शिल्ली से चलोग पजाल सड़क को भी दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

### टीजीटी शिक्षकों के वरिष्ठता लाभों में भेदभाव क्यों? : प्रवीण शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने टीजीटी शिक्षकों को वरिष्ठता लाभ देने में कथित भेदभाव पर सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2008 के टीजीटी शिक्षकों को न्यायालय के आदेशों के बावजूद उनके जायज लाभ नहीं मिल रहे हैं। शर्मा ने कहा कि समय पर वरिष्ठता मिलती तो कई शिक्षक प्रधानाचार्य बन चुके होते और लाखों रुपये के वित्तीय लाभ भी प्राप्त कर सकते थे। उन्होंने सवाल उठाया कि एक ही विभाग में अलग-अलग मापदंड क्यों अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ शिक्षकों को छोटे विभागीय कार्यों के लिए भी कनिष्ठ कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। प्रवीण शर्मा ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावित शिक्षकों को न्याय दिलाने तथा उनके लंबित वरिष्ठता और वित्तीय लाभ शीघ्र प्रदान करने की मांग की।

### चौड़ा मैदान से आज शुरू होगा सड़कों की बहाली का कार्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी में 24 घंटे पेयजल परियोजना के तहत खोदी गई सड़कों की बहाली का कार्य तेज हो गया है। बालूगांज और खलीनी बाजार में मेटलिंग पूरी होने के बाद रविवार से चौड़ा मैदान से एवालॉज होते हुए एडवांस स्टडी चौक तक सड़क की मरम्मत शुरू होगी। इसके लिए सुएज कंपनी की टीम तैनात रहेगी। वहीं, संजौली कॉलेज से आईजीएमसी मार्ग की बहाली भी जल्द शुरू होगी। सोमवार से 103-टूटीकंडी संपर्क मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। इससे तीन से चार दिन तक यातायात प्रभावित रहने की संभावना है। विभाग ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

# हिमाचल में रास्ता रोकने वालों की अब खैर नहीं!

## 50 हजार जुर्माना और बिजली-पानी के कटेंगे कनेक्शन, अतिक्रमणकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब किसी के रास्ते पर अवैध कब्जा करना या आम लोगों की आवाजाही रोकना भारी पड़ सकता है। राज्य सरकार ने रास्तों को अतिक्रमण से मुक्त करवाने और ग्रामीणों को बड़ी राहत देने के लिए सख्त कदम उठाया है। नए प्रावधानों के तहत सार्वजनिक और गैर-मुमकिन रास्तों पर अवैध कब्जा करने वालों पर 50 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों के संबंधित घरों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटने का भी प्रावधान किया गया है। सरकार के इस फैसले से वर्षों से रास्तों को लेकर विवाद झेल रहे किसानों, बागवानों और ग्रामीण परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में भू-संशोधन नियमों में बदलाव को मंजूरी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य रास्तों से जुड़े विवादों का तेजी से निपटारा करना और आम लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत दिलाना है।

### किसानों, बागवानों और ग्रामीण परिवारों को मिलेगी बड़ी राहत

**पहाड़ी** राज्य में रास्तों का महत्व उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है। खासकर सेब उत्पादक क्षेत्रों में बागवानों को अपनी फसल बगीचों से मंडियों तक पहुंचाने के लिए रास्तों पर निर्भर रहना पड़ता है। रास्ते बंद होने से जहां लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है, वहीं किसानों और बागवानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। ऐसे में सरकार के नए फैसले से सार्वजनिक रास्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अतिक्रमण पर रोक लगाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों के आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव आने की उम्मीद है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों को लेकर विवाद लंबे समय से बड़ी समस्या बने हुए हैं। कई जगहों पर जमीन मालिकों की ओर से रास्ते बंद करने, सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा करने और लोगों की आवाजाही रोकने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसका सबसे अधिक खामियाजा उन परिवारों को भुगतना पड़ता है, जिन्हें अपने घरों, खेतों और बगीचों तक पहुंचने के लिए इन रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ता है। गैर-मुमकिन रास्ते की बात करें तो जमीन की निशानदेही या प्लॉट की बिक्री के दौरान आवाजाही की सुविधा के लिए छोड़ी गई लगभग दो से तीन मीटर जगह को रास्ते के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे रास्तों पर कोई व्यक्ति मनमाने ढंग से कब्जा नहीं कर सकेगा और न ही उन्हें बंद करके दूसरों की आवाजाही बाधित कर पाएगा।

वहीं, सरेआम रास्ते पारंपरिक सार्वजनिक रास्ते होते हैं, जिनका इस्तेमाल लोग लंबे समय से आवागमन के लिए करते आ रहे हैं। इन रास्तों पर भी किसी व्यक्ति को अवैध कब्जा करने या आम लोगों की आवाजाही रोकने का अधिकार नहीं होगा।

नए नियमों में सबसे बड़ा बदलाव प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर किया गया है। अब तहसीलदारों को रास्तों पर अवैध कब्जे और आवाजाही रोकने से जुड़े मामलों में सीधे कार्रवाई करने तथा जुर्माना लगाने की शक्तियां दी गई हैं। इससे प्रभावित लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए बार-बार सिविल कोर्ट या एसडीएम कोर्ट के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रशासन मौके पर ही मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर सकेगा। इससे न केवल विवादों के निपटारे में तेजी आएगी, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे भूमि और रास्तों से जुड़े झगड़ों पर भी अंकुश लगने की उम्मीद है।

# लवी मेले में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार



अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 के तहत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सम्मानित किया। बुशहर रिजेंसी होटल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्रदान किए गए। उपायुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनके विचार और अनुभव भी जाने।

प्रतियोगिता में 249 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था, जबकि 188 ने भाग लिया। कनिष्ठ हिंदी वर्ग में योवेला देवयानी, प्रियंशी और साक्षी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। अंग्रेजी वर्ग में निधि ठाकुर, अंशिका पलसरा और रिधिका विजेता रहीं। वरिष्ठ हिंदी वर्ग में स्वरित ठाकुर प्रथम, इशिता द्वितीय और विशाखा आर्यवंशी तृतीय रहीं। अंग्रेजी वर्ग में कविता मल्होत्रा प्रथम, अर्चि पॉल द्वितीय और आरना तृतीय स्थान पर रहीं। महाविद्यालय वर्ग में चार छात्राओं को 2500-2500 रुपए दिए गए।

### ◆ उपायुक्त अनुपम कश्यप ने किया सम्मानित

प्रथम स्थान के लिए 15 हजार, द्वितीय के लिए 10 हजार और तृतीय स्थान के लिए पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं लेखन कौशल और रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ साहित्यिक गतिविधियों में भी भाग लेने का आह्वान किया।

# भड़ेच में महिला और युवा मंडल ने संभाली स्वच्छता की कमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच के गांव भड़ेच में महिला मंडल और युवा मंडल ने स्वच्छता की मिसाल पेश करते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया। महिला मंडल भड़ेच, नव ज्योति युवा मंडल और अन्य ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पेयजल भंडारण टैंक, सार्वजनिक रास्तों और सामुदायिक मंदिर परिसर की सफाई की। अभियान में ग्रामीणों ने श्रमदान कर गांव को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



साफ-सफाई करती महिला मंडल की सदस्य और ग्रामीण।

### ◆ प्रधान तनुजा शर्मा की मौजूदगी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर दिखाई सामुदायिक एकजुटता

ग्राम पंचायत प्रधान तनुजा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस अभियान में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रधान ने सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीणों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने जल स्रोतों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक परिसरों की नियमित साफ-सफाई एवं संरक्षण पर जोर दिया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, स्वस्थ वातावरण और सामुदायिक संपत्तियों की देखभाल का संदेश दिया गया।

# ओकओवर में सीएम सुक्खू ने सुनीं जनसमस्याएं

## लोगों से किया सीधा संवाद, विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओकओवर में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और जनहित से जुड़ी समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री से मिले।



ओकओवर में सीएम सुक्खू आम जनता की समस्याएं सुनते हुए।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को समझा। ओकओवर में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री का आम लोगों से आत्मीय संवाद देखने को मिला।

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और उनके उचित समाधान को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए लोगों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना।

जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। ओकओवर में हुई इस मुलाकात ने एक बार फिर सरकार और आम जनता के बीच सीधे संवाद की अहमियत को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री का लोगों से मिलना और उनकी समस्याओं को सुनना जनसरोकारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश देता नजर आया।

# एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब का भुगतान कब करेगी सरकार? : बरागटा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत खरीदे गए सेब की बोरियों का भुगतान लंबित रहने पर भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा ने प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सीधा सवाल करते हुए पूछा है कि आखिर बागवानों को उनकी मेहनत की कमाई कब मिलेगी? उन्होंने कहा कि सेब खरीदने के बाद भुगतान के लिए बागवानों को लगातार इंतजार करवाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जब खरीद प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो भुगतान जारी करने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है।



चेतन बरागटा ने कहा कि सरकार की ओर से एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब के भुगतान के लिए बागवानों से पर्चियां और तरतीमें

### ◆ बागवानों की मेहनत की कमाई पर क्यों लगा है इंतजार का पहरा

मांगी गई थीं। बागवानों ने सभी आवश्यक दस्तावेज एचपीएमसी में जमा करवा दिए। इसके बाद सरकार की ओर से जिन बागवानों को नोटिस जारी किए गए, उन्होंने भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके जवाब दे दिए। यानी भुगतान से जुड़ी सरकार की ओर से मांगी गई तमाम औपचारिकताएं बागवान पूरी कर चुके हैं। इसके बावजूद उनकी सेब की बोरियों का पैसा जारी नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

उन्होंने पूछा कि जब बागवानों की ओर से किसी तरह की औपचारिकता अधूरी नहीं छोड़ी गई है तो फिर उन्हें अपने ही पैसे के लिए दर-दर इंतजार क्यों करना पड़ रहा है? भाजपा नेता ने प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की कि एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब की बोरियों के लंबित भुगतान को लेकर स्थिति सार्वजनिक की जाए। सरकार केवल आश्वासन देने के बजाय स्पष्ट समयसीमा घोषित करे और बताए कि बागवानों के खातों में उनका बकाया पैसा किस तारीख तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने कहा कि बागवान पूरे साल कठिन परिस्थितियों में मेहनत करके सेब की फसल तैयार करते हैं। ऐसे में उनकी उपज खरीदने के बाद भुगतान लटकाए रखना उनके आर्थिक हितों के साथ न्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को बागवानों की परेशानी समझते हुए बिना किसी और देरी के लंबित भुगतान जारी करना चाहिए, ताकि प्रदेश के सेब उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल मिल सके।

# कबाड़ से बनाए उपयोगी उत्पाद, चार तरह से कचरा बांटने का दिया संदेश



कबाड़ से तैयार उत्पादों के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं।

अनंत ज्ञान

**नेरवा।** नगर पंचायत चौपाल की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 'कबाड़ से जुगाड़' एवं चार डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उपाध्यक्ष ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में हुए शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बेकार प्लास्टिक और अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

नगर पंचायत की सामुदायिक संगठनकर्ता किरण ठाकुर और सफाई पर्यवेक्षक विकास ने लोगों को कचरा पृथक्करण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों में कचरे को चार श्रेणियों में अलग रखना जरूरी है। इनमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी वेस्ट और ई-वेस्ट शामिल हैं। उपाध्यक्ष ऊषा शर्मा और पार्षद सत्या मधाइक ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कबाड़ से उपयोगी वस्तुएं बनाना पर्यावरण संरक्षण के साथ महिलाओं की आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने की अपील की।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में 850 करोड़ के विकास कार्य प्रगति पर : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई के उबादेश क्षेत्र को विकास की दो बड़ी सौगातें मिली हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को 1.21 करोड़ रुपये की रामनगर खड्ड-खोला कुइनल उठाऊ पेयजल योजना और 87.34 लाख रुपए की लागत से बने लखवी-शर्मुखर संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में पेयजल सुविधा बेहतर होने के साथ आवागमन भी सुगम होगा।



विकास कार्यों का लोकार्पण करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, साथ हैं विधायक कुलदीप सिंह राठौर।

रोहित ठाकुर ने बताया कि पेयजल योजना से खोला कुइनल सहित ग्राम पंचायत नगाण के आसपास के गांवों को लाभ मिलेगा। वहीं, नए संपर्क मार्ग से ठियोग और कोटखाई क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक जलस्रोतों पर बढ़ते

### ◆ उबादेश को पेयजल योजना और सड़क की दी सौगात जल्द 1000 करोड़ तक पहुंचेगा विकास का आंकड़ा

दबाव और बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते नई पेयजल योजनाओं का निर्माण जरूरी है।

उन्होंने बताया कि 38.08 करोड़ रुपए की पब्बर नदी उठाऊ पेयजल योजना पहले ही जनता को समर्पित की जा चुकी है। करीब 17 किलोमीटर लंबी इस योजना से 23 पंचायतों को लाभ मिल रहा है। अन्य पेयजल और सिंचाई परियोजनाओं पर भी काम जारी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि लखवी-शर्मुखर सड़क बनने से शर्मला पहुंचने की दूरी कम होगी। पहले लोगों को छैला होकर जाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में सड़क और भवन निर्माण पर करीब 850 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। जल्द यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

इस दौरान ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने शर्मला स्थित डोम देवता मंदिर में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। रोहित ठाकुर ने कहा कि डोम देवता कोटखाई और ठियोग क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था के केंद्र हैं। वहीं, राठौर ने शर्मला को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

## सोनिया गांधी की आत्मकथा को राजनीतिक चश्मे से देखना अनुचित

# कंगना के आपत्तिजनक बयान पर भाजपा चुप क्यों? : नरेश चौहान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की ओर से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और उनके परिवार को लेकर की गई टिप्पणियों को आपत्तिजनक करार देते हुए भाजपा नेतृत्व से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है।



उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा अपने सांसद के इस तरह के बयानों का समर्थन करती है या पार्टी की इस पर कोई अलग राय है? चौहान ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा में जीवन के करीब 60 वर्षों के अनुभव, संघर्ष और व्यक्तिगत घटनाओं को साझा किया है। उन्होंने स्वयं भी स्पष्ट किया है कि पुस्तक को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। ऐसे में भाजपा को इस आत्मकथा से

### ◆ सांसद को विवादित टिप्पणियों के बजाय मुद्दों पर दे ध्यान

परेशानी क्यों हो रही है, यह समझ से परे है। कंगना के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर उन्होंने कहा कि किसी नागरिक की शिकायत पर कानून के प्रावधानों के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। शिकायत करना नागरिक का अधिकार है और पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कदम उठाया है। उन्होंने भाजपा के बदले की भावना से कार्रवाई के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी को पहले यह बताना चाहिए कि वह अपने सांसद की टिप्पणियों को उचित मानती है या नहीं।

नरेश चौहान ने कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें हर मुद्दे पर सुर्खियों में बने रहने की चिंता रहती है, जबकि एक सांसद के रूप में उनकी प्राथमिकता मंडी और हिमाचल प्रदेश की जनता से जुड़े सवाल होने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कंगना बार-बार विवादित बयान देकर राजनीतिक चर्चा में आने का प्रयास करती हैं। चौहान ने यह भी सवाल उठाया कि जब भी कंगना इस तरह की टिप्पणियां करती हैं तो भाजपा का राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व चुप्पी क्यों साध लेता है? क्या यह उनकी व्यक्तिगत प्रचार की रणनीति है या पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, भाजपा को इस पर स्थिति साफ करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की अपनी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और मर्यादाएं हैं। प्रदेश के लोग इस तरह की टिप्पणियों को पसंद नहीं करते और ऐसे बयानों से हिमाचल की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के विभिन्न वर्गों की आवाज उठाते हैं और निडर होकर अपनी बात रखते हैं।

### सोनिया गांधी के संघर्ष का किया उल्लेख

**नरेश** चौहान ने सोनिया गांधी के जीवन के विभिन्न पड़ावों का उल्लेख करते हुए कहा कि कम उम्र में इटली से भारत आईं सोनिया गांधी ने एक अलग संस्कृति और परिवेश में अपना जीवन शुरू किया। इंदिरा गांधी के परिवार की बहू बनने के बाद उन्होंने राजीव गांधी के साथ जीवन की नई शुरुआत की। वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या और वर्ष 1991 में राजीव गांधी की हत्या जैसी दुखद घटनाओं के बाद उन्होंने बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना किया। इसके बावजूद उन्होंने कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने और पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में कांग्रेस और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के नेताओं की इच्छा थी कि सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनें, लेकिन उन्होंने इस पद को स्वीकार नहीं किया। चौहान ने इसे उनके राजनीतिक जीवन का महत्वपूर्ण त्याग बताया।

# दूरबीन से अंतरिक्ष की सैर कर रहे दुर्गापुर स्कूल के स्टूडेंट्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुर्गापुर में स्थापित दूरबीन विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष की दुनिया को करीब से जानने का माध्यम बन गई है। इसके जरिए विद्यार्थी आकाशीय पिंडों और खगोलीय गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर विज्ञान की बारीकियां समझ रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और खगोल विज्ञान के प्रति जिज्ञासा विकसित करने के उद्देश्य से यह दूरबीन स्थापित की गई है। इससे विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी भी मिल रही है।

उन्होंने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र के 13 विद्यालयों के 259 विद्यार्थियों ने दुर्गापुर स्कूल पहुंचकर दूरबीन के माध्यम से खगोलीय गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, अभिभावकों और क्षेत्र



दूरबीन से अंतरिक्ष का अवलोकन करते दुर्गापुर स्कूल के विद्यार्थी।

### ◆ 13 स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया आकाशीय पिंडों का अवलोकन

के अन्य लोगों ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया है। दूरबीन के माध्यम से अंतरिक्ष को करीब से देखने का अनुभव बच्चों में विज्ञान के प्रति नई रुचि पैदा कर रहा है। विद्यालय की यह पहल आसपास के विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान से जोड़ने और विज्ञान शिक्षा को अधिक रोचक एवं अनुभवात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**Before the Court of AC 2nd Grade-Cum-Executive Magistrate Shahpur Distt. Kangra H.P.**

Vimla Rana D/o Late Sh. Bhagat Singh R/o VPO Rehlu Tehsil Shahpur Distt Kangra (H.P) at present W/o Sh. Achhar Singh Rana R/o Vill Thamba PO Durgella Tehsil Shahpur Distt Kangra H.P.

.. *Applicant.*

**V/S General Public & others.**

..*Respondents.*

**Sub:** Application for Permission to enter Birth under section 13(3) of Birth & Death Act 1978 & Revise rules 1986.

Applicant Vimla Rana D/o Lt. Sh. Bhagat Singh R/o VPO Rehlu Tehsil Shahpur Distt Kangra HP at Present W/o Sh. Achhar Singh Rana Vill Thamba PO Durgella Tehsil Shahur Distt. Kangra HP, has moved an application before the undersigned under section 13(3) of Birth & Death Act, 1969 along with affidavits and other documents stating therein that her date of birth is 09/08/1964, but out of ignorance her date of birth could not be entered in the record of Gram Panchayat Rehlu, Tehsil Shahpur, District Kangra (H.P.)

Therefore by this proclamation, the General Public is hereby informed that any person having any objection for the registration of delayed date of birth of Vimla Rana may submit their objections in writing in this court on or before after one month of publication of this notice failing which no objection will be entertained after expiry of date. Given under my hand and seal of the court of this 06-11 -2026

***AC 2nd Grade-Cum-Executive Magistrate Shahpur Distt. Kangra H.P.***

## न्यूज ब्रीफ

### लाहौल-स्पीति में 18 को मनाई जाएगी भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह 18 नवंबर को जनजातीय संग्रहालय के ऑडिटोरियम में होगा। जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ लोकगीत, लोकनृत्य और बुनाई प्रतियोगिता होगी। उत्कृष्ट कार्य करने वालों, बुजुर्गों और महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। सप्ताहभर रक्तदान और स्वच्छता अभियान भी चलाए जाएंगे।

### बंजार-जिभी मार्ग पर आज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रहेगी पाबंदी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** शीतकालीन पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। इसके तहत रविवार से मंगलौर पुल से बंजार और जिभी की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही निर्धारित समय में प्रतिबंधित रहेगी। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 115 के तहत जारी आदेशों के अनुसार सुबह 8 से 11 बजे और शाम 3 से 7 बजे तक मालवाहक एवं अन्य भारी वाहनों पर रोक रहेगी। यह प्रतिबंध 10 जनवरी 2027 तक लागू रहेगा। हालांकि, स्कूल बसों, नियमित बस सेवाओं, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों को छूट दी गई है। प्रशासन ने संबंधित विभागों को साइन बोर्ड और बैरिकेड लगाने तथा पुलिस अधीक्षक को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने वाहन चालकों और पर्यटकों से सहयोग की अपील की है।

### जनवादी महिला समिति ने मनाया बाल दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कुल्लू ने शनिवार को अशोक भवन में बाल दिवस मनाया। इस दौरान चित्रकला, रंगोली, नृत्य, कविता और वीडियो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला अध्यक्ष ममता नेगी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षा, सुरक्षा व समान अवसर मिलने चाहिए। जिला सचिव चंद्रकांता ने बच्चों के अधिकारों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए भेदभाव रहित वातावरण जरूरी है।

### डुघीलग स्कूल ने पूरे किए 100 वर्ष, विधायक सुंदर ने की माता बागा सिद्ध सराय के लिए 5 लाख देने की घोषणाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुघीलग का शताब्दी एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शताब्दी स्मारक का अनावरण और विद्यालय की स्मारिका 'लगधारा' का विमोचन किया। समारोह में पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कार बांटे गए। विधायक ने डैफोडिल ईको क्लब और माता बागा सिद्ध सराय के लिए पांच-पांच लाख रुपये तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# 15 मील में 12 करोड़ से बनेगा बटाहर पुल, विधायक भुवनेश्वर ने किया शिलान्यास

## वामतट के दर्जनों गांवों को मिलेगा राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर संपर्क, ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी राहत

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के 15 मील में करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वाहन योग्य बटाहर पुल का विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शिलान्यास किया। पुल के निर्माण से बाम तट के दर्जनों गांवों को राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा



कि सड़क और पुल ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बटाहर पुल बनने से ग्रामीणों को बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। वहीं, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मनाली विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाएगी।स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण की शुरुआत का स्वागत करते हुए कहा कि बरसात के दौरान आवागमन में पेश आने वाली दिक्कतें पुल बनने से काफी हद तक कम होंगी। इससे गांवों का राष्ट्रीय राजमार्ग से संपर्क मजबूत होने के साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने निर्माण कार्य को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने की मांग उठाई।

### महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करेगा एसटी मोर्चा कुल्लू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से महान जननायक एवं स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर रविवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मनाली स्थित वन्य प्राणी विभाग परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा मनाए जा रहे जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और योगदान को याद करने के साथ जनजातीय समाज की संस्कृति और गौरव को बढ़ावा देना है। एसटी मोर्चा कुल्लू के अध्यक्ष भगवान दास नेगी ने बताया कि जिला भर में कार्यक्रम, गोष्ठियां और रैलियां आयोजित कर लोगों को बिरसा मुंडा के जीवन से अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने 1895 के उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व कर अंग्रेजी शासन, जमींदारी प्रथा और आदिवासियों के शोषण के खिलाफ संघर्ष किया था। उनका जीवन आज भी समाज को प्रेरणा देता है।

# भारत भारती स्कूल में बच्चों ने फैशन शो से बांधा समां



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थी अध्यापकों के साथ नेचर पार्क में पिकनिक मनाने पहुंचे। पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' थीम पर फैशन शो प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विज्ञान और संस्कृति पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं, छठी से बारहवीं कक्षा तक गायन प्रतियोगिता 'गुंजन' और नृत्य प्रतियोगिता 'नृत्यम' आयोजित की गई। नौवीं और दसवीं कक्षा के बीच वॉलीबॉल मैच भी हुआ।

कार्यक्रम में अध्यापकों ने पारंपरिक नाटी, समूह नृत्य और एकल नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। प्रधानाचार्य निरंजन देव शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी और आयोजन की सफलता के लिए शिक्षकों, अभिभावकों तथा साराभाई हाउस का आभार जताया। अंत में विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गईं।

# नग्गर में देशभर के 42 कलाकारों की कलाकृतियों से सजी 'मनाली एग्जीबिट 2', 65 चित्रों की लगी प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में देशभर के 42 प्रतिभाशाली कलाकारों की कलाकृतियों से सजी 'मनाली एग्जीबिट 2' कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। उसारी आर्ट की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रौरिक ट्रस्ट की रूसी क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने किया।

दिल्ली की क्यूरेटर रेवती मौर्य के संयोजन में आयोजित इस प्रदर्शनी में करीब 65 चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े उभरते और स्थापित कलाकारों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इसमें पारंपरिक और समकालीन कला शैलियों के साथ विभिन्न विषयों और माध्यमों पर आधारित कलाकृतियां शामिल हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्य कलाकारों को प्रतिष्ठित मंच उपलब्ध करवाने



के साथ उनकी कला को नए दर्शकों तक पहुंचाना और समाज में कला के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना है। तीन दिवसीय इस आयोजन में कला प्रेमियों, कला संग्रहकर्ताओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारतीय समकालीन कला को करीब से देखने का अवसर मिल रहा है। साथ ही दर्शक कलाकारों से सीधे संवाद कर उनकी रचनाओं के पीछे की सोच और कलात्मक दृष्टिकोण को भी समझ सकेंगे। आयोजकों के अनुसार 'मनाली एग्जीबिट 2' केवल कला प्रदर्शनी नहीं, बल्कि देशभर के कलाकारों की प्रतिभा, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक एकजुटता का उत्सव है। इस मंच के माध्यम से कला, प्रकृति और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को एक साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के क्यूरेटर रेवती मौर्य ने आयोजन के लिए समय और सहयोग देने पर रौरिक ट्रस्ट के निदेशक एवं उपायुक्त कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा तथा ट्रस्ट के प्रबंधन वर्ग का आभार जताया। इस अवसर पर रूसी क्यूरेटर के सहायक दमित्री सुरगिन, विभिन्न कलाकार, पर्यटक और कुल्लू घाटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए 15 नवंबर 2026 तक खुली रहेगी।

# भुट्टिको में मनाई पंडित नेहरू की 137वीं जयंती

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती शनिवार को भुट्टि वीवर्ज हैंडलूम एंड हैडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी (भुट्टिको) परिसर में मनाई गई।

इस समारोह में भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश पंचायत परिषद के महामंत्री राम प्रकाश ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश ने देश के विकास में पंडित नेहरू के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात पंडित नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में बड़े-बड़े उद्योगों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत की एक मजबूत पहचान बनी। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में पंडित नेहरू द्वारा किए गए कार्यों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। वहीं, भुट्टिको सांस्कृतिक दल को अंतरराष्ट्रीय कल्लू दशहरा लोकनृत्य उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सोसायटी की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि भुट्टिको के लोकनृत्य दल ने वर्ष 2019 से पूर्व भी सात बार लगातार पहला स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही समारोह में भुट्टिको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत ग्रेच्युटी राशि प्रदान की गई तथा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और बुनकरों में मिठाइयां बांटी गईं। समारोह के दौरान शमशी मेडिकल ऐड सोसायटी द्वारा रघुनाथ अस्पताल के सौजन्य से एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 80 से अधिक बुनकरों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। इस अवसर पर भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, निदेशक मदन लाल, सोहन सिंह, प्रेम सिंह, आत्मा राम, जोगध्यान, शमशी मेडिकल ऐड सोसायटी के चेयरमैन विजय ठाकुर, प्रमुख सहकार बलदेव ठाकुर, देवी सिंह, ओम चंद, धनी राम, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक सुरती देवी, महाप्रबंधक किशन चंद, दिनेश ठाकुर, कविता ठाकुर, अनुज ठाकुर, महिंद्र सिंह, बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में बुनकर उपस्थित रहे।

# साई स्टार स्कूल का वार्षिक समारोह आज संस्कृति व उत्कृष्टता का दिखेगा संगम

अनंत ज्ञान



समारोह को लेकर रिहर्सल करते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** साई स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर का वार्षिक समारोह रविवार को कुल्लू के अटल सदन में धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह की थीम 'प्रतिभा, संस्कृति और उत्कृष्टता का उत्सव' रखी गई है। स्कूल की प्रधानाचार्या अंजना ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। समारोह से एक दिन पहले शनिवार को नर्सरी से लेकर जमा दो कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अंतिम रिहर्सल की।

शिक्षकों और संगीत विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कुल 35 मंचीय प्रस्तुतियों को अंतिम रूप दिया। समारोह में हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम में कुल्लवी नाटी, किन्नौरी नाटी, शिमला नाटी, कांगड़ी और चंबयाली लोक नृत्य के साथ राजस्थानी, कश्मीरी, नेपाली और दक्षिण भारतीय नृत्यों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं, जमा एक और जमा दो के विद्यार्थी भांगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों में उत्साह भरेंगे। इसके अलावा सेमी-क्लासिकल डांस भी पेश किया जाएगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान, दीप प्रज्वलन, चेयरमैन का स्वागत भाषण और प्रधानाचार्या द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। पीटीए अध्यक्ष भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वर्षभर शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को वार्षिक पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा।

# नशे से दूर रहें युवा, पढ़ाई और खेलों में बनाएं पहचान: भुवनेश्वर गौड़

◆ कटराईं स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी नवाजे

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय कटराईं का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य घनश्याम कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्यातिथि द्वारा प्रदर्शनी दीर्घा में बच्चों की ओर से बनाए गए विभिन्न मॉडल का गहराई से अवलोकन करने के उपरांत प्रधानाचार्य मंगल नेगी ने मुख्य अतिथि का कुल्लवी अंदाज में स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया गया, जिनमें गीत



संगीत और कुल्लवी तथा लाहौली लोकनृत्य प्रमुख रहे। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि आज के समय में स्कूलों के आसपास कई किस्म के असामाजिक तत्व अपनी नजरें जमाए हुए हैं, जो टीनएजर्स को शिकार बनाकर नशे के दलदल में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई, खेलकूद तथा अन्य सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रहने का प्रयास करें और अपने जीवन में अच्छी आदतों को शामिल करें ताकि भविष्य में अपने प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित कर सकें। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ, एसएमसी, पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, तथा वार्ड मेंबर्स विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# नए रथ में विराजमान हुए शमशरी महादेव 18 नवंबर होगी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

◆ कुल्लू के कोटा-धार में जुटेंगे तीन स्थानीय देवता

◆ देव वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं से पहुंचने का विनम्र निवेदन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के तहत कोटा-धार गांव स्थित भगवान शिव शंकर शमशरी महादेव जी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के लिए अपने भव्य रथ में विराजमान हो चुके हैं।

18 नवंबर को कोटा-धार में मंदिर प्रतिष्ठा का यह भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के प्रमुख देवताओं का भी पावन आगमन हो रहा है। समारोह में सोयल से देवता कमीर भक्त जी, सोयल से ही देवता चुली खुरजकोट महादेव जी तथा राजगी से देवता दर्शाई नाग जी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। इन सभी देवी-देवताओं के भव्य मिलन और देव कारज को लेकर स्थानीय ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर के कारदार भोले राम एवं समस्त आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी भक्तजनों को इस शुभ अवसर पर सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कोटा-धार पधारकर मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनें और भगवान शमशरी महादेव जी का पावन आशीर्वाद प्राप्त करें।

# नथान स्कूल में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित



अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नथान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लरांकेलो के प्रधान एवं हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य ऋषि किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पलदन दोरजे और स्टाफ ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सालभर की शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। मुख्य अतिथि ऋषि किशोर ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने, अनुशासन में रहने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान वर्षभर शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से विद्यालय की छात्रा अंशुल को सम्मानित किया गया, जिसने वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय में पूरे हिमाचल प्रदेश में सातवां स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

**सुविधा** अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन स्थापित, डेढ़ साल बाद बहाल होगी सुविधा

# पुरानी एक्स-रे मशीन से आनी अस्पताल को मिली मुक्ति

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पांच दशक पुरानी और लंबे समय से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन के सहारे चल रहे आनी सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को आखिरकार बड़ी राहत मिली है।

अस्पताल में अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन स्थापित कर दी गई है। शनिवार को लगातार दो दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद मशीन की इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सप्ताहभर के भीतर मरीजों को अस्पताल में ही एक्स-रे की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि आनी सिविल अस्पताल में स्थापित करीब 45 वर्ष पुरानी एक्स-रे मशीन खराब होने के बाद एक्स-रे सुविधा लगभग पूरी तरह ठप हो गई थी। हालांकि, टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन अस्पताल पहुंचाई गई थी, जिससे रीढ़ की हड्डी को छोड़कर कुछ



अन्य एक्स-रे किए जा रहे थे, लेकिन यह मशीन नियमित एक्स-रे सुविधा का विकल्प नहीं बन सकी। इस संबंध में अदालत में सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट भी पेश की गई थी, जिसे उच्च न्यायालय ने संतोषजनक नहीं माना था। आनी अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी एक्स-रे सुविधा आखिरकार बहाल होने की दिशा में कदम बढ़ा है। सचेत संस्था लगातार सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मशीन उपलब्ध करवाने की मांग उठा रही थी। वहीं, अधिवक्ता मोनू भारद्वाज ने इस समस्या को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 25 नवंबर तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने तेजी दिखाते हुए अस्पताल को नई एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवा दी।

**70 से 100 किलोमीटर तक का सफर करने को मजबूर थे मरीज :** एक्स-रे सुविधा बंद होने से दुर्घटनाओं में घायल मरीजों और हड्डियों की बीमारियों से जूझ रहे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। जांच के लिए मरीजों को रामपुर, शिमला और निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। कई लोगों को 70 से 100 किलोमीटर तक अतिरिक्त सफर करना पड़ता था। अब नई एक्स-रे मशीन मिलने से क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है।

आनी अस्पताल में आधुनिक एक्स-रे मशीन स्थापित करने की मांग विधायक लोकेंद्र कुमार ने विधानसभा सत्र में, जिला परिषद सदस्य सुनील कुमार और रीमा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाई जाती रही है। बीएमओ आनी डॉ. भागवत मेहता ने बताया कि अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन कुछ दिन पहले ही अस्पताल पहुंच गई थी। दो दिनों की मेहनत के बाद इसे स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर मरीजों को एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# चुनावी गारंटियों से मुकर रही कांग्रेस सरकार: अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान

◆ 28 लाख महिलाओं से वादा, लाभ मिलेगा सिर्फ 3.5 लाख रुपए को



**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में 3.5 लाख महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने और सीमित परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के फैसले पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनावी गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह किया है और अब अपने मूल वादों से पीछे हट रही है।

अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश की 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की सभी 28 लाख महिलाओं को बिना शर्त 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था। इसी तरह 24 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की गारंटी दी गई थी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार प्रत्येक पात्र महिला को अब तक 72 हजार रुपए मिल जाने चाहिए थे, जबकि पांच साल में यह राशि 90 हजार रुपए बनती है। उन्होंने मांग की कि सरकार महिलाओं को 72 हजार रुपए का बकाया भुगतान करे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बार-बार फॉर्म भरवाकर महिलाओं को इंतजार करवाया और अब केवल चुनिंदा महिलाओं को लाभ देने का फैसला किया है। उन्होंने 'मेरा परिवार सुखी परिवार' योजना के सर्वे में भी राजनीतिक भेदभाव का आरोप लगाया। बिजली गारंटी पर उन्होंने कहा कि दरों में बढ़ोतरी से जनता पहले ही परेशान है। अब 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ सीमित परिवारों को देना जनता के साथ वादाखिलाफी है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय क्रिया कुण्डलिनी योग शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महावतार बाबाजी मेडिटेशन सेंटर पालमपुर में चार दिवसीय क्रिया कुण्डलिनी योग शिविर आयोजित हुआ। मुंबई से गुरुजी डॉ. प्रेम निर्मल एवं गुरुमां भारती निर्मल के मार्गदर्शन में ओम प्रेम संघ के 76 साधकों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्राजील, सिंगापुर, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों से साधक पहुंचे। शिविर का शुभारंभ गुरुदेव योगीराज अमरज्योति जी ने किया। 'प्राण, प्रेम, प्रतिभा, प्रज्ञा' विषय पर योग, ध्यान और आत्मिक विकास का मार्गदर्शन दिया गया। गुरुदेव के दिव्य आशीर्वाद से शिविर का समापन हुआ। आयोजन ने प्रेम, शांति, सद्भाव और आत्मिक जागृति का संदेश दिया।

### रिड़कमार कॉलेज में विद्यार्थियों को सिखाए योगासन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक अभिषेक भाटिया ने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने नियमित योगाभ्यास के लाभ बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापकों ने भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी बताया। कार्यक्रम में प्रो. मनोज कुमार, प्रो. हाकम चंद, प्रो. भूपेंद्र सिंह और डॉ. आशा मिश्रा उपस्थित रहे।

### पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने जिला सिरमौर के हाटी किसान संघ को भारत सरकार के पादप किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रतिष्ठित 'प्लांट जीनोम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड' से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। यह पुरस्कार पारंपरिक बीजों, देशी फसल किस्मों तथा कृषि जैव विविधता के संरक्षण में समुदाय के उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जनार्दन सिंह ने हाट्टी किसान संघ, सिरमौर के किसानों तथा इस उपलब्धि से जुड़े सभी वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी।

### ढलियारा कॉलेज में विद्यार्थियों को संविधान और धर्मनिरपेक्षता का पढ़ाया पाठ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में शनिवार को विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता अनूप रत्न ने मुख्य अतिथि तथा बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष रवि पराशर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। अनूप रत्न ने विद्यार्थियों को धर्मनिरपेक्षता, संविधान, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता का महत्व समझाया। उन्होंने सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. सुशील भारद्वाज ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अनुशासन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ खेल मैदान में उतरे युवा सुधीर ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

## वॉलीबॉल, कबड्डी और साइकिलिंग प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

- **धर्मशाला में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन**

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'नशा मुक्त युवा – विकसित भारत' अभियान के तहत आयोजित इन प्रतियोगिताओं में 200 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन साई एनसीओई धर्मशाला और माय भारत कांगड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, रस्सीकूद व साइकिलिंग सहित विभिन्न स्पर्धाएं करवाई गईं। लड़के और लड़कियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं के जोश और खेलों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना समय की जरूरत है। युवाओं को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा व्यायाम और फिटनेस गतिविधियों के लिए जरूर निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक, साई और माय भारत के अधिकारियों सहित युवाओं ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि 100 सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के युवाओं को हर सप्ताह रचनात्मक और खेल गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विधायक ने पदक और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर माय भारत कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा, साई एनसीओई के अनुभाग अधिकारी तुषार, महिला छात्रावास वार्डन नरेश मनकोटिया और सहायक वॉलीबॉल प्रशिक्षक अंजलि सहित अन्य अधिकारी और प्रतिभागी मौजूद रहे।

# सुधीर बोले- चुनावी गारंटियों से पीछे हट रही कांग्रेस सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के आगामी सत्र से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी गारंटियों को पूरा नहीं करने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रदेश की हर महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह और प्रत्येक बिजली उपभोक्ता को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन अब योजनाओं में पात्रता की शर्तें लगाई जा रही हैं।

सुधीर शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब चुनाव के समय सभी महिलाओं और बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने की बात कही गई थी, तो अब पात्र लोगों का चयन क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार घोषणाओं को पूरा करने के बजाय लीपापोती कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने कार्यक्रम में बड़े नेताओं को बुलाने के लिए योजनाओं को लागू करने का दावा कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर लाभार्थियों की स्थिति अलग है।

**अपना कुनबा संभाले मुख्यमंत्री:** कांग्रेस विधायक सुंदर ठाकुर की ओर से इस्तीफे की बात पर सुधीर शर्मा ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सलाह दी कि प्रदेश के राजनीतिक हालात पर बयानबाजी करने के बजाय अपने कुनबे को संभालने पर ध्यान दें।

**ओकओवर से बाहर निकलें सीएम:** सुधीर शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस के विधायक भी अपने कार्यकर्ताओं की नाराजगी जाहिर करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को ओक ओवर से बाहर निकलकर प्रदेश की जमीनी हकीकत समझने की नसीहत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की गतिविधियां आम जनता की वास्तविक समस्याओं से दूर हैं।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी) 2027 के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी https://cbseitms-rcil-gov-in/nvs/AdminCard/Admin2027Card लिंक पर जा सकते हैं। रीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

# चिट्टे के बड़े सप्लाई नेटवर्क पर हो समयबद्ध कार्रवाई : परमार

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने हिमाचल प्रदेश में बढ़ती चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों की समस्या पर चिंता जताते हुए प्रदेश सरकार से प्रभावी एवं समयबद्ध कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि हजारों परिवारों और प्रदेश के भविष्य से जुड़ा गंभीर सामाजिक मुद्दा है। परमार ने कहा कि जब किसी परिवार का युवा नशे की गिरफ्त में आता है तो माता-पिता और अन्य परिजनों को मानसिक एवं सामाजिक पीड़ा से गुजरना पड़ता है। ऐसे युवाओं को अपराधी के रूप में देखने के बजाय उन्हें सही दिशा में वापस लाने के लिए सरकार और समाज को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने चिट्टे के खिलाफ जागरुकता अभियान और नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू की है। इन प्रयासों का स्वागत है, लेकिन सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि नशे की सप्लाई करने वाले बड़े नेटवर्क के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है और इसे समाप्त करने के लिए क्या समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है। परमार ने मंत्रिमंडल द्वारा सभी 12 जिलों में 'खेलो हिमाचल चिट्टा मुक्त अभियान-2026' शुरू करने के निर्णय को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने नशामुक्ति केंद्रों की सुविधाएं मजबूत करने, अभिभावकों के लिए परामर्श व्यवस्था विकसित करने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने की मांग की।

# परागपुर के सरकारी तालाब पर कब्जे की कोशिश बेनकाब

## गैर-सरकारी दखल पर फूटा गुस्सा, प्रशासन करेगा टेकओवर

अनंत ज्ञान



**परागपुर।** देश के पहले धरोहर गांव परागपुर के बीचोंबीच स्थित सरकारी तालाब पर अब मालिकाना हक और नियंत्रण को लेकर सीधा टकराव शुरू हो गया है। सरकारी जमीन पर बनी इस ऐतिहासिक धरोहर की आड़ में एक गैर-पंजीकृत संस्था नहर कमेटी की बढ़ती दखलंदाजी ने पूरे इलाके का पारा चढ़ा दिया है।

स्थानीय निवासी दीपक, संजीव, अजय, राजीव, नरेश, प्रमोद, मनोज, सुरेश और राजेश समेत तमाम ग्रामीणों ने आर-पार के मूड में आते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि जब यह संपत्ति सरकार की है, तो बिना किसी संवैधानिक अधिकार के नहर कमेटी किस हैसियत से तालाब की कमान संभालने का दावा कर रही है। ग्रामीणों ने आरोप जड़ा कि एक तरफ चुनी हुई पंचायत और उपमंडल प्रशासन इस धरोहर को संवारने के लिए सरकारी स्तर पर कवायद कर रहे हैं।

वहीं, दूसरी ओर एक निजी संस्था साफ-सफाई के नाम पर इस बेशकीमती सरकारी संपत्ति पर कब्जा जमाने की फिराक में है। इस गैर-कानूनी दखल के खिलाफ हुई ग्राम सभा की बैठक में भी जमकर हंगामा हुआ और लोगों ने एक स्वर में तालाब को प्रशासनिक नियंत्रण में लेने का प्रस्ताव पारित करने की मांग उठाई। पंचायत प्रधान अभिलाषा शर्मा ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उपमंडल प्रशासन के निर्देशानुसार तालाब के जीर्णोद्धार और मरम्मत बजट को लेकर ग्राम सभा में प्रस्ताव डाल दिया गया है। अब प्रशासन ने भी इस सियासी और गैर-सरकारी दखल पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है, जिससे साफ हो गया है कि सरकारी धरोहर पर किसी भी निजी समिति की मनमानी अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है।

> **परागपुर** का तालाब पूरी तरह सरकारी संपत्ति है, भले ही अभी इसकी साफ-सफाई नहर कमेटी करवा रही हो। प्रशासन इसकी मरम्मत के लिए सरकार से सीधा फंड लाएगा और जल्द ही इस पूरे तालाब को आधिकारिक रूप से टेकओवर कर अपने नियंत्रण में लेगा।'
>
> **-निशांत ठाकुर, एसडीएम, परागपुर।**

# तीसा पुल पर दो युवकों से 765 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान



**तीसा/ चुराह।** जिला चंबा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एसटीएफ की कार्रवाई में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। तीसा-चंबा मुख्य मार्ग पर तीसा पुल के समीप दो युवकों की संदिग्ध गतिविधियों ने पुलिस का ध्यान अपनी ओर खींचा। पुलिस को देखकर दोनों युवकों की घबराहट और भागने की कोशिश ने संदेह को और गहरा कर दिया। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 765 ग्राम चरस बरामद हुई। जानकारी के अनुसार 13 नवंबर 2026 को शाम करीब 7:30 से 8:30 बजे के बीच एसटीएफ की टीम तीसा पुल के समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुल के पास दो युवक खड़े दिखाई दिए। उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम ने उनसे वहां खड़े होने का कारण पूछने का प्रयास किया, लेकिन दोनों युवक सवालों को नजरअंदाज करने लगे। इसी बीच एक युवक के हाथ में बैग देखकर पुलिस को संदेह हुआ। पूछताछ से बचने के बाद दोनों ने हड़बड़ाहट में भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क एसटीएफ टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। इसके बाद बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 765 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 36 वर्षीय हरि लाल पुत्र दुर्गा निवासी गांव कंडोगा, डाकघर जुंगरा, तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है।

# चंबा में कांग्रेस महिला कमेटी का गठन अधर में

## गठन में देरी ने कांग्रेस की संगठनात्मक कार्यशैली पर एक बार फिर खड़े किए सवाल

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों को संगठन की ताकत, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और बूथ स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने की याद आने लगती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या चुनावी तैयारियां केवल अंतिम वर्ष में होने वाली बैठकों और नियुक्तियों तक सीमित रहनी चाहिए? जिला चंबा में महिला कांग्रेस की जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कमेटियों के गठन को लेकर जारी इंतजार ने कांग्रेस की संगठनात्मक कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अब लगभग एक साल का समय शेष है। ऐसे समय में जब कांग्रेस को पांचों विधानसभा क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की जरूरत है, महिला कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा स्पष्ट रूप से सामने नहीं आना चर्चा का विषय बन रहा है। आखिर महिला कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी किस फैसले का इंतजार कर रही है? राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस की एक पुरानी संगठनात्मक समस्या की चर्चा होती रही है—समय पर निर्णय न लेना, नियुक्तियों में देरी और चुनाव नजदीक आने पर संगठन को सक्रिय करने की कवायद। चंबा में महिला कांग्रेस की कमेटियों को लेकर बनी स्थिति ने इसी बहस को फिर सामने ला दिया है। सवाल केवल कमेटी बनाने का नहीं, बल्कि समय पर राजनीतिक जिम्मेदारियां सौंपने का है। संगठन तभी मजबूत होता है, जब कार्यकर्ताओं को चुनाव से पर्याप्त समय पहले जिम्मेदारी मिले और वे जनता के बीच अपनी भूमिका निभा सकें।

### जिला अध्यक्ष और छह ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त तो फिर महिला संगठन में ही देरी क्यों?

**जनवरी** 2026 में प्रदेश कांग्रेस ने संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत चंबा जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सुरजीत भरमौरी को सौंपी थी। इसके बाद अप्रैल 2026 में चंबा जिले के छह ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां भी की गईं। इनमें चंबा, चुराह, भटियात, डलहौजी, भरमौर और पांगी शामिल हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय होने के बावजूद महिला कांग्रेस की जिला एवं ब्लॉक इकाइयों के गठन को लेकर स्पष्ट सार्वजनिक घोषणा सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल चुनावी सभाओं में भीड़ जुटाने और प्रचार अभियान तक सीमित रहेगी या उन्हें संगठन में निर्णय लेने की जिम्मेदारी भी मिलेगी?

### महिला मतदाताओं की होती है अहम भूमिका

**चंबा** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की भूमिका चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल, सड़क, महिला सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याएं ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर महिला कांग्रेस स्थानीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा सकती है। लेकिन इसके लिए केवल प्रदेश या जिला स्तर की घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। पंचायत, ब्लॉक और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सक्रिय महिला नेतृत्व तैयार करना भी जरूरी होगा। 2027 का चुनाव करीब है, लेकिन महिला कांग्रेस की कमेटी के गठन की तारीख अभी भी सवाल बनी हुई है।

### अब सवाल नेतृत्व की जवाबदेही का

**कांग्रेस** के सामने इस समय चुनौती केवल चुनावी समीकरण साधने की नहीं, बल्कि संगठन को समय रहते तैयार करने की भी है। यदि महिला कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी है तो उसके लिए चुनावी वर्ष का इंतजार क्यों? जिला कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को इस दिशा में अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करनी होगी।

### चंबा में नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

# युवाओं को दिया नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** मेरा युवा भारत जिला युवा कार्यालय चंबा की ओर से ब्लॉक चंबा में नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डाइट चंबा की उपनिदेशक उपमा शर्मा तथा प्रधानाचार्य नम्रता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकों की टीम ने 'नशामुक्त युवा' विषय पर जागरूकता व्याख्यान देते हुए युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति न केवल युवा पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

युवाओं को नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम में स्लोगन बॉक्स भी स्थापित किया गया। इसके माध्यम से प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के समर्थन में अपने विचार और संदेश प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। जागरूक, जिम्मेदार और नशे से दूर रहने वाली युवा पीढ़ी ही सशक्त एवं विकसित भारत की मजबूत नींव रख सकती है। मेरा युवा भारत चंबा की ओर से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# आउटसोर्स कर्मचारियों ने उठाई 58 वर्ष नौकरी की सुरक्षा व समान वेतन की मांग

## स्थायी नीति नहीं बनाने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य और नौकरी की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। चंबा में आयोजित हिमाचल प्रदेश संयुक्त आउटसोर्स कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक में कर्मचारियों ने सरकार से 58 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा, समान कार्य के लिए समान वेतन और स्थायी आउटसोर्स नीति लागू करने की मांग बुलंद की। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर के आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

बैठक की अध्यक्षता संघ के संयोजक अश्वनी शर्मा एवं सह-संयोजक सोहन लाल तुलिया ने की। जिला अध्यक्ष ललित शर्मा और राजेंद्र के विशेष सहयोग से आयोजित इस बैठक में चंबा जिले के विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित शोषण, वेतन विसंगतियों और भविष्य की असुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों ने चिंता जताई कि प्रदेश सरकार की ओर से नई न्यूनतम दैनिक वेतन दरें घोषित किए जाने के बावजूद कई विभागों में इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। इसके चलते हजारों आउटसोर्स कर्मचारी बढ़े हुए वेतन के लाभ से वंचित हैं। संघ ने श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश जारी करने की मांग उठाई, ताकि घोषित न्यूनतम वेतन दरों का लाभ प्रत्येक पात्र कर्मचारी तक पहुंच सके। संघ ने सरकार के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु तक रोजगार सुरक्षा दी जाए। समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाए। कार्यस्थल पर किसी कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में उसके परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त सभी विभागों में नई न्यूनतम वेतन दरों को शीघ्र लागू किया जाए।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न मंचों से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने की बात कह चुके हैं। संघ ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि सरकार अब हजारों कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्पष्ट और स्थायी नीति लागू करेगी। संघ का कहना है कि आउटसोर्स कर्मचारी वर्षों से विभिन्न सरकारी विभागों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके रोजगार और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# तीसरे दिन भी जारी रहा पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का अनशन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पेंशनरों की लंबित मांगों और वित्तीय लाभों के भुगतान को लेकर पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति यूनिट चंबा का अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। 14 नवंबर को आयोजित धरने में विभिन्न विभागों एवं पेंशनर संगठनों से जुड़े कुल 54 सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज करवाकर आंदोलन को समर्थन दिया। इनमें 11 पेंशनर अनशन पर बैठे, जबकि 43 सदस्य बैकअप टीम के रूप में मौजूद रहे। अनशन पर बैठने वालों में शहरी इकाई चंबा के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी अनिल कुमार ब्रह्मोत्रा, वन विभाग इंप्लाइज कल्याण मंच के उत्तम सिंह राणा, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन भटियात के रमेश कलसोत्रा के अलावा बचन सिंह, चमन सिंह, अंग्रेज सिंह, करतार सिंह, राज कुमार, ओम कुमार और कॉरपोरेट सेक्टर से देश राज शामिल रहे।

वहीं, बैकअप टीम में जिला समन्वयक डॉ. डी.के. सोनी, जिला सह-समन्वयक सुरिंदर गुप्ता, एचआरटीसी कल्याण मंच के जिलाध्यक्ष दीवान चंद ठाकुर, विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिलाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा, कॉरपोरेट सेक्टर रिटायरीज कोऑर्डिनेशन कमेटी के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार शर्मा, सनातन धर्म सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश कश्मीरी, सेवानिवृत्त तहसीलदार ओम कुमार गोस्वामी, निक्कू राम दुनिया और भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष बजीर सिंह यादव सहित 43 पेंशनर साथी मौजूद रहे। इस दौरान पेंशनर नेताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय प्रदेश एवं समाज की सेवा में समर्पित किया है। ऐसे में उनकी जायज मांगों और लंबित वित्तीय लाभों की अनदेखी उचित नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पेंशनरों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। समिति ने स्पष्ट किया कि पेंशनरों के सम्मान, अधिकारों और जायज मांगों को लेकर संघर्ष पूरी एकजुटता एवं अनुशासन के साथ जारी रहेगा।

# रामशरण ठाकुर ने शिक्षा मंत्री को बताईं गुवाड़ और भारूथा स्कूल की समस्याएं

## कहीं शौचालय जर्जर तो कहीं बारिश में टपकती है छत

अनंत ज्ञान



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए रामशरण ठाकुर।

**देशराज कश्यप, धरवाला।** जिले के सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए रामशरण ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर विभिन्न विद्यालयों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने शिक्षा मंत्री के समक्ष स्पष्ट रूप से मांग रखी कि विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए जर्जर भवनों, क्षतिग्रस्त शौचालयों और खेल मैदानों की कमी जैसी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। रामशरण ठाकुर ने बताया कि शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुवाड़ का शौचालय जर्जर हालत में है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शौचालय की मरम्मत के लिए शीघ्र बजट उपलब्ध करवाने की मांग उठाई, ताकि बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें।

इसी तरह शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत माध्यमिक पाठशाला गुवाड़ में खेल मैदान का अभाव विद्यार्थियों की खेल गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है। मैदान उपलब्ध न होने के कारण बच्चे कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में समुचित अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के लिए खेल मैदान विकसित करने हेतु धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। वहीं, शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला भारूथा का भवन भी मरम्मत की बाट जोह रहा है। भवन की छत से बारिश के दौरान पानी टपकने के कारण विद्यार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रामशरण ठाकुर ने भवन के जीर्णोद्धार के लिए बजट उपलब्ध करवाकर बच्चों को सुरक्षित कक्षाएं मुहैया करवाने की मांग की। इसके अतिरिक्त शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुंआं में पुराना म्यूजिक सिस्टम बदलकर नया सिस्टम उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए विद्यालय में आधुनिक म्यूजिक सिस्टम की सुविधा होना आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना के आवेश को मिला इमर्जिंग आर्किटेक्ट अवॉर्ड-2026

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना निवासी आर्किटेक्ट आवेश पराशर को वास्तुकला एवं निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'इमर्जिंग आर्किटेक्ट अवॉर्ड-2026' से सम्मानित



किया गया। उन्हें यह सम्मान 13 नवंबर को शिमला के रेडिसन होटल में आयोजित आईसीआई-अल्ट्राटेक स्ट्रक्चर अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया। भारतीय कंक्रीट संस्थान के शिमला केंद्र की ओर से आयोजित समारोह में पूर्व मुख्य सचिव डॉ. प्रबोध सक्सेना मुख्यातिथि रहे। आवेश पराशर को वास्तुकला, इंटीरियर डिजाइन, भवन नियोजन और ग्रीन बिल्डिंग कंसल्टेंसी के क्षेत्र में करीब दो दशक का अनुभव है। वह इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त पेशेवर भी हैं। उनकी उपलब्धि से ऊना सहित पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है।

### विवेक शर्मा ने बीफार्मा छात्रा को भेंट किया लैपटॉप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने नंगल सलांगढ़ी की बीफार्मा



छात्रा कुसुम कुमार को पढ़ाई के लिए लैपटॉप भेंट किया। कुसुम पुत्री कश्मीर सिंह को उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए इसकी आवश्यकता थी। विधायक ने कहा कि संसाधनों की कमी से किसी होनहार विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए हरसंभव सहयोग उनका संकल्प है। लैपटॉप मिलने पर कुसुम के परिवार ने विधायक का आभार जताया।

### वशिष्ट स्कूल में 80 के दशक की थीम ने ताजा की यादें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बाल दिवस पर किंडरगार्टन के बच्चों के लिए 80 के दशक की थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंजलि वशिष्ट की देखरेख में हुए आयोजन में पुरानी संस्कृति और जीवनशैली की झलक दिखाई गई। स्कूल परिसर में पुराने टीवी, रेडियो, टेलीफोन, कैसेट्स, खिलौने और लकड़ी के संदूक प्रदर्शित किए गए। पंजाबी कॉर्नर में चारपाई, चूल्हा, चक्की और मिट्टी के बर्तनों से ग्रामीण जीवन को दर्शाया गया। इस दौरान माताओं और बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस, ब्लाइंडफोल्ड गेम सहित कई मनोरंजक गतिविधियां करवाई गईं। अभिभावकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे पुरानी यादें ताजा हो गईं। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की।

### दिसंबर में सजेगा कुटलैहड़ खेल महाकुंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए दिसंबर में खेल महाकुंभ आयोजित होगा। हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर डिंपल ने बताया कि बंगाणा में होने वाली प्रतियोगिता में 12 से 30 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक और आधुनिक खेलों को शामिल किया जाएगा। विजेताओं को मेडल और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन के लिए दस दिनों के भीतर विशेष कमेटी गठित होगी। राजेंद्र ठाकुर ने युवाओं से नशे और सोशल मीडिया की लत से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आयोजन में सहयोग की अपील की।

### मेजर पटियाल ने स्वयंसेवियों में जगाया देशसेवा का जज्बा

**अनंत ज्ञान, घनारी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मेजर लखविंद्र सिंह पटियाल ने स्वयंसेवियों को सेना में भर्ती और अधिकारी बनने के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने एनडीए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया और युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। मेजर पटियाल ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास जरूरी हैं। जीवन का उद्देश्य केवल पैसा कमाना नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा भी होना चाहिए। प्रधानाचार्य ललित मोहन ने उनका आभार जताया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने बोटेनिकल गार्डन में श्रमदान कर सफाई भी की।

# संघनेई में आग की भेंट चढ़ा सैलून लगभग दो लाख का नुक्सान

## शॉर्ट सर्किट की आशंका, 40 हजार नकदी सहित सामान जलकर राख



अनंत ज्ञान

**घनारी।** गगरेट क्षेत्र के गांव संघनेई में आग लगने से रॉयल ब्रदर सैलून पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में सैलून मालिक मनीष कुमार को करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

मनीष कुमार ने बताया कि वह रोजाना की तरह रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पहुंचने पर शटर पर कालिख देखकर उन्हें शक हुआ। साथ लगते दुकानदार की मदद से शटर खोला तो अंदर सारा सामान जला हुआ मिला।

उन्होंने बताया कि आग से करीब 40 हजार रुपए की नकदी और 1.60 लाख रुपए का सैलून का सामान राख हो गया। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

घटना की सूचना मिलने पर गांव के उपप्रधान संदीप मिट्ठू ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की उम्मीद जताई है।

### वैदिक पुस्तकालय अंब को नरेश जसवाल ने भेंट कीं पुस्तकें

**अनंत ज्ञान, विवेक शर्मा, अंब।** अंबोटा निवासी नरेश जसवाल ने वैदिक पुस्तकालय अंब के लिए महान पुरुषों के जीवन, विचारों और आदर्शों पर आधारित पुस्तकें सप्रेम भेंट कीं। उनके इस योगदान से पुस्तकालय के संग्रह में वृद्धि होगी और पाठकों को महापुरुषों के जीवन दर्शन एवं विचारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर वैदिक चेतना एवं सेवा समिति के सदस्य तरसेम शर्मा और रमेश चन्द कौल ने नरेश जसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण और वैचारिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महापुरुषों के जीवन से जुड़ा साहित्य युवाओं को अच्छे संस्कार और समाजसेवा की प्रेरणा देता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मन्हास और पूर्व विधायक बलवीर चौधरी ने भी इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय समाज में ज्ञान और सकारात्मक विचारों के प्रसार का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। समिति ने समाज के अन्य लोगों से भी पुस्तकालय के विकास में सहयोग देने की अपील की।



# युवा नशे से दूर रहकर खेलों में बनाएं पहचान : अशोक शर्मा



अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** बंगाणा में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि आरएसएस प्रमुख एवं राम सिंह मेमोरियल के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को चिट्टे जैसे घातक नशे से दूर रखने की सार्थक पहल हैं। प्रतियोगिता में प्रदेश की 20 टीमों के 356 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

अशोक शर्मा ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी बच्चों को खेल गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं सोनी जूलर्स के सीएमडी संजीव सोनी ने की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने में समाज की भागीदारी को जरूरी बताया। इस अवसर पर वीरेंद्र कंवर, राजेंद्र रिंकू, मदन राणा, चंचल बाला, मदन गोपाल, शशि राणा, मन्नू पटियाल, दीपांकर सिंह कंवर सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

◆ बंगाणा में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू, 356 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को गति देने में जुटी कांग्रेस

## विधायक विवेक शर्मा ने ली समीक्षा बैठक, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय जोगी पंगा में विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस के 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की समीक्षा करने के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।

विधायक विवेक शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता से सीधे जुड़ाव पर निर्भर करती है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आम लोगों तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखना जरूरी है। इस अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती भी मनाई गई।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिंका, महासचिव रमेश बंगा, रमन शर्मा, जिला कांग्रेस महासचिव गोपाल सैनी, कंचन देवी, उर्मिला शर्मा, देशराज मोदगिल, ज्ञानचंद शर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसएसआरवीएम में 'इनोविस्टा-2026' की धूम, 350 मॉडल किए प्रदर्शित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल दिवस के अवसर पर एसएसआरवीएम में 'इनोविस्टा-2026' अंतरविषयक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें करीब 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 350 मॉडल प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता इंजीनियर अभिषेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू की प्रो. वैशाली, प्रो. अमिता, प्रो. श्वेता शर्मा और प्रो. पूजा ठाकुर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए मौलिक सोच विकसित करने और नए विचारों को साकार करने का आह्वान किया। विद्यालय के एमडी सुमेश कुमार शर्मा ने विज्ञान के रोचक प्रयोगों का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने में सहायक हैं। अंत में एमडी सुमेश कुमार शर्मा और प्रधानाचार्य बृज बाला शर्मा ने प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजन समिति को बधाई दी।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में बाल दिवस पर खेलों की धूम

अनंत ज्ञान



**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। खेलों से आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में ऑब्स्टेकल रेस, हुला हूप रेस, बैलून बैलेंस रेस, कोन एंड रिंग रेस, हर्डल रेस, बोट रेस, शटल रेस और लेमन रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसके अलावा म्यूजिकल चेयर, कलर जंपिंग चैलेंज, बैलून रिंग गेम और पास द बॉटल जैसी मनोरंजक गतिविधियों में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

ऑब्स्टेकल रेस में लड़कों के वर्ग में आदित्य और लड़कियों के वर्ग में आरुही ने पहला स्थान हासिल किया। पूरे दिन विद्यालय परिसर में खेलों और मनोरंजन का माहौल बना रहा। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करना था।

# टिहरी में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

## बीडीओ संजीव पुरी ने ग्रामीणों को बताईं सरकारी योजनाएं



अनंत ज्ञान

**झंडूता।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के तहत झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत डूडियां के टिहरी गांव में आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र में जनजातीय आबादी होने के चलते कार्यक्रम में डूडियां पंचायत के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीव पुरी ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। संजीव पुरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के पात्र एवं जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी रखें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएं।

साथ ही उन्होंने लोगों को स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और विकास के अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा।

# नेहरू के दूरदर्शी सोच ने रखी आधुनिक भारत की मजबूत नींव : राजेश धर्माणी

## कठलग स्कूल में वार्षिक समारोह में सात विद्यालयों के मेधावी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक सोच और विकासोन्मुखी नीतियों ने स्वतंत्रता के बाद भारत के नवनिर्माण की मजबूत आधारशिला रखी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, उद्योग, कृषि, ऊर्जा और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता देकर देश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठलग में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के सात विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री ने कहा कि नेहरू बच्चों को देश का भविष्य मानते थे। उनका मानना था कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नेहरू के कार्यकाल में आईआईटी, एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना तथा भिलाई, दुर्गापुर और राउरकेला जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों के विकास को गति मिली। भाखड़ा-नांगल जैसी बहुउद्देशीय परियोजनाओं ने देश में सिंचाई और विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नए अवसर पैदा किए। इन संस्थानों और परियोजनाओं ने आधुनिक भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का दिन भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमाचल के पहले संगठित डॉन्की फार्म का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज कंदरौर में आयोजित डेयरी कॉन्क्लेव-2026 के तहत डेयरिका फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित हिमाचल प्रदेश के पहले संगठित डॉन्की फार्म का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गधा पालन और गधे के दूध के उत्पादन पर आधारित यह अपने किस्म का अनूठा स्टार्टअप है, जिसमें भविष्य में स्वरोजगार और व्यावसायिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में अभी काफी शोध और वैज्ञानिक अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गधे के दूध की मांग विशेष रूप से फार्मास्युटिकल और स्किन केयर उद्योग में है। गधे के दूध में लैक्टोज, व्हे प्रोटीन तथा लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे जैविक घटक पाए जाते हैं, जिसके कारण इसे विशेष उत्पाद के रूप में देखा जाता है।

### पंचायतों में कल से होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर जिला बिलासपुर की सभी ग्राम पंचायतों में 16 से 18 नवंबर, 2026 तक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन विशेष ग्राम सभाओं में योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के चयन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों की सूची का अनुमोदन किया जाएगा। उपायुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए जिले के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विशेष ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है। ग्राम सभाओं में योजना के लिए निर्धारित पात्रता के आधार पर लाभार्थियों के चयन पर विचार-विमर्श किया जाएगा, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथियों के अनुसार विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने पात्र ग्रामीण परिवारों से भी इन बैठकों में भाग लेने की अपील की है, ताकि लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# घुमारवीं में 80 बच्चों को बांटे स्कूल बैग

## छत, पलासला और गुग्गा मोहड़ा में 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के छत, पलासला और गुग्गा मोहड़ा में आज 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 80 बच्चों को स्कूल बैग और किताबें वितरित की गईं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। छत में आयोजित कार्यक्रम में प्रेम चंद, सेवानिवृत्त ईटीओ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, पलासला और गुग्गा मोहड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत पलासला के उपप्रधान अभिषेक मुख्य अतिथि के रूप में

◆ बच्चों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास

उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्कूल बैग और किताबें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक आशीष ठाकुर ने बताया कि 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों के प्रति भी जागरूक किया जाता है, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

**सियासत** भाजपा-कांग्रेस में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त, टिकट आवंटन बनेगा दोनों के लिए बड़ी चुनौती

# झंडूता में दिलचस्प रहेगी टिकट की जंग

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के झंडूता विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। चुनाव में भले ही अभी समय हो, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के भीतर टिकट को लेकर राजनीतिक समीकरण बनने शुरू हो गए हैं। दोनों ही दलों में कई नेता अपनी-अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुटे हैं।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र (गेहडवी) पिछले करीब 20 वर्षों से भाजपा का मजबूत राजनीतिक गढ़ बना हुआ है। ऐसे में भाजपा के सामने जहां अपनी इस परंपरागत सीट को बरकरार रखने की चुनौती होगी, वहीं कांग्रेस इस बार सत्ता की राह आसान बनाने के लिए किसी ऐसे चेहरे पर दांव खेलना चाहेगी, जो भाजपा के मजबूत संगठन और चुनावी रणनीति को चुनौती दे सके।

### भाजपा में चार प्रमुख चेहरे टिकट की दौड़ में




**भाजपा** की ओर से वर्तमान विधायक एवं पूर्व आईएएस अधिकारी जीत राम कटवाल सबसे प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। वह दो बार विधायक रह चुके हैं और क्षेत्र की राजनीति में उनका अपना प्रभाव है। उनके समर्थक उनके प्रशासनिक अनुभव और विकास कार्यों को उनकी सबसे बड़ी ताकत मानते हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग झंडूता से सेवानिवृत्त पूर्व एक्सईएन रतन देव भी भाजपा टिकट के मजबूत दावेदारों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद वह समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। इसके अलावा पूर्व विधायक रिखी राम कौंडल के पुत्र राज कुमार कौंडल का नाम भी टिकट की चर्चा में शामिल है। राजनीतिक पृष्ठभूमि और परिवार के पुराने जनाधार को उनकी ताकत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं अमरनाथ धीमान भी लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों में जुड़े हुए हैं। क्षेत्र में उनकी सक्रियता और लोगों के साथ संपर्क उनकी दावेदारी का आधार बन सकता है। भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि पार्टी अनुभव, वर्तमान विधायक के कामकाज, पुराने राजनीतिक परिवार की विरासत या समाजसेवा के माध्यम से अपनी पहचान बनाने वाले चेहरे में से किसे प्राथमिकता देती है।

### कांग्रेस में भी कई चेहरे ठोंक रहे ताल







**कांग्रेस** की बात करें तो यहां भी टिकट के लिए मुकाबला कम दिलचस्प नहीं है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं कांग्रेस प्रदेश महासचिव विवेक कुमार प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। वह पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और पार्टी संगठन में प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। चुनावी अनुभव और संगठनात्मक पहचान उनकी दावेदारी को मजबूत आधार दे सकते हैं। कांग्रेस के लिए यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या पार्टी एक बार फिर पुराने प्रत्याशी पर भरोसा जताती है या किसी नए चेहरे को मौका देती है। वहीं अधिवक्ता सरबजीत सिंह भी लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। सामाजिक गतिविधियों और क्षेत्र के लोगों के बीच संपर्क के आधार पर वह भी टिकट की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। उनका नाम सामने आने से कांग्रेस के भीतर टिकट को लेकर मुकाबला और रोचक हो गया है। कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण और दिलचस्प पहलू पूर्व विधायक बीरू राम किशोर का चुनाव लड़ने का ऐलान है। वह स्पष्ट कर चुके हैं कि पार्टी उन्हें टिकट दे या न दे, वह चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनके इस बयान से झंडूता की राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना है। यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वह कांग्रेस के आधिकारिक प्रत्याशी होंगे, लेकिन यदि टिकट किसी अन्य दावेदार को मिलता है तो उनकी अगली राजनीतिक रणनीति चुनावी मुकाबले को प्रभावित कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### आग से प्रभावित परिवार को मिला मदद का सहारा

**नायब तहसीलदार शकुंतला पटियाल ने प्रभावित परिवार को दो मंजे, गद्दे व कंबल किए प्रदान**



प्रभावित परिवार की मदद को पहुंची नायब तहसीलदार।

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** छोटी दिवाली के अवसर पर शीतला माता मंदिर के समीप एक मकान के कमरे में आग लगने से प्रभावित परिवार को प्रशासन की ओर से राहत सामग्री प्रदान की गई। आग लगने की घटना में कमरे में रखा सामान क्षतिग्रस्त होने से परिवार को नुकसान उठाना पड़ा था। प्रभावित परिवार की सहायता के लिए नायब तहसीलदार शकुंतला पटियाल ने अपने कार्यलय में परिवार को दो मंजे, गद्दे, कंबल और सिरहाने उपलब्ध करवाए। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवार को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। प्रशासन की इस पहल से आग की घटना के कारण प्रभावित हुए परिवार को कुछ राहत मिली है।

### सुरक्षा गार्ड समेत 350 पदों के लिए सिरमौर में होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एसआईएस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) इंडिया लिमिटेड, देहरादून की ओर से सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और जीटीओ के कुल 350 पद भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी देविन्द्र कुमार ने बताया कि 16 नवंबर से 2 दिसंबर तक जिले के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू आयोजित होंगे। इनमें नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई, कमरऊ, संगड़ाह, राजगढ़ और सराहां शामिल हैं। इंटरव्यू का समय सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष, न्यूनतम योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेंटीमीटर और वजन 55 से 90 किलोग्राम होना चाहिए। अभ्यर्थी जरूरी दस्तावेज साथ लेकर पहुंचें। चयनित उम्मीदवारों को पंजीकरण और प्रशिक्षण शुल्क देना होगा। अधिक जानकारी के लिए 8006303900 या 7905086105 पर संपर्क करें। यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा।

### शिलाई में 7650 मीट्रिक टन मलबे की 17 नवंबर को होगी नीलामी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लोक निर्माण विभाग मंडल शिलाई के तहत बड़वास-चौकी मिरगवाल सड़क (एनएच-707) पर भूस्खलन से एकत्रित 7650 मीट्रिक टन मलबे की नीलामी 17 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे तहसीलदार कमरऊ के कार्यालय में होगी। खनन अधिकारी के अनुसार नीलामी की आरक्षित राशि 20.65 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी से पहले मौके पर जाकर सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक बोलीदाता को 10 हजार रुपये सुरक्षा राशि जमा करवानी होगी, जो नीलामी के बाद वापस होगी। सफल बोलीदाता को कुल बोली राशि का 25 प्रतिशत तुरंत और शेष राशि एक माह के भीतर जमा करवानी होगी। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। रॉयल्टी बोली में शामिल होगी, जबकि टीसीएस अलग देना होगा।

### लंबित वित्तीय लाभों को लेकर दूसरे दिन भी डीसी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पेंशनर




**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में पेंशनरों का मांगों को लेकर विरोध जारी है। नाहन में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संघर्ष समिति के बैनर तले सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के बाहर दूसरे दिन भी धरना दिया। समिति के जिला महासचिव प्रीतम चौहान ने आरोप लगाया कि सरकार पिछले चार वर्षों से पेंशनरों की मांगों की अनदेखी कर रही है। दिसंबर 2016 से 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभ, महंगाई भत्ता, ग्रेच्युटी और मेडिकल बिल लंबित हैं। एचआरटीसी पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर ने भी मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने दिवाली पर जारी किस्त में पेंशनरों से भेदभाव का आरोप लगाया। 17 नवंबर तक जिला स्तर पर धरने जारी रहेंगे।

### बाल दिवस की पूर्व संध्या पर अक्षरधाम स्कूल में स्पोर्ट्स मीट, नन्हे खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल दिवस की पूर्व संध्या पर अक्षरधाम पब्लिक स्कूल, मोगीनंद में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स मीट आयोजित की गई। इसमें विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में नर्सरी के 24, एलकेजी के 27 और यूकेजी के 24 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किए। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश सैनी ने बच्चों को बाल दिवस का महत्व बताते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके स्नेह की जानकारी दी। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेलकूद, अनुशासन और अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पुलिस को देखकर भागा युवक 1.20 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत पच्छाद पुलिस ने एक युवक को 1.20 ग्राम चिट्ट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 12 नवंबर को टीम सराहां के समीप गश्त पर थी। इस दौरान सड़क पर खड़ी एक गाड़ी के चालक को हटने का इशारा किया गया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। उसने जेब से एक वस्तु निकालकर सड़क किनारे फेंक दी। पुलिस ने उसे काबू कर वस्तु की जांच की तो उसमें 1.20 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रोबिन शर्मा निवासी गांव धीरथ, तहसील नाहन के रूप में हुई है। गाड़ी से डिजिटल वजन मशीन और 13,500 रुपए नकद भी बरामद हुए। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाहन में रोजाना सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा, जिम्मेदार विभाग बेखबर




**अनंत ज्ञान, एसपी जैरथ, नाहन।** शहर के ऐतिहासिक चौगान के नजदीक रोजाना शाम के समय सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए कोई कदम उठाता नजर नहीं आ रहा है। पानी सड़क पर बहने से जहां पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर जल संरक्षण को लेकर लोगों को बूंद-बूंद पानी बचाने की नसीहत दी जाती है, वहीं दूसरी ओर शहर में रोजाना बड़ी मात्रा में पेयजल सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। पानी के लगातार बहने से सड़क पर फिसलन की स्थिति भी बन रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। लोगों ने जल शक्ति विभाग और संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का जल्द संज्ञान लेकर पानी की बर्बादी रोकने तथा लीकेज को दुरुस्त करने की मांग की है। सवाल यह है कि जब रोजाना सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है, तो इसे रोकने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा?

---

### कालाअंब की प्राइम स्टील में आयकर विभाग की कथित कार्रवाई से मचा हड़कंप

# 3 दिन से फैक्टरी व कारोबारियों के घरों में जांच, 20 से अधिक अधिकारी तैनात

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में आयकर विभाग की कथित कार्रवाई से लोहा कारोबारियों में हलचल मची हुई है। एचएम स्टील से जुड़ी प्राइम स्टील इकाई में पिछले तीन दिनों से केंद्रीय टीम के मौजूद होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि जांच केवल फैक्टरी परिसर तक सीमित नहीं है, बल्कि संबंधित कारोबारियों के आवासों पर भी टीम की पड़ताल जारी है।

सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में 20 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। फैक्टरी परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही नियंत्रित रखी गई है। यह भी चर्चा है कि कार्रवाई शुरू होने के समय फैक्टरी में मौजूद कुछ कर्मचारी और प्रबंधन से जुड़े लोग तीसरे दिन भी अंदर ही हैं। हालांकि इन जानकारियों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

**ऊना की स्टील इकाई में भी आयकर विभाग की जांच की सूचना**

**इस** बीच ऊना जिले की एक स्टील कंपनी में भी शुक्रवार को आयकर विभाग की कथित कार्रवाई की सूचना सामने आई थी। कारोबारी हलकों में दोनों मामलों को आपसी व्यापारिक लेनदेन से जोड़कर देखा जा रहा है, लेकिन इनके बीच किसी संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**जांच के दायरे में खरीद-बिक्री के बिल, बैंक खाते व वित्तीय लेनदेन**

**आमतौर** पर ऐसी जांच में खरीद-बिक्री के बिल, बैंक खाते, स्टॉक रजिस्टर, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की पड़ताल की जाती है। हालांकि प्राइम स्टील में जांच का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

**बढ़ती लागत के बीच विभाग की कार्रवाई से उद्योग जगत चिंतित**

**गौरतलब** है कि हिमाचल का लोहा उद्योग पहले ही कच्चे माल की बढ़ती लागत, महंगी बिजली, परिवहन खर्च और दूसरे राज्यों से प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में आयकर विभाग की कथित कार्रवाई ने उद्योग जगत की चिंता बढ़ा दी है। इस इकाई से सैकड़ों कामगारों, ट्रांसपोर्टरों और आपूर्तिकर्ताओं के हित जुड़े हैं।

*फिलहाल आयकर विभाग ने कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। न ही किसी बरामदगी, कर चोरी या वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई है। जांच के निष्कर्ष सामने आने तक मामले से जुड़ी अन्य चर्चाओं को अपुष्ट ही माना जाना चाहिए।*

---

# 18 साल से खाली शिक्षक का पद छह साल से गणित की पढ़ाई ठप

**शिक्षकों की कमी पर भड़की एसएमसी, धरने की चेतावनी**

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी धीमान सहित इसके अधीन आने वाले अन्य विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई

- **एसएमसी ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को सौंपे कई ज्ञापन**

प्रभावित हो रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने चेतावनी दी है कि जल्द रिक्त पद नहीं भरे गए तो अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के साथ नाहन में शिक्षा उपनिदेशक व निदेशक के कार्यालयों के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

एसएमसी अध्यक्ष नरेश तोमर ने बताया कि कोटी धीमान स्कूल में टीजीटी नॉन मेडिकल का पद जून 2008 से और टीजीटी मेडिकल का पद वर्ष 2025 से रिक्त है। पूरे शैक्षणिक क्षेत्र में करीब छह वर्षों से गणित का अध्यापक भी नहीं है। वहीं, छोउ भोगर स्कूल में टीजीटी मेडिकल तथा क्यारिक और भवाई बालीच में टीजीटी नॉन मेडिकल के पद खाली हैं।

उन्होंने बताया कि कोटी धीमान स्कूल में छठी से जमा दो तक करीब 180 विद्यार्थी पढ़ते हैं। कई विद्यार्थी प्रतिदिन सात से आठ किलोमीटर का सफर तय कर स्कूल पहुंचते हैं। रिक्त पदों को भरने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

**मामला** उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। उम्मीद है कि रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे।

**राजीव ठाकुर, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा नाहन**

---

# ममलीग की पर्वतारोही बलजीत कौर तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित

**बलजीत बोलीं: यह सम्मान वर्षों के संघर्ष, अपनों के विश्वास का प्रतीक**



अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन जिले के ममलीग निवासी अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही बलजीत कौर को राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद बलजीत कौर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल एक ट्रॉफी या उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और उनकी लंबी यात्रा में साथ देने वाले अनगिनत लोगों के विश्वास, आशीर्वाद और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपने मार्गदर्शकों, समर्थकों, मित्रों, परिवारजनों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। बलजीत कौर ने कहा कि सम्मान प्राप्त करते समय भले ही वह मंच पर अकेली खड़ी थीं, लेकिन इस मुकाम तक पहुंचाने में अनेक लोगों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में कई ऐसे कठिन दौर आए, जब मंजिल तक पहुंचना असंभव लगने लगा था। ऐसे समय में परिवार और सहयोगियों के विश्वास, प्रोत्साहन और समर्थन ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। हर प्रार्थना, प्रोत्साहन भरे शब्द और मददगार हाथ ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

*बलजीत कौर ने इस सम्मान को सामूहिक सफलता बताते हुए कहा कि यह उन सभी लोगों का भी सम्मान है, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया और उन पर विश्वास बनाए रखा। उन्होंने सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों का धन्यवाद करते हुए जय हिंद के उद्घोष के साथ देश के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।*

---

# शिव बेकर में 200 बच्चों ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**केक काटकर मनाई खुशियां, दिया नशामुक्ति का संदेश**



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के मालरोड स्थित शिव बेकर में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर 10 किलो का विशेष केक तैयार किया गया, जिसे बच्चों ने मिलकर काटा। बच्चों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया तथा उन्हें पैटीस, पेस्ट्री, चॉकलेट और गुब्बारे वितरित किए गए। कार्यक्रम में जोगेंद्र सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा और नगर निगम सोलन के डिप्टी मेयर गौरव राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिव बेकर के मालिक मुकेश गुप्ता ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। बच्चों ने नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को शिक्षा चुनने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मुकेश शर्मा और गौरव राजपूत ने आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सुमित गुप्ता, अर्पित गुप्ता, विनोद, राजेश, हिमांशु सहित स्कूलों के शिक्षक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मांगों की अनदेखी पर बाघल प्रेस क्लब नहीं मनाएगा राष्ट्रीय प्रेस दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पत्रकारों की लंबित मांगों और प्रदेश सरकार की उदासीनता के विरोध में बाघल प्रेस क्लब अर्की ने इस वर्ष राष्ट्रीय प्रेस दिवस नहीं मनाने का निर्णय लिया है। क्लब अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकार कल्याण बोर्ड गठित करने और पत्रकारों व उनके परिवारों को 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने के कारण विरोधस्वरूप दिवस नहीं मनाया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण रघुवंशी, योगेश शर्मा, योगेश चौहान, शहनाज भाटिया, राकेश कुमार, विनोद शर्मा और नीरज गुप्ता मौजूद रहे।

---

### महिलाओं, किसानों व युवाओं को राहत देंगे कैबिनेट के फैसले

# 3.50 लाख महिलाओं को 1500 देने का फैसला सराहनीय : आर्य

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** प्रदेश कांग्रेस स्टेट पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश आर्य ने मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी

- **300 यूनिट मुफ्त बिजली का फैसला सराहनीय**
- **अदरक और सेब के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों को लाभ**
- **अस्पतालों में 1000 रोगी मित्र और आईटी के 561 पद होंगे सृजित**

परिवार योजना के तहत 3.50 लाख पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने के मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की पेंशन 1050 से बढ़ाकर 1500 रुपए करने के निर्णय को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 से बढ़ाकर 40 रुपए और सी-ग्रेड सेब का खरीद मूल्य 12 से बढ़ाकर 13 रुपए प्रति किलो करना किसानों-बागवानों के हित में है।

दिनेश आर्य ने अस्पतालों में 1000 रोगी मित्रों की नियुक्ति और जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के 561 पद सृजित करने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी, खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान और पुलिस भर्ती परीक्षा ऑफलाइन करवाने के निर्णय को भी युवाओं के हित में बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### 50 के बदले 100 का लालच देकर खिला रहा था जुआ, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सड़क किनारे जुआ खिलाने के आरोप में पांवटा साहिब पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि 12 नवंबर को पुलिस टीम भूपपुर के पास गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि हरप्रीत सिंह भूपपुर फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर राहगीरों को 50 के बदले 100 रुपए देने का लालच देकर जुआ खिला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो वहां मौजूद लोग भाग गए, जबकि आरोपी को काबू कर लिया गया। उसकी पहचान हरप्रीत सिंह निवासी वार्ड नंबर एक, बद्रीपुर, पांवटा साहिब के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2000 रुपए और तीन प्लास्टिक की गिट्टियां बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

### युवाओं के ज्ञान में वृद्धि के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

# गुणात्मक शिक्षा में देशभर में हिमाचल पांचवें स्थान पर पहुंचा : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बदल रही है, ताकि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। वह राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंधन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार के प्रयासों से हिमाचल गुणात्मक शिक्षा में देशभर में पांचवें स्थान पर पहुंचा है। उन्होंने प्रदेश की 99.55 प्रतिशत साक्षरता दर का उल्लेख करते हुए कहा कि हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य बन चुका है। विधायक ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और एनसीसी, एनएसएस, इको क्लब तथा स्काउट एंड गाइड के मार्च पास्ट की सलामी ली।



जनसमस्याएं सुनते विधायक। अनंत ज्ञान

उन्होंने धुंधन पंचायत में विकास कार्यों के लिए अब तक 1.39 करोड़ रुपए स्वीकृत होने की जानकारी दी। साथ ही स्कूल की सुरक्षा दीवार के लिए तीन लाख, मुख्य द्वार की मरम्मत के लिए एक लाख तथा धुंधन व टुइरू में मोक्षधाम निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की। आयोजन समिति को 21 हजार व विद्यार्थियों की मिठाई के लिए 5100 रुपए देने का भी ऐलान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामरतन बंगा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

---

### नाहन मेडिकल कॉलेज की बदहाली पर 15 नवंबर को भाजपा का प्रदर्शन

# रेडियोलॉजी विभाग बंद; छतें टपक रहीं, कांग्रेस सरकार पर बरसे बिंदल

अनंत ज्ञान



नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि नाहन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की लगातार बिगड़ती स्थिति बेहद चिंताजनक है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नाहन अस्पताल का रेडियोलॉजी विभाग बंद पड़ा है और अस्पताल की छतें टपक रही हैं, जिसके कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. बिंदल ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का आलम यह है कि मरीजों को लगातार नाहन से बाहर रेफर किया जा रहा है। आखिर नाहन की जनता को अपने ही शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं? अस्पताल की इस स्थिति से लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इसी जनआक्रोश को आवाज देने के लिए भारतीय जनता पार्टी 15 नवंबर को प्रात: 10 बजे शहीद स्मारक स्थल, नाहन से विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। डॉ. बिंदल ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अस्पताल की बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए सरकार, प्रशासन और स्थानीय कांग्रेस नेताओं को आगाह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नाहन की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए और अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को सुधारना सरकार की जिम्मेदारी है।

**16 को सुबह 11 बजे होगी पेंशनर्स की जिला स्तरीय बैठक**

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की जिला स्तरीय बैठक 16 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन कुश्ती ग्राउंड, नजदीक बस स्टैंड सराहां में किया जाएगा। बैठक में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन/संयुक्त मोर्चा हि.प्र. के राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा, महासचिव हुक्म सिंह ठाकुर सहित राज्य कार्यकारिणी के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों, पेंशन संबंधी समस्याओं और संगठन को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। सराहां यूनिट के अध्यक्ष नरेश दत्त शर्मा और महासचिव प्रमोद गौतम ने सभी सम्माननीय सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे 16 नवंबर को सुबह 11 बजे निर्धारित स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं।

---

# पंडित नेहरू की जयंती पर सोलन में कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



***अनंत ज्ञान, सोलन।*** *पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को सोलन में जिला एवं शहर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेताओं ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आधुनिक भारत की नींव रखने में अहम योगदान दिया। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेहरू के विचार आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के प्रति उनके स्नेह और शिक्षा को राष्ट्र की प्रगति का आधार मानने की सोच को भी याद किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष वर्माणी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत शर्मा, डॉ. कर्नल संजय शांडिल, मुकेश शर्मा, सुरिंदर सेठी, अरुण शर्मा, रोहित शर्मा, दिनेश कश्यप, नवीन वर्मा, दिनेश शर्मा, परमिंदर सिंह, चंदर भानु भांगरा, निशात माकोल और कंचन राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी शहर कांग्रेस महासचिव विजय पूरी ने दी।*

### क्लाउडनाइन ने हंसी और सीखने के यादगार पलों के साथ मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** बचपन की खुशियों और उमंग का उत्सव मनाते हुए क्लाउडनाइन अस्पताल, मोहाली ने बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में बच्चों और उनके परिवारों ने मस्ती, हंसी और यादगार पलों का भरपूर आनंद लिया। 'छोटे-छोटे पल, खुशियां अनगिनत' (लिटिल मोमेंट्स , एंडलेस जॉय ) की थीम पर आयोजित इस समारोह में मोहाली के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। बच्चों के लिए कई रोचक, संवादात्मक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे यह दिन हर बच्चे के लिए खास बन सके।

## खूबसूरत पोल वॉल्टर एलीशा न्यूमैन

**एलीशा** न्यूमैन कनाडा की एक खूबसूरत पोल वॉल्टर और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। उन्होंने 4.85 मीटर के जंप के साथ कनाडाई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। एथलीट होने के साथ-साथ, उन्होंने ओनली फैन्स प्लेटफॉर्म के जरिए अपने ट्रेनिंग खर्चों को पूरा किया था। सोशल मीडिया पर उनके लाखों फैन्स हैं।




# भारत 9वीं बार अंडर-19 एशिया कप चैंपियन

## पाकिस्तान को एक विकेट से हराया, मोहित ने आखिरी गेंद पर लगाया विजयी चौका

**एजेंसी, अल अमीरात**

भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप फाइनल में एक विकेट से हरा दिया। शनिवार को अल अमीरात में भारत ने 9वीं बार यह टूर्नामेंट में जीता।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 337 रन बनाए। उस्मान खान ने 107 रन बनाए। उन्होंने 11 चौके और 3 सिक्स लगाए। अब्दुल कादिर ने 80 रन की पारी खेली। भारत से काव्य पटेल ने 4 और सी. वेंकट ने 3 विकेट लिए।

338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने 80 और आर्यवीर सहवाग ने 58 रन बनाए। मनल चौहान ने 47 रनों की अहम पारी खेली। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 8 रन चाहिए थे। अहमद हुसैन के ओवर की पांचवीं गेंद पर चिगुरुपति वेंकट ने एक रन लिया। इसके बाद आखिरी गेंद पर उल्वा ने लॉन्ग ऑफ के ऊपर से चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। उल्वा ने 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 छक्के और 3 चौके लगाए। जीत के बाद उल्वा मैदान पर तिरंगा लपेटकर दौड़ते नजर आए। भारतीय खिलाड़ियों ने मैदान पर पहुंचकर उन्हें गले लगा लिया। चिगुरुपति वेंकट ने भी नाबाद 11 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से रिजवानुल्लाह ने 3 विकेट लिए, जबकि नियाब शफीक ने 2 विकेट हासिल किए। इस तरह भारतीय टीम ने आखिरी विकेट बचाते हुए एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।




### आर्यवीर सहवाग ने टूर्नामेंट में किया शानदार प्रदर्शन

**पूर्व** भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 एशिया कप 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है। आर्यवीर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पांच मैचों की पांच पारियों में 361 रन बनाए और पाकिस्तान के उस्मान खान को पीछे छोड़ दिया। उस्मान के नाम पांच मैचों में 345 रन हैं। आर्यवीर ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता के साथ बल्लेबाजी की। उनका सर्वोच्च स्कोर 160 रन रहा, जबकि उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 95.50 का रहा। उन्होंने कुल 378 गेंदों का सामना किया और 38 चौके व 16 छक्के लगाए। पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में भी आर्यवीर ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 61 गेंदों में 58 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने नौ चौके लगाए। इस प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपने रनों की संख्या 361 तक पहुंचा दी और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में अभियान समाप्त किया। फाइनल से पहले खेले गए चार मुकाबलों में भी आर्यवीर का बल्ला खूब चला। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 51 रन की पारी खेलकर टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की। इसके बाद नेपाल के खिलाफ नाबाद 70 रन बनाए। आर्यवीर का सबसे बड़ा प्रदर्शन यूएई के खिलाफ देखने को मिला। उन्होंने इस मुकाबले में 160 रन की शानदार पारी खेली।

## आइस हॉकी संघ के एक गुट ने उषा के नामांकन पर दर्ज करवाई आपत्ति

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय आइस हॉकी संघ (आईएचएआई) के एक धड़े ने शुक्रवार को दावा किया कि दिग्गज एथलीट और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा आईएचएआई की सदस्य नहीं हैं और ऐसे में उन्हें महासंघ की ओर से आईओए की आम सभा में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि खेलों में उत्कृष्ट योगदान के आधार पर चुने जाने वाले चार महिला खिलाड़ियों (एसओएम) में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद उषा को बृहस्पतिवार को आईएचएआई ने अपने दो प्रतिनिधियों में से एक के रूप में आम सभा के लिए नामित किया था। इस कदम को आईओए अध्यक्ष के रूप में उनके दोबारा चुनाव लड़ने की संभावनाएं बरकरार रखने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। आईओए के कार्यकारी परिषद के चुनाव पांच दिसंबर को होने हैं। इन चुनावों में आठ एसओएम (चार पुरुष और चार महिला) तथा आम सभा के सदस्य मतदान करने के साथ उम्मीदवार भी बन सकते हैं। आईओए के निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) की ओर से नामित प्रतिनिधि उसी महासंघ का सदस्य होना चाहिए। इसके अलावा, प्रतिनिधियों के नामांकन को मंजूरी देने वाले प्रस्ताव या प्राधिकरण की प्रति भी संबंधित महासंघ को जमा करनी होगी।



## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत के खिलाफ यह हमारी सबसे एकतरफा जीत में से एक थी: यंग

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज विल यंग ने कहा कि न्यूजीलैंड रविवार को पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में भारत के खिलाफ अपनी पिछली शानदार जीत की लय बरकरार रखते हुए पांच मैच की शृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा। भारत फिलहाल शृंखला में 2-1 से आगे है। यंग ने मैच के बाद कहा, ''यह भारत के खिलाफ हमारी सबसे एकतरफा जीत में से एक थी और भारतीय टीम की सबसे बड़ी हार में से भी एक थी। आप कभी इस तरह के रिकॉर्ड बनाने के इरादे से मैदान पर नहीं उतरते लेकिन बाद में इस पर गौर करना अच्छा लगता है।' मैच विजयी शतक लगाने वाले यंग ने कहा कि परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना इस बड़ी जीत की कुंजी रहा। मैंने अपनी पारी की शुरुआत में ऐसा करने में सफलता हासिल की। जाहिर है किस्मत ने भी हमारा थोड़ा साथ दिया लेकिन हमने अच्छी नींव रखी।' यंग ने कहा, ''हमने महसूस किया कि ऑकलैंड और वेलिंगटन में खेले गए शुरुआती दो एकदिवसीय की तुलना में यहां की पिच थोड़ी बेहतर थी और हमने ऐसा स्कोर खड़ा किया जिसे हम प्रतिस्पर्धी मानते थे।'



### तेलंगाना की अंडर-19 क्रिकेटर ने किया सुसाइड, रिश्तेदार के घर लगाई फांसी

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुनी गईं 17 साल की क्रिकेटर नंदिनी ने सुसाइड कर लिया है। वे यहां अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई और क्रिकेट की तैयारी कर रही थीं। इस घटना के विरोध में उनके रिश्तेदारों ने प्रदर्शन किया। घटना शुक्रवार की है। परिजन का आरोप है कि इलाके में रहने वाला युवक अनिल प्यार के नाम पर नंदिनी का पीछा करता था। अनिल का दोस्त कृष्णा उसका साथ देता था। नंदिनी मूल रूप से विकाराबाद जिले के यलाल मंडल के संगयापल्ली गांव की रहने वाली थीं। हाल ही में उनका सिलेक्शन बीसीसीआई अंडर-19 टीम में हुआ था। नंदिनी की मौत के बाद परिजन ने सड़क पर प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों युवकों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद नंदिनी का शव परिवार को सौंप दिया गया। विकाराबाद के सर्किल इंस्पेक्टर रघु के मुताबिक, पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घटना की सूचना मिली। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची। पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### यूएफा नेशंस लीग: नीदरलैंड ने यूनान को 7-0 से रौंदा, जर्मन टीम भी जीती

**एजेंसी, एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने यूएफा नेशंस लीग फुटबॉल मुकाबले में यूनान को 7-0 से करारी शिकस्त देकर नए कोच जावी के मार्गदर्शन में अपना अजेय अभियान जारी रखा जबकि जुर्गेन क्लॉप की जर्मनी की टीम ने सर्बिया को 3-1 से हराया। इन नतीजों से अब ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रहने के लिए दोनों दिग्गज कोच की टीमों के बीच निर्णायक मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड की शानदार जीत में तिजानी रेनडर्स ने हैट्रिक लगाई जबकि ज्यूरियन टिम्बर ने दो गोल दागे। क्रिसेंसियो समरविल ने छठे मिनट में गोल करके नीदरलैंड का खाता खोला। इसके बाद रेनडर्स ने 21 मिनट के भीतर तीन गोल दागे। टिम्बर ने दो और गोल किए जबकि डॉनील मैलेन ने सातवां गोल करके टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। ग्रुप ए2 में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड से जर्मनी तीन अंक पीछे है। दोनों टीम सोमवार को बर्लिन में आमने-सामने होंगी। ग्रुप की शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। नीदरलैंड, जर्मनी और यूनान तीनों के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौका है।

### गलतियों को सुधारकर मजबूती से वापसी करनी होगी: खलिद जमील

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच की सीरीज के दूसरे मुकाबले में उतरेगी तो उसका लक्ष्य ऑकलैंड में मिली हार से उबरकर जोरदार वापसी करना होगा। यह मुकाबला नवनिर्मित वन न्यूजीलैंड स्टेडियम में खेला जाएगा। शहर के मध्य स्थित इस स्टेडियम में 25,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है और यह पूरी तरह से छत से ढका हुआ है। इस स्टेडियम में यह पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबला होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच खालिद जमील ने खिलाड़ियों से अपनी जिम्मेदारी समझने और पहले मैच में मिली हार के बाद बेहतर प्रदर्शन करने की बात की। पहले मुकाबले में फीफा रैंकिंग में 88वें स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड ने भारत को पांच गोल से हराया था। बिजॉय वर्गीस के आत्मघाती गोल के बाद न्यूजीलैंड की ओर से जेसी रैंडल ने दो गोल, क्रिस वुड और लचलान बेलिस ने एक एक गोल किया था।

# वैभव सूर्यवंशी बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान

**एजेंसी, इंदौर**

भारत के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नया सीजन शनिवार से शुरू हो गया। इस टूर्नामेंट में भारत के दिग्गज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा कप्तान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। वहीं, भारतीय टीम से बाहर चल रहे पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 15 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमा दी है।

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बिहार और सौराष्ट्र के बीच मैच खेला जा रहा है। वैभव 15 साल और 232 दिन की उम्र में बिहार की कप्तानी कर रहे हैं। इसके साथ ही वे इस फॉर्मेट में अब तक के सबसे युवा कप्तान बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रोएशिया के जैक वुकुसिक के नाम था।

उन्होंने 7 अगस्त 2025 को साइप्रस के खिलाफ 17 साल और 311 दिन की उम्र में अपनी टीम की कप्तानी की थी। टूर्नामेंट के सबसे युवा शतकवीर: पिछले सीजन महाराष्ट्र के खिलाफ वैभव ने 58 गेंदों में शतक लगाया था। इस पारी के साथ वे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे।




**15 साल 232 दिन की उम्र में बिहार की कमान संभाली**

**बिहार-सौराष्ट्र मैच में बना सूर्यवंशी का यह रिकॉर्ड**

### न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाज बरार टी में शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वहीं, स्पिनर कुलदीप यादव को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वे अब भारत में घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को टीम में बदलाव की जानकारी दी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी वेलिंगटन में टीम से जुड़ गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगा। शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि केएल राहुल उपकप्तान होंगे। गुरनूर बरार न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज में दोनों टीमों की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 3 मैचों में 9 विकेट लिए हैं। गुरनूर बरार न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज में दोनों टीमों की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 3 मैचों में 9 विकेट लिए हैं।

# जापान मास्टर्स : लक्ष्य सेन फाइनल में पहुंचे

## अल्वी फरहान को 3 गेम में हराया, सीजन के दूसरे खिताब से एक जीत दूर

**एजेंसी, कुमामोटो**

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में खेले गए सेमीफाइनल में लक्ष्य ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराया। तीन गेम तक चले इस मुकाबले को जीतने में लक्ष्य को एक घंटा 9 मिनट का समय लगा। अब वे खिताब से एक जीत दूर हैं। फाइनल में उनका सामना कोकी वातानाबे या पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसार्न से होगा।

लक्ष्य ने पहले गेम में शानदार शुरुआत की और 21-12 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में अल्वी फरहान ने वापसी करते हुए 21-15 से गेम अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक गेम में लक्ष्य ने आक्रामक खेल दिखाया और 21-11 से जीत हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

जापान मास्टर्स से पहले लक्ष्य ने जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीता था। फाइनल में उन्होंने इंडोनेशिया के डिफेंडिंग चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराया था। यह इस सीजन का उनका पहला और करियर का सातवां बीडब्ल्यूएफ खिताब था। अब जापान मास्टर्स में भी वे उसी लय को बरकरार रखे हुए हैं।




**हाइलो ओपन जीतकर खत्म किया था खिताब का सूखा**

### बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में प्रवेश की बनी उम्मीद

लक्ष्य सेन ने हाल ही में कोरिया ओपन से नाम वापस ले लिया था। हालांकि, जापान मास्टर्स में उनके प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। अगर वे जापान मास्टर्स का खिताब जीतते हैं तो इस सीजन में उनके नाम दो बीडब्ल्यूएफ खिताब हो जाएंगे।

# भाजपा अरबपतियों को फायदा पहुंचा रही : राहुल

## गिग वर्कर्स की रैली में कहा- आपको मजदूर नहीं, पार्टनर बनाना चाहते हैं

**एजेंसी, हैदराबाद**

राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स के लिए तेलंगाना सरकार की कल्याणकारी योजानाओं की घोषणा की। राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स की रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, 'भाजपा-,स्स गिग वर्कर्स को बंधुआ मजदूर बनाना चाहते हैं। आपसे 24 घंटे काम कराकर अंबानी-अडानी जैसे अरबपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस आपको मजदूर नहीं, पार्टनर बनाना चाहती है।'

तेलंगाना विधानसभा में गिग वर्कर्स कानून 2 जून को लागू हुआ था। इसके बाद से इन्हें कई सुविधाएं दी जा रही हैं। राहुल ने कहा कि एक्सीडेंट होता है, बीमारी होती है, इससे नुकसान होता है। परिवार परेशान होता है। इसलिए तेलंगाना की सरकार हर गिग वर्कर को 5 लाख रुपए एक्सीडेंट बीमा, और 10 लाख रुपए हेल्थ इंश्योरेंस देने जा रही है। उन्होंने कहा कि हर ट्रांजेक्शन में राइड डिलीवरी में 1 प्रतिशत पैसा सीधा आपके बैंक अकाउंट में आपके भविष्य के लिए जाएगा। यह पैसा आपको कंपनी को देना होगा।

**रैली में महिला राइडर के पीछे बैठे राहुल**

रैली में राहुल गांधी महिला राइडर के पीछे बैठे और उनसे बातचीत की। राजस्थान गिग वर्कर्स के लिए कानून बनाने वाला पहला राज्य है। इनके अलावा, कर्नाटक, बिहार और झारखंड में यह कानून बन चुका है।



### काजीरंगा सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 9-9 लाख : सीएम

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने काजीरंगा के रंगाजान में हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 26 लोगों के परिजनों को नौ-नौ लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को दुर्घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये और राजस्व विभाग की ओर से दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पहले ही घोषित दो लाख रुपये की सहायता भी मिलेगी। इस तरह प्रत्येक मृतक के परिजनों को कुल नौ लाख रुपये दिए जाएंगे। डॉ. सरमा ने कहा कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण थे, इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने हादसे में घायल लोगों के उपचार और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराना जरूरी है।

# 2028 के राष्ट्रपति चुनाव से हट सकते हैं जेडी वेंस

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसका असर ये हुआ है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 2028 के राष्ट्रपति चुनाव से अपना नाम वापस लेने पर विचार कर रहे हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के साथ जारी युद्ध, पार्टी के भीतर मतभेद और MAGA आंदोलन के भविष्य को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच जेडी वेंस चुनावी मैदान से हटने पर विचार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जेडी वेंस के करीबियों, सहयोगियों और सलाहकारों समेत कई लोगों से बातचीत में पता चला है कि उपराष्ट्रपति अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। वह इस बात को लेकर भी असमंजस में हैं कि क्या उन्हें अगले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए। हालांकि, वेंस ने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है और राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का विकल्प अभी भी खुला है। लेकिन उनके परिचित लोगों का कहना है कि वह मौजूदा राजनीतिक माहौल और रिपब्लिकन पार्टी के सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर काफी अनिश्चित हैं।



# अमेरिका के एयरपोर्ट्स पर फंसे लाखों यात्री




**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में खराबी के कारण शुक्रवार को 4 घंटे से ज्यादा समय तक विमानों की उड़ानें रोकनी पड़ीं। अमेरिका में अचानक पूरे देश में उड़ानों पर रोक लगा दी गई। इससे एयरपोर्ट्स पर करीब 15 लाख यात्री फंस गए। विमान रनवे के पास खड़े रहे, तो लोग टर्मिनल के अंदर फंसे रहे। इस दौरान ऐसे नजारे भी दिखे, जब कोई म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बजाकर समय बिताता दिखा, तो कोई बच्चों के साथ खेलता नजर आया। कुछ यात्री लैपटॉप पर काम करते दिखे। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 50 अरब डॉलर की मांग की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसके लिए कांग्रेस से 30 अरब डॉलर मांगे हैं।

**फर्श पर बैठकर म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स और बच्चों के साथ पास किया टाइम**

डफी ने कहा कि सिस्टम की छोटी-मोटी मरम्मत के बजाय इसे पूरी तरह आधुनिक बनाने की जरूरत है। पिछले साल कांग्रेस ने इसके लिए 12.5 अरब डॉलर मंजूर किए थे।

**भूकंप** लोग घरों से निकले, स्कूली बच्चों को मैदान में ले पहुंचे शिक्षक

# एमपी के खरगोन में 25 दिन में दूसरा भूकंप

**एजेंसी, खरगोन**

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में 25 दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। शनिवार सुबह 9:15 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 दर्ज की गई। करीब 3-4 सेकंड तक जमीन में कंपन हुआ। भूकंप का केंद्र मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा से लगे सतपुड़ा क्षेत्र में बताया गया है। यह खरगोन जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर और जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

इससे पहले 18 अक्टूबर को दोपहर 12:14 बजे 4.1 तीव्रता का भूकंप आया था। उस समय भी भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। शनिवार को आए झटकों का असर खरगोन, सेंधवा, खंडवा, बुरहानपुर और भीकनगांव के सीमावर्ती इलाकों में महसूस किया गया। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, खरगोन में भूकंप के बाद सुबह 10:29 बजे लेह-लद्दाख क्षेत्र में भी भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 दर्ज की गई।

**4.5 रही तीव्रता , 3-4 सेकंड तक हिली धरती**

सुबह अचानक कंपन महसूस होने पर लोग घबरा गए। दीपक कानूनगो, प्रभुराम मालवी और बसंत सोनी ने बताया कि घर में रखे सोफे अपनी जगह से खिसकने लगे। वे परिवार के साथ तुरंत घरों से बाहर आ गए। सनावद रोड स्थित अविसंस स्कूल में भी कंपन महसूस हुआ। इसके बाद शिक्षक बच्चों को भवन से निकालकर मैदान में ले गए। बाद में उन्हें भूकंप के दौरान बचाव के तरीके बताए गए।



**नुकसान की सूचना नहीं**

**खरगोन** एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने बताया कि जिले के कई इलाकों से कंपन महसूस होने की सूचना मिली है। प्रशासन ने इसकी जानकारी जुटाई है। फिलहाल, नुकसान की सूचना नहीं है। लोगों से सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। वहीं, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा- आज सुबह लगभग 9 बजकर 15 मिनट पर तीन बार झटके महसूस हुए।